श्रीश्रीभगवते गौरचन्द्राय नमः

श्रीनारायणभट्ट-चरितामृतम्

ीगोस्वामि जानकीप्रसादभट्टमहोदयेन विरचितम्

UDIYA MATH
bura (U.P.)



卐

मी (तिथी)
२०१३
त्तिः-१०००
।- ॥)

प्रकाशक—
कृष्णदास बाबाजी
(कुसुमसरोवर वाले)
(मथुरा)

परमाराध्य, संकीर्त्तन प्रचारक, प्रेममयविग्रह, श्रीराधा-
रमणचरणदासदेव (बड़े बाबाजी) के अनुगत,
नित्यधामगत, श्रीगुरुदेव बाबाजिमहाराज
१०८ श्री बाबा रामदासजी के
पुनीत स्मरण में यह ग्रन्थ
समर्पित है।

भूमिका

मध्यकाल में समय पाकर ब्रज-मण्डल के ग्राम, नगर, बन, उपवन, कुन्ज, कुण्ड, तलाब, देवमूर्ति, लीलास्थली समूह जिन्हें श्रीकृष्ण के प्रपौत्र श्रीवज्रनाभ जी ने प्रभु की लालानुसार यथा रूप से यथा स्थान निर्माण करके निश्चित सबका नाम करण किया था वे पुनः लुप्त होकर केवल ध्वंसावकाश एकाकार घोर जङ्गल मे परिणित होगये थे। हम इसका मूल कारण एक मात्र ब्रजविहारि श्री हरि की इच्छा ही मान सकते हैं। वाह्य कारण यह है कि-हिंदूधर्मके विरोधी गजनीपति महमूदादिकने मथुरा मण्डल पर चढ़ाई करके मथुरा-नगरी तथा समस्त ब्रजमण्डल का ध्वंस किया था। पुजारी-सेवक लोग सब म्लेच्छों के भय से कहीं बन के बीच, कहीं कुंआ, नदी या तलाव में कहीं धरती के नीचे देवमूर्तियों को छिपा कर प्राण मात्र ले कर भागे। उस समय म्लेच्छों के प्रलोभन व उत्पीडन से देशवासी प्रायः हिन्दू धर्म्म से बीतश्रद्ध थे। इस प्रकार कुछ समय बीता। इधर ब्रजविहारि श्रीहरि निज आह्लादिनी-शक्ति श्रीराधिका जी के भाव प्रेम का आस्वादन करने के लिये तथा अपने अनर्पित प्रेम महाधनको प्राणी मात्र के लिये प्रदान करने और साथ ही साथ मधुर हरिनाम का जो कि कलियुग का धर्म्म था प्रवर्त्तन कराने के लिये नवद्वीप धाम में गौराङ्ग रूप से प्रकट होकर निज पार्षदों के साथ सङ्कीर्त्तनादिक विविध लीला विनोद कर रहे थे। जब पतितपावन प्रेमावतार प्रभु जीव-उद्धारार्थ सन्यासाश्रम का अवलम्बन कर नीलाचल धाम में विराजित हुए तो आप एक बार ब्रज में पधारे। ब्रज में आकर प्रभु की जो उत्कट प्रेमोन्मादनी दशा हुई उसे अनन्तदेव भी अनन्तकाल पर्य्यन्त वर्णन नहीं कर सकते। निरन्तर हाय हुतास, क्षण-क्षण में मूर्च्छित। तीर्थों का लुप्त होना देखकर आपका हृदय व्याकुल हो गया। फिर भी

सर्व्वज्ञ प्रभु ने ब्रज-भ्रमण किया। वे अनेक स्थानों के भ्रमण के उपरान्त वृन्दाबन में पधारे। वहाँ "इमलीतला" में बैठकर तथा वृन्दाबन में सर्वत्र भ्रमण करते हुए आपने जो वृन्दाबन रस का आस्वादन किया उसे स्वयं शारदा भी कोटि-कल्प पर्य्यन्त वर्णन नहीं कर सकती। साधारण जीवों के द्वारा वह वर्णन अत्यन्त असम्भव है। उनके उत्कट प्रेमोन्माद को देख ब्रज-आगमन के साथी श्रीबलभद्रभट्ट छल बल से नाना बाहनें दिखाकर बृन्दाबनसे बाहर लाये और प्रभु फिर प्रयाग, काशी होकर नीलीचल के लिये चल दिये। परन्तु ब्रज के लुप्ततीर्थों के उद्धार के लिये आपकी तीव्र इच्छा बढ़ने लगी। आपने इस विषय में निज अन्तरङ्ग पार्षद श्रीरूप, श्रीसनातन को योग्य जानकर तथा दोनों में शक्ति का सञ्चार कर लुप्त तीर्थों का प्राकट्य और भक्ति, रस, सिद्धान्तमय ग्रन्थों का निर्म्माण करने की आज्ञा देकर ब्रज के लिये भेजा। दोनों ने ब्रज में आकर वाराह-पुराणादि नाना शास्त्रानुसार तीर्थों को खोजा और अनेक ग्रन्थों का निर्म्माण किया। उनके सहयोग के लिये श्रीजीवादिक गोस्वामीगण भी आने लगे। वृन्दाबन के तीर्थ प्राय एक-एक उद्धार होने लगे और बज्रनाभ के द्वारा स्थापित श्रीगोविन्द, श्रीगोपीनाथ, श्रीमदनमोहनादिक विग्रह सब एक-एक प्राकट्य होकर स्थापित हो गये। इधर अचानक प्रभु की अप्रकट लीला हुई। अव्यवधान कुछ समय के पश्चात् प्रभु-प्रेरणा से प्रेरित होकर महामहिम श्रीनारायणभट्ट गोस्वामीजी भी ब्रज में आये। समस्त इतिहास कारों ने लिखा है कि श्रीचैतन्यमहाप्रभु के शिष्यों ने ब्रज के तीर्थों को प्रकट किया और प्रमुख देवालयों को स्थापना की, किंतु इस कार्य्य का अधिकांशश्रेय नारायणभट्टजी को है। इसके अनेक प्रमाण मिलते हैं। परिशिष्ट देखें। अब हम ब्रजभक्तिविलासदि असंख्य ग्रन्थ के रचनाकार तथा प्रस्तुत इस ग्रन्थके प्रतिपाद्य स्वरूप महामहिम गोस्वामी श्रीनारायणभट्ट जी के विषय में कुछ कहते हैं जो कि उन्हीं भट्टजी की घराने को शिष्य परम्परा में गोस्वामी जानकी

प्रसाद जी के द्वारा रचित प्रस्तुत इस "नारायणभट्टचरितामृत" के आधार पर है। इन्होंने केवल ब्रजतीर्थों का प्राकट्य ही नहीं किया अपितु ब्रज में रासलीलानुकरण का जो कि आजकल की रीति पर चल रहा है उसे सर्व प्रथम प्राकट्य करा कर उसकी धारा को सर्वत्र फैलाया। आज कल ब्रज में तथा अन्यत्र जो रासलीलानुकरण का प्रचलन हो रहा है वह केवल भट्टजी की कृपा से है ऐसा जानना चाहिये। इन्होंने ब्रज की यात्राविधि जो आज कल की रीति पर चल रही है उसे भी सर्व प्रथम आरम्भ किया। यात्रा दो प्रकार की है, बनयात्रा और ब्रजयात्रा। वाराहपुराणादिक विधि से यथा पूर्वक तीर्थों में स्नान, दान, पूजा, भजन, परिक्रमा, स्तुति, उपवास, विश्रामादि करते हुए वनों का भ्रमण बनयात्रा है तथा उक्त प्रकार ब्रज के गाँवों का भ्रमण ब्रजयात्रा है। वैशाख कृष्ण-प्रतिपदा से प्रारम्भ कर श्रावण पूर्णिमा पर्य्यन्त समाप्ति ब्रजयात्रा की विधि है। इसमें परिश्रम नहीं होता है, भाद्र कृष्णाष्टमी से लेकर भाद्र पूर्णिमा पर्य्यन्त बनयात्रा की विधि है। ऐसा ब्रजभक्तिविलास में वर्णन है। भट्टजी ने वैष्णवगणों के साथ इसका शुभ प्रारम्भ किया जिसके लिये "ब्रजभक्तिविलास" और "वृहद्ब्रजगुणोत्सव" नामक दोनों ग्रन्थ का निर्म्माण भी किया। मुख्य रूप बरसाने तथा नन्दग्राम में होरि के समय जो होरी अब तक धारावाहिक रूप से प्रतिवर्ष होती चली आ रही है उसका गौरव बढ़ाने वाले व साक्षात् प्रकट करके देखाने वाले श्रीनारायणभट्ट गोस्वामी जी हैं। ब्रज में जहाँ-जहाँ रासस्थली है जिनका उल्लेख ब्रजभक्तिविलास में बनों के अन्तर्गत तीर्थ प्रसंग में स्थान-स्थान पर किया गया है उन सब स्थलों में भट्टजी ने रासमण्डल, हिण्डोलादिक निर्म्माण करवाये। रासस्थली समूह—राधाकुण्ड, शेरगढ़, ऊँचाग्राम, मयूरकुटी और गह्वरवन, यावट, विहारवन, कोकिलावन, कदम्बवन, स्वर्णवन, प्रेमसरोवर, वृन्दावन, करहेला, पिसाई, परासौलि में तथा अन्य भी रासमण्डल

विद्यमान हैं। अकबर के कोषाध्यक्ष राजा-टोडरमल ने इन सब के बनाने में प्रचुर धन लगाया था। उसने भट्टजी के आज्ञानुसार उनके द्वारा उद्धार प्राप्त यावतीय भग्नदेवमन्दिरों के निर्म्माण और उनमें श्री विग्रहों की स्थापना, तथा कुण्ड-तालाबों के खननादि में भी तथा उनमें फिर से सोपान निर्म्माणादि समस्त ब्रजउद्धार के कार्य्य में व्यय का भार बहन किया।

भट्टजी के द्वारा रचित ग्रन्थ समूह–

(१) ब्रजभक्ति-विलास, (२) ब्रजप्रदीपिका,(३) ब्रजोत्सवचन्द्रिका, (४) ब्रजमहोदधि, (५) ब्रजोत्सवाल्हादिनी, (६) बृहत् ब्रजगुणोत्सव, (७) ब्रजप्रकाश उक्त सात ग्रन्थ आपने श्रीराधाकुण्ड में मदनमोहनजी के समक्ष अपने गुरु श्रीकृष्णदास ब्रह्मचारी जी के निकट लिखे थे। ऊँचेग्राम में रहते समय आप ने और भी ५२ ग्रन्थों का निर्म्माण किया। श्री मध्वाचार्य्य ने पहिले जो मत प्रचलित किया था जिसे श्रीकृष्णचैतन्यमहाप्रभु ने पुष्ट किया और श्री गदाधर पण्डित गोस्वामी तथा उनके शिष्य कृष्णदास ब्रह्मचारीजी ने जिस मत का अनुसरण किया था उस मत को अपने गुरु उन ब्रह्मचारीजी से सीखकर श्रीनारायणभट्ट जी ने उसका विस्तार पूर्वक अपने उक्त ग्रन्थों में लिखा है। अपने ग्रन्थ भक्तिभूषणसन्दर्भ में जीवतत्व,जगत्तत्व,ईश्वरतत्व का निर्णय है। भक्तिविवेक नामक ग्रन्थ में आप ने भजनीय श्रीकृष्ण का निर्णय किया है। उसमें भिन्न-भिन्न प्रकरण है। नामश्रेष्ठनिर्णय, धामश्रेष्ठ निर्णय, भक्तिश्रेष्ठ निर्णयादिक। नामश्रेष्ठनिर्णय में कृष्णनाम की अधिक महिमा, धामश्रेष्ठनिर्णय में ब्रज का श्रेष्ठत्व, भक्तिश्रेष्ठनिर्णय में ब्रजवासियों का श्रेष्ठत्व प्रतिपादित किया गया है। ब्रजोत्सवचन्द्रिका,ब्रजोत्सवाल्हादिनी नामक दोनों ग्रन्थ की प्राचीन हस्तलिखित प्रतियाँ मौजूद हैं। उन दोनों की प्रतियाँ मैंने बरसाने के नित्यधाम प्राप्त गोस्वामी कुञ्जीलालजी के सुपुत्र गोस्वामी श्रीयुगलशास्त्री महाराजके यहाँ देखी है। स्वयं भट्टजी ने

अपने व्रजभक्तिविलास में उन दोनों ग्रन्थ के नाम और उसमें जो विषय उसका निर्देश किया है। उक्त दोनों ग्रन्थ बहुत विशाल हैं तथा इनमें तिथी निर्णय के साथ व्रज में प्रचलित समस्त उत्सवों का सविस्तार वर्णन है। भक्तिरसतरंगिणी में समस्त रसों का सविस्तार वर्णन और अधिकारियों का निर्णय है। रसपद्धति जानने में यह ग्रन्थ बहुत उत्तम है। मैं इस ग्रन्थ को अनुवाद सहित सम्वत् २००४ में प्रकाशित कर चुका हूँ। साधनदीपिका में साधन-रूपा भक्ति का सविशेष निर्णय, वैष्णवों की विधि-निषेध विचार, जन्माष्टमी, रामनवमी, एकादशी प्रभृति व्रतों का सविस्तार वर्णन है। इसकी एक प्राचीन प्रति हमारे पास है। भट्टजी ने श्रीमद्भागवत पर रसिकाल्हादिनी टीका का भी निर्म्माण किया। इसके बनाने की आज्ञा संकेतवट में रासलीला गाने के समय साक्षात् प्रकट होकर स्वयं श्री राधारमणजी ने दी थी। रास-पञ्चाध्यायी अंश की टीका मेरे पास मौजूद है। गोस्वामी युगलशास्त्री-जी के यहाँ दशमस्कन्ध के प्रारम्भ से रासपञ्चाध्यायी पर्य्यन्त की टीका मैंने देखी है। भट्टजी के द्वारा विरचित प्रेमांकुर-नामक नाटक का भी उल्लेख पाया जाता है, जिसमें जन्मादिकलीला, दानलीला, मानलीला, मगरोकनीलीला, परस्पर गाली देने की लीला, भांड़ फोड़नी (मटकी फोड़नी) लीला, हास्य परिहास प्रभृति लीलायें और भी निकुञ्जरचना, निकुञ्जभेद आदिक बहुत बातें वर्णित हैं। बरसाने में भादों में जो बूढ़ी लीला (मटकी फोड़नी) लीला होती है वह इसी ग्रन्थ के आधार पर है। उन्होंने 'वृहत्व्रजगुणोत्सव' नामक विशाल ग्रन्थ की रचना कर जीवजगत का बड़ा भारी उपकार किया। इसके नाम रूप स्वयं आपने व्रजभक्ति विलास में उल्लेख किया है। जिस प्रकार व्रज भक्ति बिलास में देवता, तीर्थों के साथ व्रज के समस्त बनोपवनादिकों के सविस्तार वर्णन हैं ठीक उसी प्रकार व्रज के समस्त ग्रामों की लीला, देवता, तीर्थों के साथ सविस्तर वर्णन है। इसमें २६ हजार श्लोक हैं। हम प्रेमांकुर

नाटक तथा वृहत् ब्रजगुणोत्सव दोनों ग्रन्थ की खोज में हैं। यह दोनों ग्रन्थ मिल जावें तो न जाने जगत् का क्या उपकार हो सकता। 'ब्रज-भक्तिविलास' की संपूर्ति सम्वत १६०६ में श्री राधाकुण्ड पर हुई थी वह बात उक्त ग्रन्थ के परिशिष्ट में स्वयं ग्रन्थकार ने लिखी है। स्वर्गीय, स्वनामधन्य ग्राऊससाहेब ने भी अपनी मथुरा मिमोरियल नामक पुस्तक में उसी समय का उल्लेख किया है।

भट्टजो द्वारा प्राकट्य प्राप्त व स्थापित प्रधान विग्रह समूह--

बरसाना में श्री लाड़िलीजी, ऊँचे ग्राम में बलदेवजी, खायरा में गोपीनाथजी, संकेत में संकेतदेवी और राधारमणजी, शेषशायी में प्रौढ़ानाथ शेषशायीभगवानजी, दाऊजी में बलदेवजी, पेठों में--चतुर्भुजनारायणजी, आदिबद्रीजी, कामेश्वर महादेवादिक। ऐसे ही तो उन्होंने बज्रनाभ कर्तृक स्थापित बलदेवादिक मूर्ति समूह का उद्धार कर अधिकांश ही स्थापित किया था जो कि बहुत काल से लुप्त हो गये थे। उनमें से कुछ तो कुण्डों में से कुछ कुओं में से व कुछ पृथ्वी के नीचे से निकले थे। तीर्थ उद्धार के समय एक लाड़िलेय स्वरूप आपके सङ्ग में थे। जिसे कि गृहावस्थान काल में गोदावरी के तट पर स्वयं श्रीकृष्ण ने प्रकट होकर ब्रजउद्धार की आज्ञा देते समय प्रदान किया था। तीर्थ उद्धार के समय जब भट्ट जी तीर्थों का स्मरण करते हुए ध्यान करते थे, तब वह स्वरूप साक्षात् होकर बोलि कर सुना देते थे कि यहाँ अमुकतीर्थ, अमुक देवता या अमुक कुण्ड हैं। इस विषय में भक्तमाल के टीकाकार प्रियादासजी कहते हैं कि—

"भट्ट श्री नारायण जू भये ब्रज परायण जाँय जाही ग्राम, तहाँ वृत करि ध्याये हैं। बोलिके सुनावें इहाँ अमुकौ स्वरूप है जू लीला कुण्ड धाम स्याम प्रकट दिखाये हैं।" अब यह लाड़िलेय स्वरूप अलवर रियासत के अन्तर्गत नीमराना नामक स्थान पर विराजित है जिसीकी सेवा भट्टजी के घराने के शिष्य परम्परा द्वारा हो रही है।

गुरु परम्परा—श्रीमन्महाप्रभु के पार्षद श्री गदाधर पण्डित गोस्वामी, उनके शिष्य श्रीकृष्णदास ब्रह्मचारीजी हुए। इन्हीं ब्रह्मचारी जी के शिष्य श्रीनारायणभट्ट गोस्वामी थे। इस विषय में भक्तमाल के टीकाकार प्रियादास जी कहते हैं कि 'गुसाईं सनातन जू मदन मोहन रूप माथे पधराये कही सेवा नीके कीजिये। जानौ कृष्णदास ब्रह्मचारी अधिकारी भयो भट्ट श्री नारायण जू शिष्य किये रीझिये' इत्यादि। रीवां-महाराज रघुराजसिंह जी रामरसिकावली के ८४७ पृष्ठ में कहते हैं कि—

कृष्णदास की कथा कहैं, अब अति सुख दाई।
जाहि सनातन रहे पूजते सन्त सनातन॥
मदन मौहनै नाम मूर्त्ती सो पाय प्रेम धन।
पूजन कीन्हों भट्ट नारायण शिष्य भये जिन॥

ब्रजभाषा के श्री चैतन्यचरितामृत में जो कि हाल में प्रकाशित हो चुका है श्री सुबलस्यामजी ने अपनी गुरुपरम्परा उठाते हुए कहा है—

मोहि बल बड़ौ श्रीगुसांई ब्रजपति जू को व्रज में विराजमान सदा अधिकार है। श्रीगोपालभट्ट जू के पद सिर छत्र मेरे ताते ही सन्ताप भाजि गयो निरधार है॥ बाल मुकुन्द भट्ट जू के पद हिय में धारि, श्री युत दामोदर जू देहु रससार है। भट्ट श्री नारायण जू ब्रज के उपासी एक, तिन पर धूरि मेरी जीवनि अधार है॥ प्रणवौं श्री कृष्णदास ब्रह्मचारी अधिकारी मदन गुपाल जू के प्यारे रसरास हैं। महाभाव पगे प्रभु राधिका गदाधर जू दया करो हिये होय चरित प्रकास है॥ इत्यादि॥

प्रस्तुत इस नारायणभट्टचरितामृत में ग्रन्थकार ने श्रीनारायणभट्ट की गुरु व सम्प्रदायप्रणाली का सुन्दर रूप में उल्लेख किया है। तृतीयास्वाद श्लोक ३३ से ५३ श्लोक पर्य्यन्त पृष्ठ ५६-५७-५८ देखिये।

स्थितिकाल—जन्म समय संवत् १५८८ वैशाख शुक्ल पक्ष नृसिंह-जयन्ती दिवाभाग। बारह वर्षकी वयस में पितृव्य शंकरजी से पाण्डित्य लाभ, १६०२ सम्वत् में व्रजागमन तथा गुरु ब्रह्मचारी जी के पास

स्थिति, कुछ दिन उनसे संप्रदाय रहस्य की शिक्षा। १६०६ सम्वत् में ब्रजभक्तिविलास की तथा १६१२ संवत् में ब्रजोत्सवचन्द्रिका की संपूर्ति। १६२६ सम्वत् आषाढ़ शुक्ला द्वितीया में श्रीजी का प्राकट्य। अनुमान १७०० सम्वत् से कुछ पहिले वामनजयन्ती के दिवस तिरोधान का समय है।

इस "श्रीनारायणभट्टचरितामृत" के रचयिता उन्हीं भट्टजी की घराने की शिष्य-परम्परा में गोस्वामी जानकी प्रसाद जी हैं। आप श्रीनारायणभट्टजी के स्वप्नादेश प्राप्त होकर इस ग्रन्थ की रचना करने में प्रवृत्त हुए हैं इस बात को आपने ग्रन्थ के प्रारम्भ में कहा है। आपके पिता का नाम श्रीरघुनाथभट्टगोस्वामीजी हैं, जो कि महाप्रभु के परिकर श्रीरघुनाथभट्टजी से अन्य है तथा श्रीनारायणभट्टजी की वंशपरम्परा में हुए। इस ग्रन्थ के प्रत्येक अध्याय के उपसंहार में आप ने श्रीरघुनाथगोस्वामी के पुत्र करके अपना परिचय दिया है। आपकी वंश परम्परा-(१) श्रीनारायणभट्टजी (२)श्रीदामोदरभट्टजी,(३)श्रीबालमुकुन्दभट्टजी, (४) श्रीगोविन्दभट्टजी,(५) श्रीगोपालभट्टजी,(६) श्रीरघुनाथभट्टजी,(७) श्रीजानकीप्रसादभट्टजी हैं। इस ग्रन्थ का रचनाकाल लगभग १७५० संवत् से लेकर१८००सम्वत् के कुछ पहले इस बीच में है। ग्रन्थकार का जन्म सम्वत् १७२२ में है। यौवन प्रवेश के उपरान्त ही आपने इसका शुभारम्भ किया, ऐसा मान लिया जा सकता है। अनेक ग्रन्थों को समक्ष रख कर इसकी रचना हुई है। अतः यह ग्रन्थ भ्रमादि दोषों से रहित एवं महान् प्रामाणिक रूप है। बहुत दिनों से इसका प्रकाशन करने की महती इच्छा थी। सम्प्रति गुरु-गौराङ्ग की पुनीत कृपा से वह आशा फलरूप में परिणत हुई। परिशेष में वर्षाणा के निवासी गोस्वामी श्रीप्रियालाल जी को हम हार्दिक धन्यवाद देते हैं कि आपने इसकी प्रतिलिपी प्रदान कर हमें उत्सुक किया। अलमति-विस्तरेण।

विनीत-वैष्णवरजःकणप्रार्थी

कृष्णदास.

* श्री रेवतीरमणो जयति *

* श्रीनारायणभट्टचरितामृतम् *

ध्यात्वा बलं स्वहृदि शरदचन्द्रकांतिं
नीलाम्बरं हलधरं मुशलं दधानम् ।
वक्ष्यामि पुण्यचरितं कुलनायकस्य
नारायणस्य मम भास्करनन्दनस्य ॥१॥
नवकुंतलशोभिताननो मृदुहस्ते नवनीतगोलकः ।
कमलायतलोचनो हि मां मृदुहासोऽवतु लाड़िलो बटुः ॥२॥
श्रीमद्ब्रह्मसमुद्भवो मुनिवरो यो नारदाख्यः पुरा
प्रह्लाद-ध्रुव-बादरायणमुखान् भक्तिं हरेः संददौ ।
उद्धर्त्तुं ब्रजमण्डलं भुवि पुनः कृष्णाज्ञया संभव
स्तैलंगद्विजवर्य्यभास्करसुतो नारायणः पातु नः ॥३॥

श्रीश्रीगौराङ्गविधुर्जयति

अब हम ब्रजाचार्य्य, श्रीमन्नारायणभट्ट जी का चरित्र वर्णन करते हैं । शरच्चन्द्रमा के समान कान्ति वाले, नीलाम्बरधारी, हल-मूसल से शोभित श्रीबलदेव जी का अपने हृदय में ध्यान करते हुए कुलनायक, भास्करनन्दन श्रीनारायणभट्ट गोस्वामि के पुण्य चरित को कहते हैं ॥१॥

नवीन केशकलाप से शोभायमान मुख वाले, कोमल हाथों में नवनीत गोलोकधारी, कमल की तरह विस्तार नेत्र वाले, मनोहर हास्यपरायण, लाडिल नामक बालक मेरी रक्षा करें ॥२॥

जिन ब्रह्मपुत्र, मुनिवर श्रीनारदजी ने पहिले प्रह्लाद-ध्रुव-व्यासादिकों को हरि भक्ति का दान किया था, वे फिर अब लुप्त प्राय ब्रजमंडल के उद्धारार्थ श्रीकृष्णचन्द्र की आज्ञा से पृथ्वी में जन्म प्राप्त तैलङ्ग द्विज श्रेष्ठ, भास्करनन्दन, श्रीनारायणभट्ट-गोस्वामी रूप में हमारी रक्षा करें ॥३॥

नारायणप्रयुक्तानां धर्माणां यः प्रवर्त्तकः ।
स गोष्ठभूमिलेखानां गुरुरव्यान्न आदिजः ।
गोस्वामिनं श्री रघुनाथतातं स्मृत्वा हृदि श्री ब्रजभक्तवर्य्यम् ।
तल्लेखमालंब्य च यत्र तत्र वक्तुं प्रवृत्तोस्मि चरित्रवर्य्यम् ॥५॥
श्रीनारायणभट्टो मां स्वप्ने प्राह प्रसन्नधीः ।
पुत्र त्वं मम भक्तोऽसि मच्चरितं प्रकाशय ॥६॥
मया स्वकीयग्रन्थेषु यन्मतं लिखितं स्फुटम् ।
संक्षेपेण त्वया तन्मे लेखनीयं यथामतिः ॥७॥
एवं स्वप्नाज्ञयाहं वै लघुविद्योऽपि भक्तितः ।
तमेव हृदि संचिंत्य श्रीमद्भास्करनन्दनम् ॥८॥
श्रीनारायणभट्टस्य चरितं लोकपावनम् ॥
यथाज्ञायामहं वक्षे हरिभक्तिविबर्द्धनम् ॥९॥
एकदा नारदः श्रीमान् पर्य्यटन्नवनीं प्रभुः ।

श्रीनारायणभट्ट के द्वारा प्रवर्त्तित ब्रज सम्बन्धि धर्म्म के जो प्रवर्त्तक हैं, वे पूर्व्वज, देवदेव, श्रीगुरुदेव हमारी रक्षा करें ॥४॥

ब्रजभक्त श्रेष्ठ, पितृचरण, श्रीरघुनाथ गोस्वामी जी को हृदय में स्मरण करके तथा उनके लेख का आश्रय ले भट्टजी के चरित्र को संक्षेप में कहने के लिये प्रवृत्त हुआ हूँ ॥५॥

एक दिन श्रीनारायणभट्टजी ने प्रसन्न होकर स्वप्न में मुझसे कहा कि-बालक ! तुम मेरे भक्त हो । अतः मेरे चरित्र का प्रकाश करो ॥६॥

मैंने अपने ग्रन्थों में जिन मतों को प्रकट लिखा है तुम मेरे उन मतों को यथा बुद्धि से संक्षेप में वर्णन करो ॥७॥

इस प्रकार स्वप्न में आदेश प्राप्त कर अल्पबुद्धि मैं उन भास्करनन्दन को भक्ति के साथ हृदय में चिन्तन करके हरिभक्ति बढ़ाने वाले, लोकपावन उनके चरित्र को उन्ही की आज्ञानुसार वर्णन करताहूँ॥८-९

एक समय श्रीमन्नारद जी श्रीकृष्णभक्ति में निमग्न हो पृथ्वी पर्य्य-

तीर्थं तीर्थं विचक्राम कृष्णभक्तिपरिप्लुतः ॥१०॥
प्रयागं नैमिषारण्यमयोध्यां द्वारिकां तथा ।
चित्रकूटं नाशिकं च श्रीरङ्गं सेतुबंधनम् ॥११॥
बदरीशं जगन्नाथं यत्र यत्र गतो मुनिः ।
न च तृप्तिं गतो धीमान् सर्वश्रेष्ठं विचिंतयन् ॥१२॥
कृष्णलीलासमाकीर्णं समस्तब्रजमण्डलम् ।
गोपवेषधरो यत्र बालकेलिर्वभौ हरिः ॥१३॥
तमेव हृदि संचिन्त्य मथुरामागतो मुनिः ।
नत्वा स्नात्वा च कालिंद्यां पीत्वा वार्य्यमृतोपमम् ॥१४।
कृष्णप्रसूतिं मथुरां परिक्रम्य पुनः पुनः ।
स्थितो मुहूर्त्तं तत्रैव कृष्णध्यानपरायणः ॥१५॥
प्रतस्थे मौनमास्थाय वृंदारण्यं दिदृक्षया ।
सैव भूमिश्च ते शैलाः कृष्णपादांकविग्रहाः ॥१६॥

रन करते हुए, प्रत्येक तीर्थों में विचरण करने लगे ॥१०॥

प्रयाग, नैमिषारण्य, अयोध्या, द्वारिका, चित्रकूट, नासिक, श्रीरङ्ग-क्षेत्र, सेतुबन्ध, बदरिका, नीलाचल आदिक जहाँ-जहाँ मुनिराज गये उन तीर्थों की सर्व्वश्रेष्ठता का चिन्तन करते हुए वहाँ तृप्ति को नहीं प्राप्त हुए ॥११॥१२॥

आप ने देखा कि, समस्त ब्रजमण्डल श्रीकृष्णलीलाओं के द्वारा व्याप्त है जहाँ गोपवेशधारी,बालकेलिपरायण श्रीहरि सर्वत्र शोभायमान हैं ॥१३॥

उन का ध्यान करते-करते मुनिराज मथुरा में आये तथा श्री मथुरा को नमस्कार कर जमुना में स्नान और अमृततुल्य उसका जल-पान करने लगे। आप कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा की परिक्रमा दे कर ध्यान परायण हो क्षणकाल स्थित हुए ॥१४॥१५॥

इसके उपरान्त वृन्दावन को देखने के लिए चल दिये। वह भूमि

हृदि कृष्णं गता वाह्ये जड़रूपेण संस्थिताः ।
तादृशं हि ब्रजं सर्वं दृष्ट्वा हर्षं गतो मुनिः ॥१७॥
कुंडास्त्वंतर्गता भूमौ लीलास्थानं तथैव च ।
गुप्तं न ज्ञायते लोकैस्तत्रत्यैरपि मानुषैः ॥१८॥
सर्वत्रैव ब्रजो देशो लतावृक्षाकुलो भवत् ।
तत्र योगं समास्थाय कृष्णं दध्यौ धिया मुनिः ॥१९॥
ददृशे राधिकायुक्तं रासमंडलसंस्थितम् ।
पीताम्बरं घनस्यामं परिपिच्छललन्मुखम् ॥२०॥
सुनसं सुभ्रुवं हृद्यं पद्मपत्रारुणेक्षणम् ।
बिभ्राणं कौस्तुभं मालां हार-केयूरभूषितम् ॥२१॥
मुद्रिकावलयोपेतं कटिसूत्रविराजितम् ।
वेणुवाद्यरतं शश्वत् गोपीमंडलमण्डनम् ॥२२॥
तं दृष्ट्वा देवदेवेशं गोपीभावं गतो मुनिः ।
तुष्टाव परया भक्त्या प्रीत्या गद्गदया गिरा ॥२३॥

तथा पर्व्वत समूह श्रीकृष्ण के पादचिन्हों से युक्त थे । हृदय में कृष्णभाव प्राप्त बाहिर जडरूप उस ब्रजमण्डल को देख कर मुनिराज बड़े ही प्रसन्न हुए ॥१६॥१७॥

उस समय ब्रजमण्डल के सभी कुण्ड तथा लीलास्थलियाँ प्रायः अन्तर्ध्यान हो गये थे । उनके लुप्त होने के कारण वहाँ के रहने वालों से भी वे स्थान अगोचर थे । उस समय समस्त ब्रजप्रदेश लता-वृक्षों से आच्छन्न था । मुनिराज योगबल से श्रीकृष्ण का ध्यान करने लगे॥ १८-१९॥

आपने श्रीराधिका से युक्त,रासमण्डल स्थित,पीताम्बरधारी,घनश्याम, मयूरपंख से शोभायमान मस्तक वाले, सुन्दर नासिका तथा भ्रकुटि से युक्त, कमलनयन, कौस्तुभ तथा वनमालाधारी, हार-केयूर-मुद्रिका-बलय आदि से शोभित,कटिसूत्र से सुशोभित,वेणुवाद्य परायण, गोपियों से परिमण्डित, श्रीकृष्ण को देखा ॥२०॥२२॥

नमो ब्रजाधिपतये नमो नित्यविहारिणे ।
श्री राधिकासमेताय गोपीनाथाय ते नमः ॥२४॥
ततः प्रसन्नो भगवान् नारदाय महात्मने ।
शुद्धसत्वस्वरूपाय प्रोवाच प्रीतिमानसः ॥२५॥
दृष्टा मधुपुरी ब्रह्मन् दृष्टं बृंदावनं मम ।
यमुना सरितां श्रेष्ठा दृष्टो गोवर्द्धनो गिरिः ॥२६॥
सर्वे च पर्वता दृष्टाः पादचिन्हांकिता मम ।
ब्रजमण्डलभूगोलं वनान्युपवनानि च ॥२७॥
एतस्मादपरं किंचित् तीर्थं भूमौ न विद्यते ।
मम विग्रहरूपं हि भक्तचित्तहरं परम् ॥२८॥
अत्रैव निवसे ब्रह्मन् न त्यजामि ब्रजं क्वचित् ।
किंतु कालवशाज् जीवा दर्शने नाधिकारिणः ॥२९॥
त्वं तु प्रियतमो भक्तो दर्शनं ते ददाम्यहम् ।
तव किं वर्त्तते चित्ते तद्वदस्व महामुने ॥३०॥

उन देव देवेश को देख कर मुनिराज गोपीभाव को प्राप्त हो गए तथा अत्यन्त भक्ति गद् गद् वाणी से स्तुति करने लगे ॥२३॥

हे ब्रजाधिप ! हे नित्यविहारी ! हे राधिका से युक्त, हे गोपीनाथ ! तुम्हारे लिए नमस्कार है ॥२४॥

भगवान् श्रीहरि उस स्तुति से प्रसन्न होकर शुद्धसत्व-स्वरूप श्री-नारद जी से बोले कि हे ब्रह्मन् ! तुमने मधुपुरी देखी तथा मेरा वृन्दावन भी देखा । यमुना-गोवर्द्धन तथा मेरे पाद चिन्हों से युक्त पर्व्वत समूह, वन-उपवन के साथ समस्त ब्रजमण्डल का अवलोकन किया । पृथ्वी में इस ब्रजमण्डल से बढ़कर और कोई तीर्थ नहीं है । ब्रजमण्डल के ये सब तीर्थ मेरे ही शरीररूप तथा भक्तों के चित्त को हरण करने वाले हैं॥२५-२८

हे ब्रह्मन् ! मैं सर्व्वदा यहाँ निवास करता हूँ तथा क्षणकाल भी इन्हें नहीं परित्याग करता । परन्तु इनका कालचक्र से जीवों को सब

प्रत्युवाच ततो हृष्टो नारदो भगवत्प्रियः ।
त्वया सृष्टं हि देवेश जगत्सर्वं चराचरम् ॥३१॥
त्वमेव जगतां नाथ स्थिति-संहारकारकः ।
स्तान् मोक्षं हि ददासीश भक्ता ये चरणाश्रिताः ॥३२॥
येऽपि मोक्षं न वांछन्ति तांस्त्वं भक्तिं ददासि हि ।
सर्वे भक्ता भवंत्वेते इति ते वर्त्तते हृदि ॥३३॥
एतदर्थं हि भगवन्प्रार्थयामि पुनः पुनः ।
ब्रजभक्त्याश्रयः केचिन्त्वल्लीलादर्शनोत्सुकाः ॥३४॥
त्वामेव चिंतयंत्येते न च मोक्षाभिकांक्षिणः ।
तेभ्यो दर्शय लीलां स्वां प्रत्यक्षो भव केशव ! ॥३५॥
प्रत्युवाच ततो देवो भगवान् भक्तवत्सलः ।
कालोऽप्ययं मया सृष्टश्चतुर्युगप्रवर्तकः ॥३६॥

समय दर्शन नहीं होता है । तुम मेरे प्रियतम भक्त हो । मैंने तुमको दर्शन दिये हैं । अब तुम अपने हृदय की इच्छा को प्रगट करो॥२९-३०

भगवत्प्रिय श्रीनारद यह सुनकर प्रसन्न होकर कहने लगे—हे देवेश ! तुम्हीं से चराचर जगत् की सृष्टि हुई है । तुम जगत् के स्थिति तथा संहार कारक हो । हे ईश ! चरणाश्रित भक्तों को मोक्ष देते हो । जो मुक्ति नहीं चाहते हैं उनके लिये भक्ति देते हो । सब कोई भक्त बने यह आपकी इच्छा रहती है । हे भगवन् ! इसलिये मैं प्रार्थना करता हूँ कि ब्रजभावपरायण कोई-कोई भक्त लीला दर्शन के ही इच्छुक होकर तुमको चिन्तन करते हैं तथा वे मोक्ष को नहीं चाहते हैं । हे केशव ! अतः इनको अपनी लीला दर्शन कराकर साक्षात् रूप में दर्शन दें ॥३१-३५॥

तदनन्तर भक्तवत्सल भगवान् कहने लगे हे नारद ! चतुर्युग सम्बन्धी काल की मैंने ही सृष्टि कि है और जिस जिस समय धर्म्म की ग्लानि होती है उसी समय धर्म्म की रक्षा के लिये युग युग में अवतार

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानि र्भवति नारद ! ।
तस्य संस्थापनार्थाय संभवामि युगे युगे ॥३७॥
स तु कालो व्यतिक्रांतः कलिरद्य प्रवर्तते ।
न च मे दर्शने योग्या नराः पुण्यविवर्जिताः ॥३८॥
तेषामप्युपकारार्थमुपायं ते वदाम्यहम् ।
चतुर्वर्ष-सहस्राब्दमुच्छिन्नं व्रजमंडलम् ॥३९॥
बालभावं समाश्थाय यत्र लीला मया कृता ।
मम प्रीतिकरं चैनं त्वं प्रकाशय नारद ॥४०॥
कुंडांश्च पर्वतान् वीथी र्वनान्युपवनानि च ।
बालक्रीडनकं स्थानं रासस्थानं तथैव च ॥४१॥
सर्वं प्रकाशय त्वं हि मदाज्ञा-परिपालकः ।
मम वेषधरं बालं ब्राह्मणं परिकल्प्य च ॥४२॥
गोपीवेषधरान्कांश्चित् राधावेषं तथा परम् ।
श्रीदामादिसखीन्कांश्चित् कल्पयित्वा मदाज्ञया ॥४३॥
सर्वं लीलानुकरणं कर्त्तव्यं मे प्रयत्नतः ।
यस्यां तिथौ यदृत्तं स्यात् लीलाकाले ममानघ ॥४४॥

लिया करता हूँ । वर्त्तमान युग कलिकाल होने के कारण सभी मनुष्य प्रायः पुण्यरहित हैं अतः वे सब मेरे दर्शन नहीं पाते हैं । तथापि उनके उपकार के लिये मैं उपाय कहता हूँ । प्रायः चार हजार वर्ष से व्रजमंडल लुप्त प्राय है । मैं ने यहाँ बालभाव से जहाँ जहाँ क्रीडा की हैं तुम उन प्रीति कर स्थानों—कुण्ड-पर्व्वत-कुञ्ज-मार्ग-वन-उपवन, बालक्रीडा-स्थान, रासस्थान समूह को प्रकट करो । क्यों कि तुम मेरी आज्ञा के परिपालक भक्त हो । और भी सुनो, एक ब्राह्मण बालक को मेरा वेश, अन्य ब्राह्मण बालक को श्रीराधिका वेश तथा अपर ब्राह्मण बालकों को ललितादि गोपीवेश और श्रीदामादि सखावेश के द्वारा विभूषित करा कर मेरी समस्त लीलाओं के अनुकरण कराओ । जिस तिथि में

तत्सर्वं निर्णयेनैव कर्त्तव्यं विधिपूर्वकम् ।
दक्षिणे मथुरायां हि भृगुवंशसमुद्भवः ॥४५॥
रङ्गनाथसुतो धीमान् दीक्षितो भास्करो द्विजः ।
ब्रह्मणोऽंशसमुद्भूतो वेददेदांगपारगः ॥४६॥
गायत्र्यंशसमुद्भूता तस्य भार्या यशोमती ।
तयोस्त्वं तनयो भूत्वा सर्वशास्त्रविशारदः ॥४७॥
मम ध्यानपरो नित्यं गोदावर्य्यां स्थितो भव ।
तत्र ते दर्शनं दास्ये राधिका-सहितोऽप्यहम् ॥४८॥
त्वं मे मनो हि देवर्षे मम चांश-समुद्भवः ।
रङ्गदेवी च हृदयं आवेशं ते करिष्यति ॥४९॥
सकलस्य ब्रजस्य त्वमाचार्य्यो हि भविष्यति ।
मम प्रीतिकरं भक्तं को न नमेत् जगत्त्रये ॥५०॥
इत्याज्ञाप्तस्तु कृष्णेन हर्षेणोत्फुल्ललोचनः ।
प्रणम्य भुवि कायेन ययौ यादृच्छिको मुनिः ॥५१॥

तथा जिस नक्षत्र में मैंने जो जो लीला की हैं उनको निर्णय के साथ विधिपूर्व्वक कराओ। पहले तुम दक्षिण देश में मथुरा पत्तन में जाकर भृगुवंश में जन्म लेओ ॥३६-४५॥

वहाँ एक रंगनाथ के पुत्र बुद्धिमान् भास्कर नामक दीक्षित ब्राह्मण हैं। वे ब्रह्मा के अंश से उत्पन्न हुए हैं तथा समस्त वेद-वेदांग के पण्डित हैं। उनकी गायत्री अंश से उत्पन्ना यशोमती नामक भार्या है। तुम उनके पुत्र होकर जन्म लो। तुम समस्त शास्त्र में पण्डित तथा नित्य मेरे ध्यान-परायण होगे। वहाँ गोदावरी के तट पर राधिका के साथ मैं तुम्हें दर्शन देऊँगा। तुम मेरे मन हो तथा मेरे अंश से उत्पन्न हो। तुम में रंगदेवी का आवेश रहता है और समस्त ब्रजमण्डल में तुम आचार्य्य करके प्रसिद्ध होगे। मेरे प्रीतिकारी भक्त को त्रिजगत् में कौन नमस्कार नहीं करता है ॥४६-५०॥

कृष्णस्त्वंतर्दधे तत्र बृदारण्ये निजस्थले ॥५२॥
ततः पंक्ति-शते वर्षे शुद्धे पंचशताधिके ।
अष्टाशीत्यधिके मासे वैशाखे शुक्लपक्षके ॥५३॥
चतुर्दश्यां दिवा जन्म नृसिंहस्याभवद्यदा ।
तदा भास्करभार्यायां नारदोऽवतरद् मुनिः ॥५४॥

पंक्तिशब्दः दश वाचकः अष्टाशीत्युत्तर-पंचशताधिकसहस्रमे वर्षे इत्यर्थः । तत्संख्या वाचक-अंकैर्वोद्धव्या १५८८ संवत्सरे इत्यर्थः ॥

तदा दुंदुभयो नेदुर्देवमानववादिताः ।
अकस्मात् पुष्पबृष्टिश्च ह्याकाशादभवत् क्षितौ ॥५५॥
भास्करश्च मुदं लेभे पुत्रं दृष्ट्वा पुनः पुनः ।
जातकं कारयामास वाचयित्वा च मंगलम् ॥५६॥
ददौ दानं द्विजातिभ्यो याचकेभ्यो यथामनः ।
सर्वतः स्त्रीकदंबोपि दिदृक्षुः समुपागतः ॥५७॥
गानं कुर्वन्ति हृष्यन्ति सिंचन्ति च परस्परम् ।
मुदा दानं प्रयच्छन्ति दृष्ट्वा बालं स्त्रियो मुहुः ॥५८॥

हर्ष से प्रफुल्लनेत्र श्रीनारदजी श्रीकृष्ण के द्वारा इस प्रकार आज्ञा को प्राप्त होकर श्रीकृष्ण को प्रणाम कर इच्छानुसार चल दिये तथा श्रीहरि भी अन्तर्द्धान हो गये ॥५१-५२॥

अनन्तर १५८८ संवत वैशाखमास शुक्लपक्ष चतुर्दशी तिथि श्रीनृसिंह-जन्मदिवस में भास्कराचार्य की भार्य्या से मुनिराज नारद अवतीर्ण हुए । उस समय देव तथा मनुष्य समूह दुन्दुभि बजाने लगे और आकाश से पुष्पों की वृष्टि हुई । भास्कराचार्य ने बार-बार पुत्र को देख कर आनन्द के साथ मंगलवाचन आदिक जात कर्म्म कराया तथा ब्राह्मण गण को और याचकों को प्रचुर दान दिया । चारों ओर से सब स्त्रियाँ पुत्र को देखने के लिये आने लगीं तथा गान करती हुईं पारस्परिक दधि-दुग्ध हरिद्रादिकों का सिंचन कर परम हर्ष को प्राप्त हो दा-

गौराङ्गं सुमुखं हृद्यं सुनसं विद्रुमाधरम् ।
विशालवक्षसं स्निग्धं बलिबल्गुदलोदरम् ॥५९॥
सूक्ष्मकटिं बृहद्बाहुं पद्मकोमलपादकम् ।
आशिषं प्रयुजुः सर्वाश्चिरं जीवेति बालके ॥६०॥
वादित्राणि विचित्राणि वादयंत्य पुनः पुनः ।
स्वस्तिकं कारयामासु र्वृद्धा मान्यजनैस्ततः ॥६१॥
यथेच्छं हि धनं सर्वं मान्यवर्गाश्च लेभिरे ।
नामकर्ण ततश्चक्रु र्ब्राह्मणाः स्वस्तिवाचकाः ॥६२॥
नारायणगुणाः सर्वे ह्यस्मिंस्तिष्ठन्ति बालके ।
तेन नारायणो नाम बालकोऽयं भविष्यति ॥६३॥
लक्षणै र्ज्ञायते नूनं नारदोऽयं मुनीश्वरः ।
भक्तिं दास्यन् हरेर्लोकं चरिष्यति न संशयः ॥६४॥
इत्युक्त्वा प्रययुः सर्वे विप्रा जातककोविदाः ।
पूजिता-दानमानाभ्यां भास्करेण विधानतः ॥६५॥

नादि करने लगीं । उन्होंने बालक का आनन्द से दर्शन किया ५३-५८

गौर अंग, सुन्दरमुख-नासिका वाला, मनोहर लाल-अधरवाला, विशाल वक्षः से शोभायमान, स्निग्ध, त्रिवलीरेखा से युक्त उदरवाला, पतली कमर से सुन्दर, विशाल दोनों भुजाओं से युक्त, पद्म की भाँति कोमल चरणवाले बालक को देख कर स्त्रियाँ "दीर्घजीवन लाभ करो" इस प्रकार आशीर्वाद देती हुई विविध विचित्र वाद्यों को बजाने लगीं । वृद्ध स्त्रियों ने माननीयजनों के द्वारा स्वस्ति पाठ कराया । माननीयगण को अपनी इच्छा के अनुसार प्रचुर धन प्राप्त हुआ तथा स्वस्ति पाठ के साथ ब्राह्मणों ने पुत्र का नाम करण किया ।।५९-६२।।

बालक में श्रीनारायण के समस्त गुण हैं इस लिये नारायण ही इसका नाम है । लक्षणों से जाना जाता है कि यह बालक निश्चय मुनीश्वर नारद है । यह लोगों को भक्ति प्रदान पूर्व्वक विचरण करेगा

यशोमती च तं बालं लालयन्ती पुनः पुनः ।
मुदं लेभे परां साध्वी गोपालोऽपि मुदं ययौ ॥६६॥
ज्येष्ठो भ्राता स बालस्य विद्वान् कृष्णपरायणः ।
विचचार मुदा युक्तः क्वचिदंतः क्वचिद्बहिः ॥६७॥
गोपालस्य वयस्याश्च मोदमानाः परस्परम् ।
हसंतो हासयंतश्च बुभुजु र्मोदकान्मुदा ॥६८॥
आगच्छंत्यश्च गच्छंत्यो मोदमानाः पुरस्त्रियः ।
बलिं ददु र्यशोमत्यै बालस्य भूषणादिकम् ॥६९॥
एवं दिने दिने भट्टश्चक्रे हर्षमहोत्सवम् ।
षष्ठे तु दिवसे सर्वा षष्ठीपूजां चकारह ॥७०॥
ब्राह्मणान् भोजयामास विविधान्नैश्चतुर्विधैः ।
एवं वार्षिकसंस्कारान् बालकस्य चकार सः ॥७१॥
बालोऽपि बालचरितै र्मातापित्रोर्मुदं ददौ ।
तथैव सर्वलोकानां पश्यतां समुदं ददौ ॥७२॥

इस में कोई सन्देह नहीं है । विप्रगण दान-तथा सन्मान से भास्कर के द्वारा पूजित होकर विदा हुए ॥६३-६५॥

सती यशोमती बालक का बार-बार लालन करती हुई अत्यन्त प्रसन्नता को प्राप्त हुई तथा बालक के ज्येष्ठ भ्राता, कृष्णपरायण, विद्वान् गोपालजी भी प्रसन्नता को प्राप्त होकर भीतर-बाहिर बालक के आस-पास घूमने लगे । उनके सखागण प्रसन्न होकर परस्पर हँसते-हँसाते हुए मोदकों का भोजन करने लगे । पुर स्त्रियाँ प्रसन्नता के साथ आती याती हुईं यशोमति को बालक के लिये भूषणादिकों का उपहार देने लगीं । इस प्रकार भट्ट जी ने दिन दिन महोत्सव मनाया । छठे दिवस बालक की छटी पूजा हुई । उस दिन ब्राह्मणों को चतुर्व्विध अन्नादि से भोजन कराया गया । इस प्रकार बालक के सब वार्षिक संस्कार होने लगे । यह बालक भी अपने मनोहर बालचरित्रों के द्वारा

इत्थं स सर्वजगतां हितकृद्दयालुः
कृष्णाज्ञया धृतमनुष्यतनुर्महात्मा ।
भूत्वाथ दीक्षितकुलेन्दुरसौ मुनीन्द्रो
विप्रेन्द्र-सद्मनि वभौ किल बालकेली ॥७३॥

इतिश्रीमन्नारदावतार-श्रीनारायणभट्टाचार्य्य-कुलोद्भव-गोस्वामि श्रीरघुनाथात्मजगोस्वामिजानकीप्रसादविरचिते श्रीनारायणाचार्य्यचरितामृते अवतारकथनो नाम प्रथमास्वादः ॥१॥

एवं नारायणो बालो वर्द्धमानः पितुर्गृहे ।
प्रमोदं जनयामास बांधवानां दिनेदिने ॥१॥
कदाचित् भास्करो भट्टो ब्राह्मणैर्वेदपारगैः ।
यज्ञोपवीतं बालस्य कारयामास दीक्षितः ॥२॥
ब्राह्मणेभ्यो ददौ धीमान् स्वादुन्नं गुणवत्तमम् ।
रजतं वसनं भूमिं गाः सुवर्णं तथा दिशत् ॥३॥
यज्ञोपवीतिनं बालं भोजयित्वा मुदा द्विजः ।
ज्ञातिभिर्बन्धुभिः सार्द्धं स्वयं च बुभुजे विभुः ॥४॥

पिता-माता तथा देखने वाले समस्त लोगों को आनन्द देने लगा६६ ७२

इस प्रकार समस्त जगत के हितकारी, दयाल श्रीनारद जी श्रीकृष्ण की आज्ञा से मनुष्य शरीर धारण कर दीक्षित कुल चन्द्रमा हो विप्रगृह में बालक्रीडा करने लगे ॥७३॥

इस प्रकार बालक पितृगृह में बढ़ने लगा तथा प्रतिदिन बान्धवों को आनन्द देने लगा। भास्कर जी ने यथा समय वेदपारग पण्डितों के द्वारा बालक का उपनयन संस्कार कराया। ब्राह्मणों को मिष्टान्न से तृप्त करा कर सुवर्ण-रौप्य-वसन-धरिती आदि का दान दिया। उपरान्त जाति-बन्धुओं के साथ भोजनादि करते हुए सबको ताम्बूल प्रदान तथा माला-तिलकादि से भूषित करा कर सन्मान के साथ अपने-अपने घर

सत्कृत्वा च ततः सर्वान् तांबूल-तिलकादिभिः ।
भूषाकल्पं तथा दिव्यमेकैकस्मै ददौ मुदा ॥५॥
गृहं प्रस्थापयामास ज्ञातिसंबंधिबांधवान् ।
तेऽपि नारायणं बालं पश्यंतश्चक्षुभिस्तदा ॥६॥
तृप्तिं न लेभिरे सर्वे चकोराः शशिनं यथा ।
अथ नारायणो बालो गायत्र्यं व्रतमास्थितः ॥७॥
वेदानधीतवान् सर्वान् पितृव्यात् शंकराद्विभुः ।
उर्द्ध्वपुंड्रं सदा बिभ्रत् गोपीचंदनसंभवम् ॥८॥
कंठे तुलसिकामालां द्वे मुद्रे बाहुमूलयोः ।
शंखचक्रे च बिभ्राणो गोपीचंदननिर्मिते ॥९॥
पित्रैव कृपया दत्तं तत्सर्वं तिलकादिकम् ।
रङ्गनाथकुलं सर्वं रामकृष्णमुपासते ॥१०॥
स्वतो हि शोभनो बालस्तिलकेनाधिकं बभौ ।
ततो वेदोदितां दत्वा गुरवे गुरुदक्षिणाम् ॥११॥
चरणौ शिरसा नत्वा चाशिषं जगृहे गुरोः ।
अवस्थां प्रापितो भट्टस्तदा द्वादशवार्षिकीम् ॥१२॥

के लिए विदा किया। वे सब चन्द्रसुधा-पानकारी चकोर की भाँति बालक को देखते हुए तृप्त न हुए। अब बालक ने गायत्रि व्रत को धारण कर निज पितृव्य शंकर जी से वेद-वेदान्त आदि शास्त्र का अध्ययन किया। उस समय बालक कपाल में उर्द्ध्वपुण्ड्रतिलक, कंण्ठ में तुलसीमाला, बाहुमूल में गोपीचन्दन से शंख-चक्र चिन्हों को धारण करता था जो कि पिता के द्वारा प्राप्त किया था। इसका कारण यह था कि रङ्गनाथवंशज मात्र ही रामकृष्ण के उपासक थे ॥१-१०॥

आप स्वभाव से ही सुन्दर बालक थे, उस पर फिर माला-तिलकों से अधिक शोभायमान लगते थे। आपने विद्याध्ययन के उपरान्त वेद-विधि के साथ गुरुदक्षिणा प्रदान कर श्रीगुरुचरणारविन्द में प्रणामादि

अथ नारायणो धीमान् पितुर्गृहमुपागतः ।
ब्रजप्रदीपिकां नाम ग्रन्थं स कृतवान् मुदा ॥१३॥
(धर्मप्रवर्त्तकान् ग्रन्थान् चक्रे बहुविधान् विभुः)
अथ नारायणो धीमान् स्नातुं गोदावरीं गतः ।
सर्व-पापहरां नृणां भगवत्प्राप्तिकारिणीम् ॥१४॥
तत्र स्नात्वा विधानेन ध्यात्वा देवं जनार्दनं ।
प्राणानायम्य गायत्रीं जजाप प्रीतिमानसः ॥१५॥
स्तोत्रं भगवतः साक्षात् श्रीकृष्णस्य पपाठह ।
सर्वत्रैव हरिं पश्यन् शुचिरेकाग्रमानसः ॥१६॥
अकस्मात् ददृशे भट्टो राधया सहितं हरिम् ।
स्थितं वयसि कैशोरे भृत्यानुग्रहकातरम् ॥१७॥
पीताम्बरं घनश्यामं मंदस्मितमुखाम्बुजम् ।
किरीटिनं कुंडलिनं शिरो मुकुटभूषितम् ॥१८॥

कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उस समय उनकी अवस्था बारह वर्ष की थी ॥११-१२॥

अब वे अपने पितृगृह में आये वहाँ आपने ब्रजप्रदीपिकानामक ग्रन्थ तथा धार्म्मिक अनेक ग्रन्थों की रचनाऐं कीं ॥१३॥

इसके अनन्तर बुद्धिमान् नारायणजी भगवत्प्राप्तिकारिणी समस्त पापहारिणी श्री गोदावरी के स्नान के लिये गये तथा वहाँ यथा विधि स्नान-प्राणायाम के साथ भगवान् का ध्यान करके गायत्री का जाप और श्रीकृष्ण के विविध स्तोत्र पढ़ते हुए सर्व्व प्रकार उनका दर्शन करने लगे ॥१४-१६॥

आपने अकस्मात् कैशोर अवस्था में स्थित, भृत्यानुग्रहकारी, पीताम्बरधारी, घनश्याम, मन्दहास्य से शोभायमान मुख वाले, किरीट-कुण्डलधारी, मयूर मुकुट से शोभायमान मस्तक वाले, वेणुविनोदी, मनोहर, बनमाली, राधिका युक्त श्रीहरि को तथा उनके बाम भाग में वि-

वेणुवाद्यरतं हृद्यं हारिणं वनमालिनं ।
वामांगे राधिकां तस्य किशोरीं कनकद्युतिम् ॥१९॥
नीलाम्बरधरां दिव्यां शशिकोटिनिभाननाम् ।
सर्वाभरणशोभाढ्यां ददर्श मुनिपुंगवः ॥२०॥
सहसोत्थाय हृष्टांगो ननाम दंडवत् भुवि ।
तुष्टाव परया भक्त्या हर्षगद्गदया गिरा ॥२१॥
नमस्ते देवदेवेश नमस्ते भक्तवत्सल ।
श्रीराधिकासमेताय नमो नित्यविहारिणे ॥२२॥
ततः प्रसन्नो भगवान् भक्ताय भक्तवत्सलः ।
मंत्रोपदेशं कृतवान् सर्वसिद्धिप्रदं प्रभुः ॥२३॥
आज्ञापयामास मुदा पुरा संकल्पितं हि यत् ।
त्वं हि दीक्षित भक्तो मे नारदोऽसि मुनीश्वरः ॥२४॥
रङ्गनाथकुले जातो मदाज्ञा-परिपालकः ।
गच्छ शीघ्रं ब्रजं वासलीलास्थानं प्रकाशय ॥२५॥
मत्स्वरूपं लाडिलेयं ते दास्ये बालरूपिणम् ।
एतद्रूपेण ते वत्स सेवितेन त्वयानिशम् ॥२६॥

राजमाना, किशोरी, सुवर्णकान्तिवाली, नीलाम्बरधारिणी, दिव्याति-दिव्य कोटि चन्द्रमा की भाँति कान्तिवाली, समस्त भूषण से भूषिता, श्रीराधिका जी को भी देखा ॥१७-२०॥

उस समय उन के अंग-प्रत्यंग प्रफुल्लित हो गये वे पृथ्वि पर गिर कर हर्ष गद्गदवाणी से परमप्रीति के साथ स्तुति करने लगे ॥२१॥

हे देवदेवेश ! हे भक्तवत्सल ! आपको नमस्कार । हे श्रीराधिका के साथ नित्यविहारी ! आपको नमस्कार है ॥२२॥

तब भक्तवत्सल भगवान प्रसन्न होकर उनके लिए सर्व्वसिद्धिप्रद मन्त्र का उपदेश करने लगे जो कि पूर्व संस्कृत है । प्रभु ने आज्ञा दी कि-भो ! नारायण ! तुम तो दीक्षाप्राप्त भक्त, मुनीश्वर नारद हो ।

ब्रजलीलारहस्यं च कथयिष्यामि तेऽनघ ।
लाडिलेयं गृहीत्वैनं ब्रजं गच्छस्व नारद ॥२७॥
काममोहनमूर्त्तिस्तु राधाकुंडे विराजते ।
राधिका-सहितस्तत्र दर्शनं ते प्रदास्यति ॥२८॥
ततः कतिपये काले बलदेवो हलायुधः ।
रेवतीसहितो देवः प्रकटस्ते भविष्यति ॥२९॥
द्वाविष्टौ तव भूयास्तां बलदेव-सुमोहनौ ।
ततश्चाहं बृहत्सानौ लाड़लीलालनामभाक् ॥३०॥
प्रकटस्ते भविष्यामि प्रसिद्धे ब्रह्मपर्वते ।
इत्युक्त्वा भगवान् कृष्णो दत्वा देवर्षये स्वयं ।
लाडिलेयस्वरूपं च तत्रैवांतरधीयत ॥३१॥
अथ नारायणो भट्टो लाड़िलेयं समर्चयन् ।
ब्रजस्य मार्गं जग्राह गृहीत्वा बालरूपिणम् ॥३२॥
देवर्षेरंकमारुह्य कृपया भट्टरूपिणः ।
बालरूपः स्वयं कृष्णो मार्गे लीलां चकारह ॥३३॥

तुमने रंगनाथ कुल में जन्म लिया है । तुम तो मेरी आज्ञा के परिपालक हो अब तुम शीघ्र ही ब्रज में जाकर लीलास्थलियों का प्रकाश करो । देखो यह लाडिलेय नामक बालमूर्त्ति मेरा ही स्वरूप है । इसे लेकर इसी रूप में निरन्तर सेवा करो । यह स्वरूप तुमको ब्रज-लीला के रहस्यों को बतलाएगा । तुम इसी मूर्त्ति के साथ ब्रज के लिये चले जाओ । वहाँ राधाकुण्ड में मदनमोहन मूर्त्ति विराजमान है । वे राधिका के साथ तुमको दर्शन देंगे । उसके कुछ काल उपरान्त रेवती के साथ हलायुध श्रीबलदेव जी भी प्रकट होंगे । ये दोनों तुम्हारे इष्ट हैं और बरसानु पर्वत में मैं लाडिली-लाल नाम से प्रकट होऊँगा । श्रीहरि इस प्रकार कह कर श्रीभट्ट जी को अपनी लाडिलेय मूर्ति को दे अन्तर्द्धान हो गये ॥२७-३१॥

अतिकोमलपादाभ्यां अग्रे गच्छन् शनैः शनैः ।
क्वचित् फलं क्वचित् पुष्पं क्वचित् क्रीडनकं च यत् ॥३५॥
जग्राह दीक्षितानीतं हठं कृत्वा पुनः पुनः ।
विश्रामं कृतवान् कृष्णो लघुवृक्षतले क्वचित् ॥३६॥
एवं वहु विधां लीलां कुर्वाणो निर्जने वने ।
दृष्ट्वा मार्गागतान् पांथान् मूर्त्तिरूपं चकारह ॥३७॥
एवं कृष्णं सेवमानो दीक्षितः स दिने दिने ।
वर्षद्वयेन सार्द्धेन प्राप्तो गोवर्द्धनं गिरिम् ॥३८॥
गोवर्द्धनसमीपे तु श्रीकुंडमति-शोभनम् ।
काममोहनमूर्त्तिस्तु राधायास्तत्र राजते ॥३९॥
वृंदावनात् समागत्य श्रीकुंडस्थानमास्थितः ।
कृष्णदासब्रह्मचारी तं सिसेव हरिं प्रभुम् ॥४०॥
सनातनश्च गोस्वामी कृष्णसेवारतस्तदा ।
मंदिरे राजभोगार्थं पाकसेवां चकारह ॥४१॥

अनन्तर भट्ट जी वालरूपी लाडिलेय का यथा विधि पूजन करते हुए उन्हें साथ में लेकर व्रज के लिये चल दिये । मार्ग में लाडिलेय जी बालक रूप से प्रकट होकर भट्टजी की गोद में बैठ जाते थे कभी कोमल चरणों से आगे आगे चलते हुए उनके दिए फल-पुष्प-क्रीडा द्रव्यों को ग्रहण करते थे । कभी हठ करते हुए वृक्षों की छाया में बैठ जाते थे ॥३२-३६॥

इस प्रकार निर्जनबन में बहुतसी लीलाऐं करते थे परन्तु मनुष्यों के आने पर मूर्त्ति रूप धारण कर लेते थे ॥३७॥

इस प्रकार गमन करते हुए अढ़ाई वर्ष में श्रीगोबर्द्धन में पहुँचे जहाँ अतिशय शोभायमान श्रीराधाकुण्ड है एवं जहाँ श्रीराधिका के साथ मदनमोहनजी विराजमान हुए थे । वृन्दावन से उस समय कृष्णदासब्रह्मचारी जी आकर वहाँ पर श्रीमदनमोहन जी की सेवा कर रहे थे तथा

कृत्वा पाकं विधानेन श्रीकृष्णाग्रे समर्पयत् ।
तनश्चाचमनं दत्वा ताम्बूलं च समर्पयत् ॥४२॥
राजभोगानन्तरे हि दर्शनार्थं समागताः ।
तत्रत्याश्च जनाः सर्वे देशांतरनिवासिनः ॥४३॥
कृष्णदासब्रह्मचारी चारात्तिं कृतवान् प्रभोः ।
राजभोगं समाप्यैवं स्तुत्वा स्तोत्रेण तं प्रभुम् ॥४४॥
प्रस्वापयामास मुदा जलपात्रं निधाय च ।
वध्वा कपाटौ द्वारस्य पाकशालां गतो द्विजः ॥४५॥
कृष्णदासब्रह्मचारी गोस्वामी यत्र संस्थितः ।
इन्दुलेखावतारोऽयं ब्रह्मचारी द्विजोत्तमः ॥४६॥
विभभाज प्रसादं स वैष्णवेभ्यः समं ततः ।
स च नारायणो भट्टो गोवर्द्धनसमीपगः ॥४७॥

(बाल मूर्त्तेस्तु कृष्णस्य)

राजभोगं समाप्येवं स्वापयामास तं विभुम् ।
प्रतस्थे शिरसि न्यस्य सिंहासनवरं प्रभोः ॥४८॥

श्रीसनातनगोस्वामि जी स्वयं राजभोग के लिये पाक बनाया करते थे। क्योंकि श्रीकृष्ण के सुख के लिये ही उनकी अखिल चेष्टाऐं थीं। पाक के अनन्तर राजभोग लगाने के पश्चात् ब्रह्मचारी जी ने ताम्बूलादि अर्पण कर आरती उतारी तथा मदनमोहन जी को शयन कराकर चारों ओर से आए हुए तथा वहाँ के निवासियों को प्रसाद वितरण किया। उस समय मन्दिर के किवाड़ बन्द थे और भट्टजी गोवर्द्धन के समीप किसी निर्जन स्थान में बालरूपी श्रीकृष्ण की सेवा-पूजा तथा भोगादिक कार्य्य में संलग्न थे। वे यथा विधि भोगराग देकर श्रीकृष्ण को सिंहासन पर बैठा कर उसे अपने मस्तक में रख जब राधाकुण्ड में मदनमोहन जी के मन्दिर के पास पहुँचे वहाँ किवाड़ को बन्द देखकर बैठ गये और चिन्ता करने लगे कि प्रभु का दर्शन किस कारण से नहीं हुआ। वहाँ

श्रीकुंडे प्राप्तवान् भट्टो मन्दिरे मोहनस्य हि ।
दिदृक्षुः कृष्णचन्द्रस्य दक्षिणाज्ञाप्रणोदितः ॥४६॥
तावत् कपाटौ संबद्धौ शैयायां स्वपितः प्रभुः ।
वीक्षितो मन्दिरे स्थित्वा चिंतयामास नारदः ॥५०॥
दर्शनं मे कथं नासीत् प्रभोराज्ञा वृथा न हि ।
मामुवाच पुरा कृष्णो दास्ये ते दर्शनं त्विति ॥५१॥
क्षणमात्रं स्थितो भट्टो ध्यानस्तिमितलोचनः ।
तावत् कपाटावुद्धृत्य मोहनो द्वारमास्थितः ॥५२॥
श्रीराधासहितः साक्षात् कृपया भक्तवत्सलः ।
तं दृष्ट्वात्मप्रभुं भट्टः कृतांजलिपुटः शनैः ॥५३॥
तुष्टाव देवदेवेशं दंडवत् पतितो भुवि ।
भगवानपि तं दोर्भ्यां समुत्थाप्य मुदान्वितः ॥५४॥
हस्तं तच्छिरसि न्यस्य स्वागतं चेत्युवाचह ।
नारदोऽसि मुनिश्रेष्ठ मदाज्ञापरिपालकः ॥५५॥
मन्त्रं तेऽहं प्रदास्यामि सर्वसिद्धिकरं परम् ।
संप्रदाय-रहस्यं ते ब्रह्मचारी वदिष्यति ॥५६॥
इन्दुलेखावतारोऽयं रङ्गदेवी त्वयि स्थिता ।
अतो ब्रह्मर्षिणा तेन सख्यं ते च भविष्यति । ५७॥

गोदावरी में उन्होंने मुझको दर्शन देने को कहा था । आप क्षणकाल नेत्र मूँद कर ध्यान करने लगे कि किवाड़ इकाइक खुल गये । भक्तवत्सल श्रीहरि राधिका के साथ द्वारदेश में आकर खड़े हो गए । भट्टजी उन्हें देख कर चरणों में गिर गये तथा अनेक प्रकार की स्तुति करने लगे । भगवान् अपने हाथों से उन्हें उठा कर मस्तक में हाथ रख स्वागत प्रश्न पूछने लगे । तुम तो मुनिश्रेष्ठ नारद हो। मेरी आज्ञा के परिपालक हो ॥३८-५५॥

सर्व्वसिद्धिप्रद मन्त्र का मैं तुमको उपदेश करता हूँ । ब्रह्मचारी जी

इत्युक्त्वा भगवान् कृष्णो युगलोपासनात्मकम् ।
मन्त्रं दक्षिणकर्णेऽस्य दीक्षितस्य ददौ हरिः ॥५८॥
श्रीराधा प्रददौ तस्मै भक्तिं च प्रेमलक्षणाम् ।
ततः कपाटशब्दं च संश्रुत्वा वैष्णवास्तु ते ॥५९॥
ब्रह्मचारी सगोस्वामी तत्राजग्मुस्त्वरान्वितः ।
ददृशुस्तत्र ते सर्वे राधाया सहितं हरिम् ॥६०॥
दीक्षिताय प्रबोधंतं भक्ताय भक्तवत्सलम् ।
ततः स विस्मयाविष्टो ब्रह्मचारी समास्थितः ॥६१॥
कृतांजलिपुटः कृष्णं दंडवत् प्रणनामह ।
तमुवाच ततः कृष्णः कृष्णदासं स्वयं हरिः ॥६२॥
कृष्णदास शृणुष्वैतत् यत्त आज्ञापयाम्यहम् ।
मदाज्ञया समायातो नारदोऽयं मुनीश्वरः ॥६३॥
मानुषं वपुरास्थाय सेवको मम सर्वदा ।
रङ्गनाथकुले जातो ब्रजोद्धारं करिष्यति ॥६४॥
सख्यं कुरुष्व चैतेन दीक्षितेन मदाज्ञया ।
संप्रदायरहस्यं च वदस्वैनं सुविस्तरम् ॥६५॥

तुमको सम्प्रदायरहस्यों को बतावेंगे । वे इन्दुलेखा सखी के अवतार हैं । तुम में रंगदेवी की स्थिति है, अतः दोनों में सख्यभाव होगा ५६-५७॥

श्रीहरि ने ऐसा कह कर उन्हें युगलमन्त्र का उपदेश किया तथा श्रीराधिका ने प्रेमभक्ति का प्रदान किया । हठात् इस प्रकार किवाड़ों का शब्द सुनकर श्रीसनातनगोस्वामीजी, कृष्णदासब्रह्मचारीजी तथा अन्य वैष्णव समाज उपस्थित हुआ एवं श्रीराधिका के साथ मदनमोहन जी का दर्शन कर सभी परम विस्मय को प्राप्त हुए ॥५८-६०॥

दण्डवत् प्रणत ब्रह्मचारि जी से श्रीहरि ने कहा-भो ! कृष्णदास ! सुनो ये मुनीश्वर नारद हैं जो मेरी आज्ञा से मनुष्य शरीर को धारण कर आये हुए हैं, आपने रंगनाथकुल में जन्म लिया है तथा मेरी सेवा

इत्युक्त्वा भगवान् कृष्णः सिंहासनमुपाविशत् ।
राधया सहितः साक्षात् सर्वेषां पश्यतां सताम् । ६६॥
दीक्षितश्च मुदं लेभे मन्त्रं प्राप्य परं हरेः ।
ब्रह्मचारी दीक्षितश्च मिलित्वाथ परस्परम् ॥६७॥
तस्थतुर्मन्दिरे तस्मिन् कृष्णाज्ञापरिपालकौ ।
संप्रदायरहस्यं स ब्रह्मचारी जगादह ॥६८॥
यथा भगवताज्ञाप्तं दीक्षिताय महात्मने ।
सनातनश्च गोस्वामी परं हर्षं जगामह ॥६९॥
ततः प्रसादं बुभुजुः सर्वे ते वैष्णवैः सह ।
सायं काले समायातास्तत्रत्या ग्रामवासिनः ॥७०॥
श्रुत्वा भट्टं समायातं प्रत्यक्षं मोहनं तथा ।
कृतांजलिपुटाः सर्वे भट्टस्याग्रे समास्थिताः ॥७१॥
नारदो भगवान् साक्षात् समायातो भवानिह ।
यस्य मन्त्रोपदेशार्थं प्रत्यक्षो भगवानभूत् ॥७२॥
आज्ञां कुरूस्व नो ब्रह्मन् वयं किं करवाम ते ।
तानुवाच ततो विप्रो राधाकुंडोऽत्र वर्त्तते ॥७३॥

ब्रजधाम का उद्धार करेंगे । तुम मेरी आज्ञा से इन के साथ सख्य करो तथा पात्रसात् (अंगीकार) करके इन्हें सम्प्रदायरहस्यों को सिखाओ ॥६१-६५॥

श्रीहरि इस प्रकार कह कर सिंहासन पर बैठ गये तथा यह देख भट्ट जी परम आनन्द को प्राप्त हुए । उसके उपरान्त ब्रह्मचारी जी तथा भट्ट जी दोनों एक साथ रहने लगे । भट्ट जी ब्रह्मचारी जी से सम्प्रदाय-रहस्यों को सीखने लगे जिस से सनातनगोस्वामीजी परम हर्ष को प्राप्त हुए । सायंकाल होने लगा, यह बात सर्व्वत्र फैल गई । सभी ग्रामवासी-गण उपस्थित हुए तथा भट्टजी से कहने लगे आप तो साक्षात् श्रीनारद जी हैं, आज्ञा दीजिये हम सब आपकी कुछ सेवा करें । भट्टजी ने कहा-

दशहस्तांतरे भूम्यां कृष्णक्रीडासमुद्भवः ।
खननं वै प्रकर्तव्यं भूमेः सर्वैः समं ततः ॥७४॥
ततः प्रांजलयः सर्वे प्रोचुर्वै ग्रामवासिनः ।
न श्रुतं नैव दृष्टं नः कुण्डं तत्र महामुने ॥७५॥
कथं प्रतीतिरस्माकं जायते वद नः प्रभो ।
नारायण उवाचेदं शृणुध्वं भो व्रजौकसः ॥७६॥
दशहस्तांतरे भूम्यां नादिरेकात्र वर्तते ।
दध्याच्छादनकृत्पात्रं नादि सा हि प्रकीर्तिता ॥७७॥
खंडसोपानयुग्मं च यदि तत्र भवेज्जनाः ।
राधाकुण्डं हि तत्रैव जानीध्वं नात्र संशयः ॥७८॥
इत्युक्तास्ते जनाः सर्वे तथा चक्रुः समागताः ।
चिन्हं प्राप्तं हि तत्सर्वं निर्दिष्टं मुनिना च यत् ॥७९॥
सर्वेषां हि मनुष्याणां विश्वासः समजायत ।
मेनिरे दीक्षितं सर्वे नारदं मुनिपुंगवम् ॥८०॥
राधाकुण्डं कृष्णकुण्डं संगमं यत्तयोर्मिथः ।
सर्वं प्रकाशयामास द्वापरे समभूद् यथा ॥८१॥

यहाँ राधाकुण्ड विराजमान है परन्तु लुप्त है। यहाँ दस हाथ पृथ्वी खोदने पर प्रकट हो जायगा। तब सभी ब्राह्मणगण हाथ जोड़ विनय करने लगे-किसी ने सुना नहीं किसी ने देखा भी नहीं। किस प्रकार प्रतीत होगा ? भट्ट जी कहने लगे-भो ! ब्राह्मण समाज ! देखिये। धरती पर दस हाथ नीचे एक नाँद है जो कि दही से आच्छन्न मृण्मयपात्र विशेष है। उसमें खण्डित दो सीढियों का टूकडे हैं। यह राधाकुण्ड है, उस में कोई सन्देह नहीं है। ब्रजवासियों ने यथा निर्देश धरती खोद कर मुनि कथित चिन्हों को देखा तथा विश्वास करने लगे। तब से वे सब ही श्रीभट्ट जी को साक्षात् नारदरूप जानने लगे ॥६६-८०॥

अनन्तर श्यामकुण्ड, दोनों कुण्ड का संगमस्थान प्रकटित हुए

कथां च श्रावयामास राधाकुण्डसमुद्भवाम् ।
अष्टम्यां कार्तिके मासि सर्वतीर्थागमं यथा ॥८२॥
तत्सर्वं श्रावयामास राधाकुण्डे पुरा भवत् ।
ततो वै मानसीगंगां कुसुमाख्यं सरस्ततः ॥८३॥
गोविंदकुण्डनामानं पुण्यं चन्द्रसरोवरम् ।
अन्ये चापि महाकुण्डाः कृष्णक्रीडा–समुद्भवाः ॥८४॥
सर्वान् प्रकाशयामास छन्नान् भूम्यंतरे स्थितान् ।
ततश्च मथुरां प्राप्य विश्रामस्थानमुत्तमम् ॥८५॥
जन्मस्थानं हरेश्चापि वसुदेवस्य मन्दिरम् ।
कारागारं च कंसस्य रङ्गभूमिं तथैव च ॥८६॥
यत्र कंसवधस्थानं राज्यलाभो हि यत्र च ।
उग्रसेनस्य तत्सर्वं कथयामास दीक्षितः ॥८७॥
यज्ञस्थानं बलेर्यत्र तपः स्थानं ध्रुवस्य च ।
यत्र वै तपसः स्थानं नारदस्यापि शांतनुः ॥८८॥
सप्तसामुद्रिकं कूपं महाविष्णुं गतश्रमम् ।
दीर्घविष्णुं च वाराहं भूतेश्वरगत्तेश्वरौ ॥८९॥

जैसा कि द्वापर में हुआ था । भट्ट जी ने राधाकुण्ड उत्पत्ति की कथा तथा उसमें कार्त्तिक-कृष्णाष्टमी में समस्त तीर्थों के आगमन की कथा सुनायी । उसके पश्चात् आपने मानसीगंगा, कुसुमसरोवर, गोविन्द-कुण्ड, चन्द्रसरोवर तथा अन्यान्य कृष्णक्रीडासमुद्भूत भूलुप्त समस्त कुण्डों का प्राकट्य किया । आगे मथुरापुरी में जाकर वहाँ श्रीकृष्ण-जन्मस्थान, वसुदेव जी का मन्दिर, कंसकारागार, रंगभूमि, कंसवधस्थान, उग्रसेन का राज्य प्राप्तिस्थान, बलीमहाराज की यज्ञभूमि, ध्रुव जी का तपस्यास्थल, नारदतपस्यास्थल शान्तनुमहाराजजी का तपस्यास्थल, सप्त-सामुद्रिककूप तथा महाविष्णु, गतश्रमनारायण, दीर्घविष्णु, वाराह-

महाविद्यां तथा देवीं देवानन्यान् समं ततः ।
कुण्डं सिंदूरिकाख्यं च कुण्डानन्यांस्तथैव च ॥९०॥
बहुवार्षिककालेन उच्छिन्ना व्रजदेवताः ।
पुनः प्रकाशिताः सर्वे दीक्षितेन महात्मना ॥९१॥
ततो महावनं प्रागात् स्थानं नन्द-यशोदयोः ।
बालक्रीडनकं यत्र चक्रे कृष्णः स्वयं प्रभुः ॥९२॥
युग्मार्जुनगतिस्थानं पूतनापतनस्थलं ।
शकटासुर-तृणावर्तगतिस्थानं च यत्र हि ॥९३॥
ब्रह्माण्डदर्शनं स्थानं रमणाख्यं स्थलं तथा ।
गोपीनां च गृहं गत्वा कृष्णश्चौर्यं चकार यत् ॥९४॥
भांडविस्फोटनं यत्र चक्रे मातुः स्वयं हरिः ।
दाम्ना चोलूखले बद्धो मात्रा भक्तप्रियंकरः ॥९५॥
क्रीडास्थानं च तत्सर्वं श्रीकृष्णबलदेवयोः ।
गोपानां चैव तत्सर्वं कथयामास नारदः ॥९६॥
ततो वृन्दावनं प्रागात् लीलास्थानं प्रकाशयन् ।
कृष्णरासस्थलं तत्र यत्र वंशीवटः स्थितः ॥९७॥

मुक्त, भूतेश्वर, गर्त्तेश्वर, महाविद्यादेवी और-और देवताओं तथा सिन्दूर नामक कुण्ड, बहुवर्षों से लुप्त व्रजदेवता, कुण्ड समूह का प्रकाशन भी किया ॥८९-९१॥

उसके उपरान्त आप महावन के लिये पधारे वहाँ नन्दयशोदा के निवासस्थान, श्रीकृष्ण के बालक्रीडनकस्थान, यमलार्जुन गतिस्थान, पूतनाखाल, शकटासुरगतिस्थान, तृणावर्त्तगतिस्थान, ब्रह्माण्डघाट, रमणवन, गोपियों का गृह समूह, जहाँ-जहाँ श्रीकृष्ण ने चौर्य्यलीला की थी, दधीवर्त्तन, फोड़ने का स्थान, ऊखल में माता के द्वारा श्रीकृष्ण का बंधनस्थान, श्रीकृष्ण-बलदेव तथा गोपियों के क्रीडास्थली समूह का उद्धार करने लगे ॥९१-९६॥

कालीयदमनस्थानं वधस्थानं वकस्य च ।
अघासुरवधस्थानं केशिनश्च वधस्थलम् ॥९८॥
वत्सोपगूहनं यत्र ब्रह्मणा च कृतो हरेः ।
गोपवत्सस्वरूपं च श्रीकृष्णेन कृतो यतः ॥९९॥
ब्रह्मणा च स्तुतो यत्र साक्षात् कृष्णः परात्परः ।
अन्यलीलास्थलं चापि यत्र यत्र हरेः प्रभोः ॥१००॥
तत्सर्वं कथयामास नारदो भक्तरूपधृक् ।
नन्दघाटं चीरघाटं दुर्वासः स्थलमेव च ॥१०१॥
यज्ञपत्नी-समातीतभोजनस्थलमेव च ।
अरिष्टस्य वधस्थानं शंखचूडवधस्थलम् ॥१०२॥
पंचयोजनविस्तीर्णं श्रीमद्वृन्दावने हरिः ।
चकार विविधां लीलां गो-गोपी-गोपबालकैः ॥१०३॥
गोवर्द्धनो गिरिर्यत्र ब्रह्माख्यः पर्वतस्तथा ।
रुद्रपर्वत-नामा च वज्रकीलक एव च ॥१०४॥
कामसेनिगिरि र्यत्र सुवर्णाचल एव च ।
विदम्बाख्यः पर्वतश्च अटोराख्यगिरिस्तथा ॥१०५॥
सखीगिरिश्च यत्रैव ललिताजन्मनः स्थलम् ।
अन्ये च पर्वताः पुण्याः श्रीमद्वृन्दावने स्थिताः ॥१०६॥

इसके अनन्तर आप वृन्दावन के लिये पधारे वहाँ लीलास्थलियों को प्रकट भी किया। श्रीकृष्ण की रासस्थली जहाँ कि वंशीवट विराजमान है, कालीयदमनस्थान, वकासुरवधस्थान, अघासुरबधस्थान, केशीवध-स्थान, ब्रह्मा के द्वारा गोवत्स गोपनस्थान, श्रीकृष्ण के द्वारा गोवत्स स्व-रूप धारण करने का स्थान, ब्रह्मस्तुतिस्थान समूह का परिचय कराते हुए पुनः नन्दघाट, चीरघाट, दुर्व्वासास्थान, यज्ञपत्नियों के द्वारा श्री-कृष्ण का भोजनस्थान, अरिष्टासुरवधस्थल, शंखचूडबधस्थान, पञ्च-योजन विस्तीर्ण श्रीवृन्दावन क्षेत्र में श्रीहरि ने गो-गोपी गोपबालकों के

नन्द-गोपादयो यत्र वासं चक्रुः समंततः ।
गोपीनां जन्मनः स्थानं तत्तद्ग्रामेषु वर्त्तते ॥१०७॥
गोपानां जन्मनः स्थानं तत्तद्ग्रामेषु वर्त्तते ।
संकेतादिवटा यत्र षोडशैव समंततः ॥१०८॥
विहाराख्यवनं यत्र वलो रासं चकारह ।
रासस्थलं तु कृष्णस्य वनेषूपवनेषु च ॥१०९॥
धर्मार्थ-काममोक्षाख्यं वनेषु च समंततः ।
प्रतिवने चाधिवने कृष्णो रासं चकारह ॥११०॥
अष्टो भेदा वनानां च प्रत्येकं द्वादशैव हि ।
वनानि स्युश्च सर्वाणि समस्त-व्रजमण्डले ॥१११॥
सर्वत्रैव हरे र्लीला विविधा लिखिताः स्फुटाः ।
कुंजेष्वपि निकुंजेषु श्रीमद्भास्करसूनुना ॥११२॥
वृन्दावने च वहुश पंचयोजनविस्तृते ।
बालपौगंडरूपेण किशोरेण तथैव च ॥११३॥
श्रीकृष्णेन कृताः लीलाः स्थलं तत्तत् प्रकाशितम् ।
कुंडांश्च पर्वतान्वीथी र्गोपीनां गमनागमे ॥११४॥
पादचिन्हांकितान् सर्वान् नारायण उवाचह ।
प्रौढानाथो भवत् कृष्णो यत्र शैय्यास्थितो हरिः ॥११५॥

साथ बिबिध लीलाऐं की हैं। जहाँ गोवद्धंन पर्वत, ब्रह्मगिरि (बरसाना) रुद्रगिरि (नंदग्राम) बज्रकीलक, कामसेनि पर्वत, सुवर्णाचल, विदम्वपर्वत, अटोरापर्वत, सखीगिरि (जहाँ ललिताजन्मस्थान) तथा अन्यान्य पवित्र पर्वत विराजमान हैं, और भी जहाँ नन्दादि गोपों का वासस्थान, उन-उन ग्रामों में गोपियों का जन्मस्थान, गोपों का जन्मस्थान, चार ओर संकेतादि षोलहवट,बलदेवजी के रासस्थल विहारबन, वन उपबनों में श्रीकृष्ण के रासस्थल, धर्म अर्थ-काम-मोक्ष नाम के बनों में तथा प्रतिबन अधिबनों में श्रीकृष्ण के रासस्थल, इस प्रकार ब्र-

पादचिन्हं हरेर्यत्र पावनं च सरोवरं ।
मुक्तानां वपनस्थानं हाहूर्यत्रैव संस्थितः ॥११६॥
दधिमंथानकं यत्र यशोदयाः प्रियं हरेः ।
अक्रूरागमनस्थानमुद्धवागमनस्य च ॥११७॥
गवां दोहनकस्थानं गोष्ठी रामस्य बालकैः ।
नन्दस्य मन्दिरं यत्र गोपबालैः समं हरिः ॥११८॥
बालक्रीडनकं चक्रे बलदेवेन संयुतः ।
सर्वं प्रकाशितं स्थानं श्रीमद्भास्करसूनुना ॥११९॥
बृहत्सानूद्भवे तीर्थान् कथयामास दीक्षितः ।
वृषभानुसरो यत्र कीर्त्याश्चैव सरोवरम् ॥१२०॥
प्रियाकुण्डं च यत्रैव दोहिनीकुंड एव च ।
चिकित्साख्यं वनं यत्र दानलीलास्थलं तथा ॥१२१॥
मानलीलास्थलं चापि विलासस्थलमेव च ।
संकोचबीथिका यत्र बहवो रासमंडलाः ॥१२२॥
कुंडा कहुविधा यत्र तत्तल्लीलासमुद्भवाः ।
गह्वरं वर्त्तते यत्र क्रीडनार्थं हरेः सदा ॥१२३॥

जमण्डल के प्रत्येक बारह भेद प्राप्त आठों वनों में और कुंज-निकुंजों में सर्वत्र श्रीहरि के लीलास्थल विराजमान हैं, जिन्हें भास्करनन्दन श्रीनारायणभट्ट ने अपने ग्रन्थों में लिखे हैं। पञ्चयोजन विस्तीर्ण वृन्दावन में श्रीहरि ने बाल पौगण्ड तथा कैशोर स्वरूप में नाना लीलाएँ की हैं। उन सब स्थलों को आप नारायणभट्ट ने प्रकट किया है तथा कुण्ड, पर्वत, गोपियों के जाने आने का मार्ग, पाद चिन्ह से अंकित स्थानों का परिचय दिया है और भी आपने चरणपाहाड़ी, पावनसरोवर, मुक्तारोपणस्थल, हाहूस्थान, दधीमन्थनस्थान, अक्रूरागमनस्थान, उद्धवबन, गोदोहनस्थान, बाल्यक्रीडास्थान समूह का प्रकट किया। अनन्तर बरसाने में वृषभानुसरोवर, कीर्त्तिदासरोवर, प्रियाकुण्ड, दोहिनीकुण्ड, चिकित्साबन,

उच्चग्रामे तथा कुंडाः कृष्णक्रीडासमुद्भवाः ।
यत्रैव देहकुंडोऽस्ति सदा पाप-प्रणाशनः ॥१२४॥
श्यामकुंडः प्रियाकुंडः गोपीपुष्करणी तथा ।
सखीकूपोऽस्ति यत्रैव ललितानिर्मितः स्वयम् ॥१२५॥
गुहाऽपि वर्त्तते यत्र स्खलिनी वर्त्तते शिला ।
गोपीनां पादचिन्हानि मृगतृष्णासमानि वै ।
तथा संकेतकस्थाने कृष्णकुंडोऽति शोभनः ॥१२६॥
विह्वलादेविका यत्र विह्वलाख्यः सरस्तथा ।
यत्रैव विह्वला जाताः श्रीकृष्णादित्रिमूर्त्तयः ॥१२७॥
राधिकाद्यास्तथा तिस्रः गोप्यो वै विह्वलाः स्थिताः ।
कदंबलतिकां नीत्वा स्थिताः पाषाणमूर्त्तयः ॥१२८॥
रेवतीसहितो देव उच्चग्रामे विराजते ।
त्रिवेणी राजते यत्र श्रीकृष्णोल्लासमुद्भवा ॥१२९॥
ललितायाः विवाहश्च श्रीकृष्णेनाभवत् यतः ।
उलूखलं च यत्रैव अटोरगिरिमूर्द्धनि ॥१३०॥
काम्यके च वने तीर्थाः सर्वे भट्ट-प्रकाशिताः ।
चतुरशीति संख्यकाः कुंडा लीलासमुद्भवाः ॥१३१॥

दानलीलास्थान, मानलीलास्थान, विलासगढ़, संकोचमार्ग (खोरिसाँकरी) गहवरबन, ऊँचाग्राम में-देहकुण्ड, श्यामकुण्ड, प्रियाकुण्ड, गोपीपोखरा, सखीकूप, खिसलनी शिला, चरणचिन्ह, संकेतस्थान, कृष्णकुण्ड, विह्वलादेवी, त्रिवेणी, ललिताविवाहस्थानादिक, कामबन में-काशीकुण्ड, गयाकुण्ड, विमलसरोवर, भोजनथाली, चरणपाहाड़ी, बाराहकुण्ड, अयोध्याकुण्ड, कुरुक्षेत्र, पञ्चतीर्थ, यज्ञकुण्ड, धर्म्मकुण्ड, गरुड़सरोवर, गोपालकुण्ड, लंकाकुण्ड आदिक कुण्ड समूह, आदिबद्री, व्याससिंहासन, नरनारायण, गंगा, अलकनन्दा, चतुर्भुजादि मूर्त्ति, वाराहादिक मूर्त्ति, धर्म्मराज आदि देवमूर्त्ति, पञ्चपांडवों की मूर्त्ति, मनसादेवी, कामेश्वर,

चतुरशीतिस्तंभाश्च विश्वकर्मविनिर्मिताः ।
काशीकुंडो गयाकुंडो विमलाख्यसरोवरः ॥१३२॥
(भोजनस्थालिका यत्र पादचिन्हं तथा गिरौ)
श्रीवाराहस्य कुंडश्च अयोध्याकुंड एव च ।
कुरूक्षेत्रादि कुंडाश्च पंचतीर्थ्यादयस्तथा ॥१३३॥
यज्ञकुंडो धर्मकुंडो गरुडाख्यं सरस्तथा ।
गोपालकुंडनामा च लंकाकुंडस्तथैव च ॥१३४॥
रासलीला कृता यत्र श्रीकृष्णेन बलेन च ।
अन्ये च बहवः कुंडाः प्रसिद्धाः काम्यके वने ॥१३५॥
आद्यं बदरिकानाथस्थलं संराजते गिरौ ।
व्याससिंहासनं यत्र चक्रे वेदान् महामुनिः ॥१३६॥
नरनारायणौ यत्र चक्रतुस्तप उत्तमम् ।
गंगा चालकनंदा वै कुंडे यत्र समास्थिता ।
नरनारायणौ देवौ स्थितौ यत्र मुनीश्वरौ ॥१३७॥
चतुर्भुजादयो देवा श्रीवाराहादिमूर्त्तयः ।
धर्मराजादयो देवाः पांडवानां च मूर्त्तयः ॥१३८॥
अन्ये च बहवो देवाः काम्यके ये प्रकाशिताः ।
उच्छिन्ना बहुकालेन श्रीभट्टेन प्रदर्शिताः ॥१३९॥
मनसादेविकाद्याश्च शिवाः कामेश्वरादयः ।
शोपेश्वरादयश्चापि तथा चक्रेश्वरादयः ॥१४०॥

वृन्दावन में गोपेश्वर, गोवर्द्धन में चक्लेश्वर, (चक्रेश्वर) बलदेवादि विग्रह जो सब बज्रनाभ के द्वारा स्थापित हुए थे तथा बहुवर्षों से उच्छिन्न होकर लुप्त हो गये थे इन सब को प्राकट्य करने लगे। इनमें से प्राय तो कुछ मूर्त्ति कुण्डों से कुछ कुओं से प्राप्त हुई थीं तथा कुछ तो धरती के भीतर दबी हुई पड़ी थीं। ब्रजमण्डल की भूमी इक्कीस योजन की है। दक्षिण तथा उत्तर के मध्य में यमुना जी बह रही है। यमुना

स्थापिता वज्रनाभेन बलदेवादिमूर्त्तयः ।
उच्छिन्ना बहुकालेन ते सर्वे लोपमास्थिताः ॥१४१॥
प्रदर्शिताः समुद्धृत्य भट्टनारायणेन हि ।
केचित् कुंडांतरे प्राप्ताः कूपमध्ये तथा परे ॥१४२॥
पृथिव्याश्चांतरे केचित् देवा एवं समास्थिताः ।
ब्रजमंडलभूगोलमेकविंशतियोजनम् ॥१४३॥
अस्मिन् सर्वे स्थिताः तीर्थाः यमुनादक्षिणोत्तरम् ।
सार्द्ध-द्वयसहस्राणि तीर्थानि ब्रजमंडले ॥१४४॥
तीर्थान्तराणि चान्यानि प्रत्यक्षं दर्शितानि च ।
श्रीकृष्णाज्ञामनुप्राप्य भट्टनारायणेन हि ॥१४५॥
नान्यो भट्टान्महाप्राज्ञो ब्रजस्योद्धारकों भवत् ।
तस्यैवानुग्रहेणान्ये जानंति ब्रजमंडलम् ॥१४६॥
तेनैव शिक्षिता सर्वे यात्रां कुर्वन्ति मानवाः ।
रङ्गदेवी तु भट्टस्य प्रविष्टा हृदये सदा ॥१४७॥
तेनावेशावतारोऽयं रङ्गदेव्याश्च कथ्यते ।
कः समर्थो ब्रजं वक्तुं सर्वं भट्टप्रकाशितम् ॥१४८॥
यथा-ज्ञानमहं वक्ष्ये तस्यैवानुग्रहेण हि ।
श्रीनारायणभट्टेन वृहद्ब्रजगुणोत्सवे ॥१४९॥

जी की दोनों दिशा में ढाई हजार तीर्थ मौजूद हैं। वे तीर्थ तथा अन्यान्य तीर्थ समस्त ही अब प्रकटित होने लगे। श्रीकृष्णचंद्र की आज्ञा से प्रेरित होकर श्रीमन्नारायणभट्ट जी ने इस तरह समस्त तीर्थों का प्राकट्य किया है। ब्रज का उद्धार करने में भट्ट जी के अतिरिक्त और कोई बुद्धिमान नहीं हुआ है। उनके ही अनुग्रह से यह ब्रजमण्डल प्रकट हुआ तथा सब कोई ब्रजमण्डल को जानने लगे हैं। तभी से भट्टजी से सीखकर सब कोई ब्रजयात्रा कर रहे हैं। उनके हृदय में रङ्गदेवी का प्रवेश है, इसलिये वे रङ्गदेवी के आवेशावतार हैं। ब्रज का वर्णन करने के लिये

सर्वं सुविस्तरं प्रोक्तमन्यग्रन्थेषु चैव हि ।
अतश्चरितवर्य्येऽस्मिन् संक्षिप्तं लिखितं मया ॥१५०॥
यदा संकेतकं स्थानं ययौ भास्करनन्दनः ।
न ददर्श प्रतिच्छन्नं लता-गुल्म-समाकुलम् ॥१५१॥
वटच्छायां समाश्रित्य कुत्र शैय्यास्थलं हरेः ।
इति चिंताकुलो भट्टश्चिंतयामास नारदः ॥१५२॥
श्रीराधारमणौ तत्रायतुर्दंडघोटकौ ।
बालस्वरूपिणौ दिव्यौ क्रीड़तौ तावितस्ततः ॥१५३॥
भूमौ कुंडलिकां कृत्वा लकुटेन गतौ ततः ।
भट्टनारायणो ज्ञात्वा राधाकृष्णौ हि तावुभौ ॥१५४॥
दृष्ट्वा कुंडलिकां तत्र संकेतं ज्ञातवान् मुनिः ।
मनसा प्रणतिं कृत्वा स्तुतिं चक्रे च मानसीम् ॥१५५॥
मन्दिरं कारयामास यत्र शैय्यास्थलं हरेः ।
संकेतदेविका यत्र श्रृङ्गारस्थलमेव च ॥१५६॥

किसकी शक्ति है ? अतः आपने ही कृपा करके सब का प्रकट किया है । भट्टजी ने निज विरचित बृहत् व्रजगुणोत्सव नामक ग्रन्थ में तथा अन्यत्र भी इन सब बातों को विस्तार के साथ वर्णन किया है । अतः मैं यहाँ संक्षेप से ही लिखता हूँ ॥६८–१५०॥

जब आप संकेतस्थल में गये तब वहाँ श्रीराधाकृष्ण का शैय्यास्थान जो कि लता-गुल्मों से आच्छादित था । उसे देख चिन्तायुक्त होकर एक वृक्ष के नीचे बैठ गये और सोचने लगे । आपने देखा कि उस समय श्रीराधिका और रमण बालस्वरूप में दण्डघोटक (डंडोंओं को घोड़ा बनाकर) रूप में बन कर इधर उधर क्रीडा करते हुए खेल करते हुए भूमी पर लकुट (लठिया) के द्वारा कुण्डलिया (गोलाकार) खींच कर वे चल दिये । आप इस इसारे से सभी बात जान गये । वही शैय्यास्थान है ऐसा जान कर आपने वहीं मन्दिर निर्म्माण कराकर

राधारमणमूर्त्तिश्च यत्र स्थाने विराजते ।
एवं ब्रजेषु सर्वत्र लीलास्थानं प्रकाशयन् ॥१५७॥
श्रीकुंडे हि स्थितिं चक्रे मोहनस्य समीपतः ।
लाड़िलेयः स्वयं तस्य प्रत्यक्षो वर्त्तते प्रभुः ॥१५८॥
आज्ञापयामास मुदा लीलास्थानं निजं सदा ।
सप्त ग्रन्थांस्तथा गोप्यान् चकार मुनिपुंगवः ॥१५९॥
ब्रजभक्तिविलासं च चक्रे ब्रजप्रदीपिकां ।
ब्रजोत्सवचंद्रिकां च तथा ब्रजमहोदधिम् ॥१६०॥
ब्रजोत्सवाल्हादिनीं च बृहत्ब्रजगुणोत्सवम् ।
ब्रजप्रकाशनामानं चक्रे भास्करनन्दनः ॥१६१॥
वामनाख्यान् तथैवान्यान् ग्रन्थान् कालांतरे प्रभुः ।
उच्चग्रामं समास्थाय चक्रे भास्करनन्दनः ॥१६२॥
ब्रजयात्रा-क्रमो यत्र कुंडानां मन्त्र-देवताः ।
बाराहेण पुरा प्रोक्तं भूम्यै कृतयुगे च यत् ।
ब्रजमण्डलमाहात्म्यं मुनिना कथितं हि तत् ॥१६३॥

राधारमण विग्रह की स्थापना की । वहीं संकेतदेवी तथा शृङ्गारस्थल भी विराजमान है । इस प्रकार आप ब्रज के समस्त तीर्थों का प्राकट्य कर श्रीराधाकुण्ड में गये तथा वहाँ भी मदनमोहनजी के निकट निवास करने लगे । तीर्थप्राकट्य समय में संग में जो लाडिलेय बालस्वरूप मूर्त्ति रूप में थे वे ही आपके लिए तीर्थों को सूचना करा देते थे । आप ने ही राधाकुण्ड पर ब्रजभक्तिविलास, ब्रजप्रदीपिका, ब्रजोत्सवचन्द्रिका, ब्रजमहोदधि, ब्रजोत्सवाल्हादिनी, बृहत्ब्रजगुणोत्सव तथा ब्रजप्रकाश नामक सातों ग्रन्थ की रचना की है इस प्रकार कालान्तर में भी आपने उँचे-ग्राम में बावन ग्रन्थों का निर्म्माण किया था । आप अनेक ग्रन्थों के रचयिता हैं । जिन में ब्रजयात्रा का क्रम, कुण्डों के मन्त्र-देवता आदिक सविस्तर वर्णित हैं । जिनका वर्णन सत्ययुग में पृथिवी के लिये वाराह

इत्थं कृष्णपरायणो मुनिवरो लीलास्थलं श्रीहरेः
प्रत्यक्षं कृतवान् जगत्त्रयहितं कृष्णाज्ञया संभवः ।
कृत्वा कामविमोहनाय प्रणतिं श्रीलाडिलेयं प्रभुं
नीत्वा ग्राममथान्वगाद्गिरिवरे ह्युच्चाभिधानं ततः ॥१६४॥

इति श्रीनारदावतारनारायणभट्टाचार्य्यकुलोद्भवगोस्वामीरघुनाथात्मज गोस्वामीजानकीप्रसादविरचिते श्रीचरितामृते श्रीमदनमोहनप्रादुर्भावे श्रीराधाकुंडादि-सर्वतीर्थप्रकाशकथनो नाम द्वितीय आस्वादः ॥२॥

अथ नारायणो धीमानुच्चग्रामं समागतः ।
सर्वं प्रकाशयामास कुंडान् स्थानानि चापि हि ॥१॥
एकदा श्रावणे मासि मध्यान्हादुत्तरे दिने ।
ग्रामस्य दक्षिणे गावो वृक्षमूलमुपाश्रिताः ॥२॥
मेघा इतस्ततो याता अम्बरो निर्मलो भवत् ।
चंडरश्मिस्तदा सूर्यः सर्वतः प्रतपन् बभौ ॥३॥
न गच्छन्ति ततो ग्राम्या गृहात् घर्मभयात् बहिः ।
वनेऽपि वर्त्तते तत्र सिंहव्याघ्रादिजं भयम् ॥४॥

भगवान् ने किया था, उन समस्त माहात्म्यों को भट्टजी ने विस्तार के साथ अब कहा है। इस प्रकार कृष्णपरायण मुनीश्वर ने त्रिजगत् में श्रीकृष्ण की लीलास्थलियों को उनकी ही आज्ञा से साक्षात् प्रकट किया है। अब आप मदनमोहन जी को प्रणाम कर लाडिलेय स्वरूप को संग में लेकर ऊँचेग्राम में पधारे ॥१५४-१६४॥

एक समय श्रावण मास मध्यान्ह के पश्चात् ग्राम के दक्षिण दिशा की तरफ कुछ गौऐं एक वृक्ष के नीचे छाया में बैठी हुई थीं। मेघों के इधर उधर संचालन से आकाश निर्मल था। सूर्य्य के प्रचण्ड ताप से मनुष्य बाहिर नहीं निकल सकते थे। जंगल में शेर, बघेर का भी भय

गवां समीपे भट्टोऽपि वृक्षमूलाश्रितो भवत् ।
एका गौस्तासु चोत्थाय जगाम गहनं वनम् ॥५॥
सिंहव्याघ्रादिजं चापि भयं सा गौर्न मन्यते ।
न चोष्णत्वं च चंडांशो र्मन्यते सा कथंचन ॥६॥
तस्या मार्गं हि जग्राह दीक्षितो मुनिसत्तमः ।
सा गौः शनैः शनैस्तत्र प्रविवेश महद्वनम् ॥७॥
हिंसवृक्षसमाकीर्णं छन्नमार्गं च पादपैः ।
दीक्षितोऽनुययौ तस्याः नारायण उदारधीः ॥८॥
हिंसवृक्षतले तस्याः सुस्राव बहुशः पयः ।
गौरांगो बालकश्चैकः पयः पीत्वा व्यलीयत ॥९॥
पुनस्तत्राययौ सा गौर्यत्र गावः समास्थिताः ।
भट्टनारायणश्चापि तं दृष्ट्वा दिव्यबालकम् ॥१०॥
हृदि मेने ह्ययं बालो रामो भवति निश्चितम् ।
तस्थौ तत्रैव धर्मात्मा हृदि ध्यानपरो मुनिः ॥११॥
किञ्चिद्दाव्यन्तरे देवः स्वप्नं तस्मै ददौ हली ।
पृथिव्या ह्यन्तरे वत्स मम मूर्त्तिर्विराजते ॥१२॥

था । भट्ट जी वहाँ निर्भय बैठे हुए थे । आपने देखा कि उन गौओं में से एक गौ उठकर-बघेरों का भय न करती हुई हींस वृक्षों से आच्छादित घोर बन के भीतर चली गई । भट्टजी इस कौतुक देखने के लिए उसके पीछे-पीछे छिप कर चलने लगे । आपने देखा कि एक गौरवर्ण सुन्दर बालक वहाँ आकर बैठ गया । और वह गौ खड़ी होकर दूध बहाने लगी तथा बालक दूध पीकर चल दिया । पुनः गौ भी अपने स्थान पर आ गई । भट्टजी ने जान लिया कि यह बालक श्रीबलदेवजी हैं । आप चिन्तित होकर कुछ तन्द्रायुक्त से हो गये । आपने देखा कि वह बालक आकर कहने लगा कि भट्टजी ! यहाँ पृथ्वी के नीचे मेरी मूर्त्ति दबी हुई पड़ी है । पीठ में शीला लगी रहने के कारण मैं भारा-

रैवतीरमणं मां त्वं प्रकटीकर्त्तुमर्हसि ।
शिलापृष्ठस्वरूपोऽहं भाराक्रांतोऽस्मि दीक्षित ॥१३॥
प्रातःकाले ततो भट्टो जनानाहूय सर्वतः ।
खननं कारयामास भूमेस्तैर्व्रजवासिभिः ॥१४॥
शिलापृष्ठस्वरूपं तत् रेवतीरमणस्य सः ।
गृहीत्वा स्थापयामास मन्दिरे तृणनिर्मिते ॥१५॥
मथुरायां समायातः साहावाकबरच्छत्रधृक् ।
श्रुत्वा तं नारदं भट्टं प्रत्ययार्थं तदा मुनेः ॥१६॥
स्वकान् प्रस्थापयामास ह्यश्वारूढान् बहून् जनान् ।
उच्चग्रामे समागत्य प्रोचुस्ते मुनिसत्तमम् ॥१७॥
गन्तव्यं भविता शीघ्रं समीपं चक्रवर्तिनः ।
स च नारायणः श्रीमानभिमानविवर्जितः ॥१८॥
प्रतस्थे पादुकारूढः पृष्ठेन मथुरां प्रति ।
नेत्रे चाच्छाद्य वस्त्रेण ह्यश्वानामग्रतो ययौ ॥१९॥
अश्वारूढाश्च ते सर्वे धावमानाः प्रयत्नतः ।
अग्रे वै दृश्यते भट्टः पश्चादश्वास्तदा भवन् ॥२०॥

क्रान्त हूँ । मैं रेवतीरमण बलदेव हूँ । जहाँ में दूध पी रहा था वहाँ से तुम मेरे को उद्धार करो । प्रभात हुआ, भट्ट जी ग्राम के अनेक व्रज-वासियों को संग में लेकर धीरे-धीरे धरती खोदने लगे तब उनको स्व-प्नदृष्ट मूर्त्ति प्राप्त हुई । आप एक तृण रचित मन्दिर बनवा कर उस बड़ी में उन्हें पधरा कर सेवा करने लगे ॥१-१५॥

उसी समय चक्रवर्त्ती बादशाह अकबर का मथुरा में आगमन हुआ था, आपने उस बात को सुनकर प्रतीति के लिये लोगों को भेजा । वेगवान् घोड़ों के ऊपर सबार होकर राजदूत वहाँ आकर बादशाह आपको बुलाता है ऐसा सुनाने लगे तब भट्ट जी पैदल ही चलि दिये परन्तु वेगवान् घोड़ों के आगे-आगे जाते थे घोड़े वाले इस बात को देखकर

चकितास्ते विलोक्यैनं प्रोचुः प्राञ्जलयस्तदा ।
भवता नैव गन्तव्यं वयं गच्छामः पूर्वतः ॥२१॥
इत्युक्त्वा ते गताः सर्वे प्रोचुर्नृपसमीपतः ।
दृष्टो मुनि महाराज तादृग्वेशः समागतः ॥२१॥
मार्गे हि स्थापितोऽस्माभिस्तेजसार्क इवापरः ।
किं कर्त्तव्यमिहास्माभिस्तदा ज्ञापय नः प्रभो ॥२२॥
तच्छ्रुत्वाकबरो धीमान् तान् प्राहाज्ञानुवर्त्तिनः ।
स्वस्थानं गच्छतु मुनि व्रज-विक्षेपविह्वलः ॥२३॥
दृष्टो येन हरिः साक्षात् स कं पश्यन् ग्रहिष्यति ।
राजदूतास्तदागत्य राजसंदेशमब्रुवन् ॥२४॥
तच्छ्रुत्वा नारदो धीमान् स्वस्थानं पुनरायथौ ।
बलदेवस्य सेवां स कृतवान् विधिपूर्वकम् ॥२५॥
टोडर्मलो धनाध्यक्षो कबरस्य बभूव ह ।
दिदृक्षु राजसंदेशात् श्रीभट्टं ग्राममाययौ ॥२६॥
जहर्ष च महाबुद्धिः स दृष्ट्वा भास्करात्मजम् ।
रेवतीरमणं दृष्ट्वा परं हर्षं जगाम ह ॥२७॥

विस्मित हो गये तथा विनती के साथ भट्ट जी को कहने लगे कि आप आगे मत चलिये, यहाँ ही बैठिये, जब तक कि हम सब बादशाह की आज्ञा लेकर आते हैं। कर्म्मचारियों ने अकबर के पास जाकर समस्त वृतान्त सुनाया। अकबर ने आज्ञा दी कि उन्हें यहाँ मत लाओ उनको आपने स्थान पर ही जाने दो। इधर मध्य रास्ते में से ही आप भट्ट जी स्वयं वर के लिये चल दिये तथा वहाँ विधि के साथ बलदेव जी की सेवा करने लगे। अनन्तर अकबर की आज्ञा से कोषाध्यक्ष टोडरमल्ल भट्ट जी के पास जाकर प्रसन्नता के साथ कुछ सेवा के लिये प्रार्थना करने लगा। भट्ट जी ने कहा है यदि तुम्हारा आग्रह है तो बलदेव जी का मन्दिर, जिन-जिन कुण्ड-तीर्थों का मैंने प्राकट्य किया है

कृतांजलिपुटो भूत्वा प्रार्थयामास दीक्षितम् ।
आज्ञापय हि मां ब्रह्मन् सेवनार्थं समागतम् ॥२८॥
कृतार्थं कुरू मां स्वामिन्नागतं राजशासनात् ।
तमुवाच द्विजश्रेष्ठो रेवतीरमणस्य हि ॥२९॥
मन्दिरं कुरूताच्छ्रीघ्रं यदि तेऽतिमनोरथः ।
ये च कुंडा मया सर्वे ब्रजमध्ये समुद्धृताः ॥३०॥
सोपानं तत्र कर्त्तव्यं किंचित् किंचित्त्वयानघ ।
हिंडोलकादिकं स्थानं कुत्रचित् रासमण्डलम् ॥३१॥
सर्वत्रैव प्रकर्त्तव्यं भगवत्सेवनं त्वया ।
प्राचीनं मन्दिरं यत्र जीर्णोद्धारं कुरूष्व तत् ॥३२॥
टोडर्मलोऽपि धर्मात्मा तत्सर्वं कृतवांस्तदा ।
सुदृढं कारयामास बलदेवस्य मन्दिरम् ॥३३॥
अथ नारायणो भट्ट आययौ ब्रह्मपर्वते ।
प्रदक्षिणां प्रकुर्वाणः पश्यन् पादपगह्वरम् ॥३४॥
गोपीभावं समास्थाय विचचार महामुनिः ।
अकस्मात् ददृशे तत्र राधिकां बालरूपिणीम् ॥३५॥
अतिकोमलपादाभ्यां लालेन सह गामिनीम् ।
दृष्ट्वा नारायणो भट्टः कृतांजलिपुटो भवत् ॥३६॥

इन सब में ही सिढ़ियों का निर्म्माण, कुण्डों का खनन, हिंडोला तथा रासमण्डपों का निर्म्माण और प्राचीन मन्दिरों का जीर्णोद्धारादि कार्य्य करा दीजिये। भट्ट जी की इस प्रकार आज्ञा पाकर टोडरमल्ल ने आसान रूप सब तीर्थों को बनवाया ॥२६ ३३॥

अनन्तर भट्ट जी ब्रह्मपर्व्वत (बरसाना) में पधारे और वहाँ आप गोपीभाव से विचरण करने लगे। एक दिन देखा कि सहसा श्रीलालजी के साथ बालरूपिणी श्रीराधिका जी निज कोमल-सुन्दर चरणों से गमन कर रहीं थीं। तब भट्ट जी हाथ जोड़ कर प्रेममग्न हो खड़े हो गये।

तमुवाच तदा राधा कृतार्थस्त्वं द्विजोत्तम ।
मम दर्शनमात्रेण तथाप्याज्ञां करोमि ते ॥३७॥
आगन्तव्यं त्वया ब्रह्मन्नर्द्ध रात्रादनन्तरम् ।
अत्रैव मम मूर्त्तिस्तु वर्त्तते ब्रह्म-पर्वते ॥३८॥
लप्स्यसि त्वं न संदेहो मूर्तिं मे मानुषाकृतिम् ।
इत्युक्त्वा लाड़िलीलालौ तत्रैवांतरधीयताम् ॥३९॥
नारायणोपि तत्रैव समये प्राप्तवान् मुनिः ।
ददर्श युगलं तत्र मूर्त्ति-रूपधरं परम् ॥४०॥
अभिषेकं च कृतवान् भट्टो भास्कर-संभवः ।
पितृभ्यां लालिता राधा लाड़िली सा प्रकीर्तिता ॥४१॥
स्वसुरस्य गृहे कृष्णो लालाख्यो भाष्यते जनैः ।
नामधेयं ददौ भट्टो लाड़िलीलाल इत्यपि ॥४२॥
चकार विधिवत्सेवां श्रीमद्भास्करनन्दनः ।
लाड़िलीलालयो र्नित्यं रेवतीबलयोरपि ॥४३॥

श्रीराधिका जी कहने लगीं तुम मेरी आज्ञा का पालन करो। इस पर्व्वत पर मेरी मूर्त्ति मौजूद है। जो अर्द्ध रात्र में आने पर तुम्हें मिल जायेगी। उसे निकाल कर सेवादि करो। ऐसा कह कर इशारा करती हुई श्रीलाल के साथ वहीं अन्तर्द्धान हो गईं। भट्ट जी यथा निर्देश वहाँ पर गये तथा ढूढ़ने पर दोनों युगल मूर्त्ति को पाकर बड़े प्रसन्न हुए। आप उन दोनों स्वरूपों को यथाविधि अभिषेकादि के द्वारा पधरा कर सेवादि करने लगे। आज कल बरसाने के पर्व्वत पर ही श्रीजी की मूर्त्ति विराजमान है। देश के लाखों मनुष्य उनके दर्शन करते हुय श्रीभट्ट जी के इस महान् उपकार का स्मरण-मनन भी करते हुए कृत्यकृत्य हो रहे हैं। पिता माता दोनों से लालित होने के कारण श्रीराधिका जी लाडिली नाम करके कही जाती हैं। और ससुर के घर पर श्रीकृष्णचन्द्र "लाल" करके सबसे बोले जाते हैं। इस प्रकार भट्टजी बर-

ततश्च भास्करो विद्वान् शास्त्रदृष्टेन कर्मणा ।
विवाहं कारयामास गोपालस्य महात्मनः ॥४४॥
नारायणोऽपि धर्मात्मा विवाहं पितुराज्ञया ।
कृत्वा बहुविधान् धर्मानास्थितो गृहमेधिनाम् ॥४५॥
दामोदरो बभूवाथ पुत्रो नारायणस्य च ।
अतीव सुन्दरो बालः शरच्चन्द्र इवामलः ॥४६॥
पितामहः समादाय तं निनाय निजं गृहम् ।
विद्यां च पाठयामास स्वदेशे भास्करो मुनिः ॥४७॥
अथ तत्रागतो देशात् पुत्रो दामोदरः सुधीः ।
नारायणस्य धर्मात्मा सर्वशास्त्रविशारदः ॥४८॥
आवेशं कुरूते यस्य सुदेवी हृदये सदा ।
दामोदरः स्वपितरं प्रणम्य प्रांजलिः स्थितः ॥४९॥
अन्येऽपि बहवो विप्रास्तैलंगाः समुपागताः ।
तेऽपि नारायणं दृष्ट्वा दंडवत् पतिता भुवि ॥५०॥

साने में लाडिली-लाल तथा ऊँचे ग्राम में रेवतीरमण बलदेव जी की सेवा सँम्भारने लगे ॥३४-४३॥

इसके अनन्तर भास्कराचार्य्य ने अपने बड़े पुत्र गोपाल जी का विवाह कर दिया। धर्म्मात्मा नारायणभट्ट जी भी पिताजी की आज्ञा से अपना विवाह करके गृहस्थाश्रम धर्म्म का पालन करने लगे। कुछ दिवस उपरान्त उनके दामोदरनामक पुत्र हुआ। उन्हें पितामह भास्कराचार्य्य जी ने अपने देश ले जाकर विद्यादि पढ़ाई। दामोदर जी समस्त विद्याओं में विशारद होकर ब्रज में आये तथा पिताजी के पास से युगलोपासना. मन्त्रोपदेश, सम्प्रदायरहस्यों की शिक्षा ग्रहण करने लगे। उन्हें सुदेवी जी का आवेश स्वरूप जानना चाहिये। भट्ट जी अपने पुत्र को वैष्णव धर्म्म में संस्कृत कराकर सम्प्रदायरहस्यों को सिखाने लगे तथा उनको "रेवतीबलदेव" और "श्रीलाड़िलीलाल" के चरण स्पर्श क-

नारायणः स सर्वेभ्य आशिषं दत्तवान् मुनिः ।
आगतानां च सर्वेषामातिथ्यं कृतवांस्तदा ।
दामोदरं प्रियं पुत्रमंके नीत्वा मुदं ययौ ॥५१॥
तं वै दामोदरं सूनुं नारायण उदारधीः ।
मन्त्रोपदेशं कृतवान् युगलोपासनात्मकम् ॥५२॥
संप्रदायरहस्यं च ददौ तस्मै मुदान्वितः ।
चरणौ स्पर्शयामास रेवतीबलदेवयोः ॥५३॥
लाड़िलीलालयोश्चापि शास्त्रदृष्टेन कर्मणा ।
तदा मोदो महान् नृणां सर्वेषां समजायत ॥५४॥
वैष्णवाश्च समागत्य सर्वतः सांप्रदायिकाः ।
ब्रजप्रकाशकं भट्टं ब्रजाचार्य्ये समर्चयन् ॥५५॥
अभिषेकं च ते सर्वे चक्रुर्भट्टस्य वैष्णवाः ।
मन्त्रैर्वेदोदितैर्दिव्यैर्ब्राह्मणा वेदपारगाः ॥५६॥
उपायनं ददुस्तस्मै ब्रजभक्तिरताश्च ये ।
तदा मोदो महान् नृणां समस्तब्रजमण्डले ॥५७॥

राए । इससे लोगों को बड़ा भारी आनन्द हुआ । उस समय समस्त वैष्णव समाज ने आकर ब्रजप्रकाशकारी श्रीभट्टजी को ब्रजाचार्य्यपद से अभिषिक्त किया और ब्राह्मणों ने वेदमन्त्रों से विधि पूर्वक अभिषेक किया तथा ब्रजवासियों ने विविध उपहार प्रदान किए । कोई-कोई गान करने लगे, कोई नृत्य करने लगे, कोई कोई "मुनीश्वर श्रीभट्टजी धन्य हैं, जिन्होंने ब्रज में लुप्ततीर्थों का पुनः दर्शन कराया । हम ब्रजमण्डल को नहीं जानते थे । अब जान कार होकर कृतार्थ हुए ऐसा कहकर जयध्वनि करने लगे । सब ने निश्चय किया कि-हम सब के ये ही आचार्य्य हैं, आप ही मनुष्यों को कृष्णभक्ति देने वाले हैं, पूज्य हैं तथा साक्षात् कृष्ण हैं । क्योंकि श्रीभागवत में भगवान ने कहा है-मेरे को ही आचार्य्य रूप से जानना चाहिये । मेरे आचार्य्य स्वरूप को कभी अवमानना

केचिद्गायन्ति नृत्यन्ति वदन्ति च परस्परम् ।
वादित्राणि विचित्राणि वादयन्तो मुहुर्मुहुः ॥५८॥
धन्योऽयं मुनिवर्यस्तु येनायं दर्शितो व्रजः ॥५९॥
कृष्णक्रीडास्थलान्यत्र दर्शितानि बहूनि च ।
किं जानीमो वयं सर्वे देशोऽयं व्रजमण्डलः ॥६०॥
गोपीगोपयुतो नित्यं यत्र सन्निहितो हरिः ।
जीवन्मुक्ताः कृताः सर्वे वयं हि व्रजवासिनः ॥६१॥
अस्माकं चैव सर्वेषामाचार्य्योऽयं मुनीश्वरः ।
कृष्णभक्तिप्रदो नृणां पूज्यः कृष्ण इवापरः ॥६२॥
यथा भागवते प्रोक्तं स्वयं भगवता वचः ।
आचार्यं मां विजानीयात् नावमन्येत कर्हिचित् ॥६३॥
न मर्त्यबुद्ध्यासूयेत सर्वदेवमयो गुरुः ॥६४॥
श्रीनारायणभट्टोऽपि सिंहासनवरे स्थितः ।
जगृहे पूजनं तेषां कृष्णभक्तिरतात्मनाम् ॥६५॥
ब्राह्मणेभ्यो ददौ श्रीमान् दक्षिणां विपुलां तदा ।
विविधानि च दानानि याचकेभ्यो ददौ मुदा ॥६६॥
तदा ते वैष्णवाः सर्वे प्रणेमुर्भास्करात्मजम् ।
दामोदरं च ते सर्वे गोस्वामीति तदा जगुः ॥६७॥
एकादश्यां भाद्रशुक्लेऽभिषेकः समजायत ।
नारायणस्य भट्टस्य तैः सर्वैः वैष्णवैः कृतः ॥६८॥

नहीं करें । उन्हें मनुष्यबुद्धि से किसी प्रकार निन्दा न करें । क्योंकि आचार्य्य सर्व्वदेव रूप हैं ॥४४-६४॥

इस प्रकार श्रीनारायणभट्ट जी आचार्य्य सिंहासन पर विराजमान होकर भक्तिपरायण सब भक्तों की पूजा ग्रहण करने लगे । आपने ब्राह्मणगण तथा याचकों को विविध दान-दक्षिणा दी वैष्णवों ने श्रीभट्टजी को प्रणाम किया । तब से सब कोई दामोदर जी को गोस्वामी सम्बन्ध

अथैकौ ब्राह्मणो धीमान् यं वै भाठोठियां विदुः ।
मन्त्रोपदेशं जग्राह श्रीमद्भास्करनन्दनात् ॥६९॥
सेवनाद्बलभद्रस्य बलभद्रीति यं जगुः ।
नारायणदास इति तस्मै नाम ददौ गुरुः ॥७०॥
तस्य शिष्यास्तु बहवो बभूवुः पृथिवीतले ।
गोविंददास इत्येकः श्यामदासस्तथापरः ॥७१॥
कृष्णदासस्तथा चान्यः गंगावायीति चापरा ।
गंगावायी जगन्नाथं प्राप्ता श्रीपुरुषोत्तमम् ॥७२॥
तत्रोवास महाबुद्धिर्मालासेवां चकारह ।
एकदा मालिकाकार्ये विलम्बं समजायत ॥७३॥
सुष्वापाथ जगन्नाथो राजभोगादनन्तरम् ।
गृहीत्वा मालिकां तत्र गंगावायी समागता ॥७४॥
स्वयमुत्थाय देवेशो मालिकां जगृहे प्रभुः ।
ततः प्रभृति सा गंगा प्रसिद्धा पृथिवीतले ॥७५॥

करके कहने लगे । भाद्रशुक्ला एकादशी के दिवस यह अभिषेक हुआ था ॥६५-६८॥

अनन्तर भाठोठिया नामक बुद्धिमान् ब्राह्मण ने भट्ट जी से मन्त्रोपदेश ग्रहण किया । बलभद्र जी की सेवा करने के कारण उनको सब कोई बलभद्री कहने लगे । गुरु भट्ट जी ने ही उनका नाम नारायणदास रखा और उनके बहुत शिष्य प्रशिष्य हुए । गोविन्ददास, श्यामदास, कृष्णदास आदिक भी शिष्य ही थे तथा गंगावाई नाम्नी शिष्या भी थी । यह गंगावाई जगन्नाथपुरी में रहती थी तथा जगन्नाथदेव की माला सेवा किया करती थी । एक समय किसी कारण से माला-बनाने में विलम्ब हो गया । पुजारीगण ने राजभोग के पश्चात् शयन करा दिया था । जगन्नाथजी स्वयं शयन से उठ कर माला ग्रहण करने लगे । तब से गंगावाई जग प्रसिद्धा हुई ॥६९-७५॥

अथ तत्रागतश्चैकः श्रोत्रियो ब्राह्मणोत्तमः ।
बरसानौ पुरेऽवासीत्पृथिवीं पर्यटन् गतः ॥७६॥
तीर्थस्नायी महाप्राज्ञो ब्रह्मचारी द्विजोत्तमः ।
न ददर्शात्मनो योग्यं शास्त्रज्ञं ब्राह्मणं गुरुम् ॥७७॥
अशीतिवर्षावस्थाऽभूत् तस्य पर्य्यटतः क्षितिम् ।
श्रुत्वा नारायणाचार्यमुच्चग्रामं स आगतः ॥७८॥
स च नारायणं दृष्ट्वा महाहर्षमुपागतः ।
स प्रणम्य महाप्राज्ञं श्रीमद्भास्करनन्दनम् ॥७९॥
चचार विविधान् प्रश्नान् दुर्विज्ञेयांश्च पंडितैः ।
तत्तत्प्रश्नोत्तरं तस्मै प्रहसन् भास्करात्मजः ॥८०॥
ददौ चान्यं रहस्यं च जगाद मनिसत्तमः ।
ततः स श्रोत्रियो विप्रो परं विस्मयमापह ॥८१॥
कथं वै समभूदेषा बुद्धिरस्यातिमानुषी ।
इत्येवं चितयामास स तदा श्रोत्रियो द्विजः ॥८२॥
क्षणमात्रं द्विजो धीमान् ध्यानस्तिमितलोचनः ।
ददृशे नारदं भट्टं वीणाहस्तं मुनीश्वरम् ॥८३॥
प्रणम्य भुवि कायेन दंडवत् पतितो भवत् ।
सोऽपि शिष्यो भवद्धीमान् दीक्षितस्य महात्मनः ॥८४॥
नारायणदास इति तन्नामापि बभूवह ।
स्वामीति तं तदा सर्वे प्रोचुर्वै वैष्णवाः जनाः ॥८५॥

अनन्तर एक श्रोत्रिय ब्राह्मण समस्त पृथ्वी में तीर्थों का पर्य्यटन करते हुए आत्मतुल्य गुरु न पाकर बरसाने में आये । उनकी अवस्था ८० वर्ष की थी । आप भट्ट जी से ऊँचेग्राम में मिले तथा आपसे विविध प्रश्न पूछने लगे । भास्करनन्दन ने सबका उत्तर दिया तथा अनेक रहस्यों का उन्हें अनुभव कराया। ब्राह्मण ने विस्मित होकर ध्यान से देखा कि भट्ट जी साक्षात् नारद स्वरूप हैं । ब्राह्मण उनके चरणों में गिर गया तथा

अथ नारायणः श्रीमानधिकारं तदादिशत् ।
दामोदराय पुत्राय तस्मै च श्रोत्रियाय वै ।।८६।।
रेवतीरमणस्यापि लाड़िलीलालयोरपि ।
दामोदरस्तु कुरूतादारार्त्तिं देवयोर्द्वयोः।।८७।।
नारायणाख्यदासोऽयं परिचर्य्यां करोतु वै ।
लाड़िलीलालदेवस्य बरसानौ समास्थितः ।।८८।।
दामोदरस्य वंश्या ये भवेयुः श्रोत्रियस्य च ।
एवमेव प्रकुर्वन्तु मदाज्ञापरिपालकाः ।।८९।।
दामोदरस्य शिष्यास्ते भवेयुः श्रोत्रियात्मजाः ।
द्वयोर्मन्दिरयोश्चायं गद्यां दामोदरः स्थितः ।।९०।।
शिक्षां करोतु सर्वेभ्यः शिष्येभ्यो महतां महान् ।
एवमुक्ता महाप्राज्ञः समाहूय द्विजोत्तमान् ।।९१।।
दामोदरस्य पुत्रस्य विवाहं समसाधयत् ।
स नारायणदासोऽपि विवाहं कृतवान् द्विजः ।
गुरोराज्ञामनुप्राप्य सेवार्थं नित्यदा हरेः ।।९२।।

उनका शिष्य हो गया । उन्हीं का नाम नारायणदास है । वैष्णवगण उन्हीं को स्वामी नाम से पुकारते थे ।।७६-८५।।

अब श्रीनारायणभट्ट जी अपने पुत्र दामोदर तथा श्रोत्रिय नारायणदास जी को अपना अधिकार देने लगे । "रेवतीरमण" और "लाडिलीलालजी" की आरती सेवा दामोदर करें और नारायणदासश्रोत्री दोनों की अन्य परिचर्य्या किया करें । दामोदर के परिकर तथा श्रोत्री जी के परिकर भी मेरी आज्ञा को इस प्रकार पालन करते रहें । दोनों मन्दिरों की गद्दी पर दामोदर स्थित रहैं तथा सबको शिक्षा देते रहें, ऐसा कह कर उन्होंने अपने पुत्र दामोदर का विवाह कर दिया । नारायणदासजी भी श्रीगुरु आज्ञा से हरिसेवार्थ विवाह करने लगे । दामोदरवंशज तथा श्रोत्रियवंशजों ने यथा निर्देश सेवा का समाधान किया ।

दामोदरस्य वंश्याश्च बभूवुः श्रोत्रियस्य च ।
चक्रुस्तथैव ते सेवां स्वं स्वं धामं न तत्यजुः ॥९४॥
यादृशीं भावनां चक्रे श्रोत्रियः स्वगुरौ मुनौ ।
दामोदरे तथा चक्रुः भावनां श्रोत्रियोद्भवाः ॥९५॥
देवरात्तिं प्रकुर्वन्ति दामोदरसमुद्भवाः ।
सदा श्रोत्रियवंश्यास्ते परिचर्य्यापरायणाः ॥
सेवां कुर्वन्ति चेष्टस्य गुरोराज्ञानुसारतः ।
लाड़िलीलालदेवस्य बरसानौ समास्थिताः ॥
अन्ये च बहवः शिष्याः दामोदरगोस्वामिनः ।
ब्रजस्था ब्राह्मणाः सर्वे कृष्णभक्तिरताश्च ये ॥९६॥
मथुरादासनामैको द्विजः सारस्वतो भवत् ।
सर्वशास्त्रार्थतत्वज्ञो हरिभक्तिरतः सदा ॥
सोऽपि शिष्यो भवद्धीमान् भट्ट-नारायणस्य हि ॥९७॥
मीराबाईश्च मथुरादासशिष्या बभूव ह ।
प्रसिद्धं भक्तमाले हि येषां चरितमद्भुतम् ॥९८॥
लोकनाथोऽपि धर्मात्मा द्विजो गौडो बभूव ह ।
दामोदरदास इति चापरो ब्राह्मणोत्तमः ।
शिष्यो महात्मनः सोऽपि भट्टनारायणस्य हि ॥९९॥

तभी बरसाने तथा ऊँचे गाँव से दामोदरवंशज आरती सेवा तथा श्रोत्रियवंशज अन्य परिचर्य्या करने लगे हैं। नारायणदास-श्रोत्रि जी भट्ट जी को जिस रूप से देखते थे उनके वंशज भी दामोदर गोस्वामीजी को उसी भावना से देखते थे। दामोदरजी के भी बहु शिष्य-प्रशिष्य हुए जो कि वर्त्तमान ब्रजवासी ब्राह्मणगण हैं ॥८६-९६॥

इसके अनन्तर मथुरादास नामक सारस्वत ब्राह्मण भट्ट जी के शिष्य हुए। वे सर्व्वशास्त्र को जानने वाले तथा महान् हरिपरायण थे। उन्हीं मथुरादास की शिष्या परम भक्त मीराबाई थी। जिसका चरित्र

एवं द्वादशशिष्याश्च बभूवु ब्राह्मणोत्तमाः ।
हरिभक्तिरताः सर्वे गृहस्था धर्मतत्पराः ॥१००॥
एको बभूव शिष्यश्च विरक्तानां शिरोमणिः ।
श्रीनारायणभट्टस्य चरणस्याश्रितः सदा ॥१०१॥
बलभद्रीति यं प्राहुर्विप्रं भाठोठियाजनाः ।
नारायणदासइति यन्नामाप्यभवत् क्षितौ ॥१०२॥
तच्छिष्याणां प्रसंगश्च पूर्वं हि समुदाहृतः ।
नारायणो मुनिश्चापि शिष्येभ्यः सेवनं ददौ ॥१०३॥
कस्मैचिद्गोपिकानाथसेवनं प्रददौ मुनिः ।
गोपालसेवनं चापि सेवां चैव विहारिणः ॥१०४॥
सर्वेषामिष्टदेवोऽभूत् बलदेवो हलायुधः ।
गोपालमन्त्रः सर्वेभ्यो राधाकृष्णेति कीर्त्तनम् ॥१०५॥
देहो वापि धनं चापि पुत्र-भार्यादिकं तथा ।
बुद्धिर्बलं मनो विद्याः श्रीकृष्णाय समर्पयेत् ॥१०६॥
हरेभक्तिं सदा देहि सेवनं पादपद्मयोः ।
इति संप्रार्थयेद्देवं नैव मोक्षं न चाशिषः ॥१०७॥

भक्तमाल में विस्तृत वर्णन है । लोकनाथ नामक एक धर्म्मात्मा गौड ब्राह्मण तथा दामोदरदास नामक अन्य ब्राह्मण भट्ट जी के शिष्य हुए । इस प्रकार उनके हरिभक्त परायण बारह ब्राह्मणशिष्य हुए हैं । उनमें से भाठोठिया नारायणदास बलभद्री विरक्त थे और सब गृहस्थ थे ॥९७-१०२॥

इसके अनन्तर मुनिराजभट्ट जी अपने शिष्यों में सेवा का भार देने लगे । किसी को गोपीनाथ जी की, किसी को गोपाल जी की, किसी को श्रीविहारी जी की सेवा मिली । परन्तु सब शिष्यों के इष्टदेव बलदेव जी ही थे । स्वयं भट्ट जी ने ही सबको गोपाल मन्त्र की दीक्षा दी थी और प्रति दिन राधाकृष्ण कीर्त्तन करने के लिये सबको उप-

स्वमतं नैव हातव्यं नावमान्यश्च कश्चन ।
जिज्ञासुं शिक्षयेच्छिष्यं स्वमतं नैव सर्वतः ॥१०८॥
असच्छास्त्रं न पश्यन्तु सेव्यं भागवतं सदा ।
विश्वासो गुरुवाक्येषु गुरौ कृष्णमतिस्तथा ॥१०९॥
श्रीकृष्णार्थं प्रकर्त्तव्यं तपो-दान-व्रतादिकम् ।
श्रीकृष्णार्पितवस्तूनां प्रसादत्वेन स्वीकृतिः ॥११०॥
नववस्त्रादिकं वापि ह्यन्नादि च फलादि च ।
सर्वं समर्पयेत् कृष्णं प्रसादं सेवयेद्धरेः ॥१११॥
द्विभुजः सर्वदा सेव्यः श्रीकृष्णो नन्दनन्दनः ।
वेणुवाद्यरतः शश्वत् राधा-गोपीसमन्वितः ॥११२॥
श्रीकृष्णादपरं किंचित् तत्वं नैव च नैव च ।
किंतु रूपान्तरं सर्वं कृष्णस्यैवेति मे मतम् ॥११३॥
चतुर्भुजादिरूपाणि श्रीकृष्णस्य भवन्ति हि ।
इत्यादि बहुशः श्रीमान् सेवारीतिं तथा हरेः ॥११४॥

देश था । आपने शिष्यों से कहा था कि-देह, धन, पुत्र, भार्य्या, बुद्धि, बल, मन, विद्या आदिक सबको श्रीकृष्ण के लिये समर्पित कर दो । श्रीकृष्ण से सदा सर्व्वदा भक्ति की याचना करो । मोक्ष की चाह कभी नहीं करना । अपने मत का परित्याग कभी नहीं करें । किसी का अपमान न करें । जिज्ञासा-कारी शिष्य को ही अपना मत सिखावें । असत् शास्त्र का श्रवण कदापि नहीं करें । निरन्तर श्रीभागवत् का श्रवण करें । गुरुवाक्य में विश्वास तथा उनमें श्रीकृष्ण बुद्धि रखें । श्रीकृष्ण के लिये तपो, दान, व्रतादि करें । श्रीकृष्ण में अर्पित वस्तु का प्रसाद भाव से ग्रहण करें । नवीनवस्त्र, अन्न, फल-मूलादि समस्त श्रीकृष्ण को अर्पण करके ग्रहण करें । सर्व्वत्र द्विभुज, वेणुवाद्यरत, श्रीराधा-गोपियों से सम्वलित नन्दनन्दन की ही सेवा करें । श्रीकृष्ण से पर वस्तु अन्य कोई नहीं है, चतुर्भुजादिक स्वरूप श्रीकृष्ण के रूपान्तर हैं ऐसा जानें । द-

एकादश्युपवासादि-निर्णयं च जगादह ।
दशमी-वेधरहिता कर्त्तव्यैकादशी-तिथिः ॥११५॥
दशमीवेधसंयुक्ते द्वादश्यां समुपोषणम् ।
अरुणोदयवेलायां वेधो द्रष्टव्य एवहि ॥११६॥
(अष्टौ महाद्वादश्यो ज्ञातव्याः ।)
महती द्वादशी चेत् स्यात् शुद्धेप्येकादशीदिने ।
तदा चैकादशीं त्यक्त्वा द्वादश्यां व्रतमाचरेत् ॥११७॥
निर्णयार्थं च द्रष्टव्या ग्रन्थ-साधनदीपिका ।
व्रतानां निर्णयो यत्र कथितः सर्व एव हि ॥११८॥
सप्तमीरहितं गाह्यं व्रते जन्माष्टमीदिनम् ।
वैष्णवे च व्रते सर्वा पर-विद्धा स्मृता तिथिः ॥११९॥
इति सर्वान् महाप्राज्ञः शिक्षां चक्रे पुनः पुनः ।
गुरोराज्ञामनुप्राप्य तथा चक्रुश्च ते तदा ॥१२०॥
रंकः कश्चित् समागत्य लालदासाभिधो वणिक् ।
श्रीनारायणभट्टस्य चरणोऽस्याश्रितो भवत् ॥१२१॥
पादश्रिताय वैश्याय चाशिषं प्रददौ मुनिः ।
तव वंशे द्विपंचाशत् पुरूषा धर्मतत्पराः ॥१२२॥

शमी वेधा से रहित एकादशी व्रत का पालन अवश्य करें । दशमी वेधा रहने पर द्वादशी व्रत करें । अरुणोदय में वेधा माने । शुद्धा एकादशी में महाद्वादशी रहने पर एकादशी का त्याग कर द्वादशी व्रत करें । इसके निर्णयार्थ मत्कृत साधनदीपिका ग्रन्थ का अवलोकन करें । सप्तमी रहित जन्माष्टमी का व्रत किया करें । इस प्रकार उनसे शिक्षा प्राप्त होकर शिष्य-समाज सबका यथा विधि पालन करने लगे ॥१०३-१२०॥

लालदास नामक एक गरीब वणिक ने भी भट्टजी के चरणों में शरण लिया । भट्टजी उसे आशीर्वाद देने लगे कि तुम्हारे वंश में बावन पीढ़ी तक धर्म्मपरायण तथा धनी होंगे और बलदेवजी की सेवा करेंगे ।

भाग्यवन्तो भविष्यन्ति प्रसादान्मे न संशयः ।
साधुकारा हि ते सर्वे बलसेवापरा यदि ॥१२३॥
एतच्छ्रुत्वा प्रहृष्टोऽभूत् लालदासाभिधो वणिक् ।
चरणौ शिरसा नत्वा मुनेर्धाम गतो निजम् ॥१२४॥
लालदासस्य वंश्यास्ते तथैव धनिनो भवन् ।
बलदेवस्य ते सेवां यावच्चक्रुः समाहिताः ॥१२५॥
अन्ये द्विजाः सनाढ्याश्च केचिद्गौडास्तथा परे ।
शिष्या बभूवुस्ते सर्वे दीक्षितस्य महात्मनः ॥१२६॥
व्रजतीर्थेषु सर्वत्र कुंडे कुंडे द्विजोत्तमाः ।
सर्वे बभूबुस्ते शिष्या दामोदरगोस्वामिनः ॥१२७॥
अथ नारायणाचार्यः श्रीकृष्णाज्ञाप्रणोदितः ।
ब्राह्मणं सुन्दरं बालं कृष्णवेषं विधाय च ॥१२८॥
राधावेषं तथा चैकं गोपीवेषांस्तथापरान् ।
रासलीलां स सर्वत्र कारयामास दीक्षितः ॥१२९॥
रङ्गदेवी सदाविष्टा दीक्षिते वर्त्तते यतः ।
रासोत्सवे च गोपीनां समीपे दीक्षितो बभौ ॥१३०॥

सेवा से ही सब कुछ मंगल होता है। ऐसा सुन कर लालदास प्रसन्न हो गया तथा गुरु-चरणारविन्द में नमस्कार कर अपने घर को चला गया। तब से लालदास के वंशज धनी और बलदेवजी की सेवा में रत हुए। इस प्रकार और सब सनाढ्य-गौड़ ब्राह्मणगण भट्टजी के शिष्य होने लगे। दामोदरजी के भी व्रज में तथा सर्व्वत्र अनेक शिष्य प्रशिष्य हुए हैं ॥१२१-१२७॥

अनन्तर भट्ट जी श्रीकृष्ण की आज्ञा से प्रेरित होकर सुन्दर ब्राह्मण बालकों को राधावेश, कृष्णवेश, गोपीवेश, गोपवेश, सखावेशादि के द्वारा सज्जित करा कर व्रज में रासादिलीलाओं का अनुकरण कराने लगे। क्योंकि आप में रंगदेवी का आवेश रहता है। कहीं गोचारण-

कुत्रचित् गोपवेषेन गोवत्सान् चारयन् हरिः ।
तथा लीलां च कृतवान् कालीयदमनादिजाम् ॥१३१॥
सांझिकारचनं क्वापि राधागोपीभिरेव च ।
अन्या बहुविधा लीला या याः कृष्णश्चकारह ॥१३२॥
सर्वलीलानुकरणं कारयामास नारदः ।
यत्रापुर्देवताः सर्वे मुनयो वा धृतव्रताः ॥१३३॥
तत्प्रापुर्मनुजाः सर्वे लीलादर्शनजं सुखम् ।
यस्मिन् दिने यद्दत्ते वा कृष्णो लीलां चकारह ॥१३४॥
तस्मिन् दिने स्थले तस्मिन् भट्टो भास्करसंभवः ।
कारयामास तां लीलां बालैः कृष्णादिवेषिभिः ॥१३५॥
ततः प्रभृति सर्वत्र वनेषूप वनेषु च ।
व्रजे तीर्थेषु कुंजेषु राललीला बभूवह ॥१३६॥
अथ नारायणाचार्यो व्रजयात्रां चकारह ।
सर्वैश्च वैष्णवैर्विप्रैरन्यैश्चापि जनैः सह ।१३७॥
तीर्थे तीर्थे च सर्वत्र चाष्टभेद-वनेषु च ।
द्वादशेष्वापि कुंजेषु षोडशाख्यवटेषु च ॥१३८॥

लीला, कहीं कालीयदमनलीला, कहीं साँझीलीला, कहीं दानलीला, कहीं मानलीला आदिक होने लगीं । जिस दिवस, जिस नक्षत्र, जिस स्थल में जो जो लीला हुई थी उसी दिवस, उसी नक्षत्र, उसी स्थल पर उसी-उसी का अनुकरण होने लगा । आज पर्य्यन्त व्रज में तथा अन्यत्र रासलीला का अनुकरण हो रहा है । लाखों नरनारी लीलानुकरण (रासलीला) का दर्शन कर भाव समुद्र में निमग्न हो जाते हैं तथा भट्ट जी को हृदय से धन्यवाद देते रहते हैं ॥१२८-१३६॥

अनन्तर श्रीभट्टजी वैष्णवगण के साथ व्रजयात्रा करने लगे । यात्रा दो प्रकार की है वनयात्रा तथा व्रजयात्रा । बाराहपुराण की विधि से यथा पूर्व्वक स्नान-दान-पूजा-भजन-परिक्रमा-स्तुति-उपवास-विश्रामा-

वनयात्रा स्मृता चैका ब्रजयात्रा तथा परा ।
द्वे चैव कृतवान् श्रीमान् नारदो भट्टरूपधृक् ॥१३६॥
तीर्थे तीर्थे तथा स्नानं स कृत्वा विधिपूर्वकम् ।
पश्यन् सर्वत्र देवेशं बहुरूपैः स्थितं प्रभुम् ॥१४०॥
तीर्थाधिष्ठातृदेवांश्च संपूज्य मन्त्रपूर्वकम् ।
वनाधिष्ठातृदेवांश्च पूजयामास तत्ववित् ॥१४१॥
यथाचारो यथा शैया नियमो यत्र यत्र हि ।
यथा दानं यथा ध्यानं तत्तथैव चकारह ॥१४२॥
वाराहेण यथा प्रोक्तं विश्रामस्थानमेव यत् ।
तथैव कृतवान् भट्टः शास्त्रदृष्टेन कर्मणा ॥१४३॥
कृतार्थान् कृतवान् लोकान् ब्रजयात्रा-प्रसंगतः ।
ब्रजयात्रां समाप्यैवं लोकानाज्ञापयत् प्रभुः ॥१४४॥
एवमेव प्रकर्त्तव्यं युष्माभिः कृष्णहेतवे ।
भाद्रे मास्यसिते पक्षे जन्माष्टम्या अनन्तरम् ।
लोकाः सर्वे प्रकुर्वन्ति ब्रजयात्रां तदाज्ञया ॥१४५॥
इत्येवं ब्रजमध्ये श्रीकृष्णाज्ञाप्रणोदितो मुनिराट् ।
यात्रा-क्रमेण यात्रां कुर्वन् सर्वं जनाय निजगाद ॥१४६॥
माहात्म्यं ब्रजभूमेर्यात्रारीतिं च दाननियमाश्च ।
श्रुत्वा तं ते प्रणेमुर्येनेदं दर्शितं हि ब्रजधाम ॥१४७॥

दिक करते हुए बारहवन,-बारहउपवन, सोलहवट आदिक भ्रमण कर समाप्त किये । आपने सबको यह सिखाया कि-भाद्रमास जन्माष्टमी व्रत के उपरान्त श्रीकृष्ण-प्रीत्यर्थ प्रतिवर्ष इस प्रकार यत्रा अवश्य किया करें । आज तक भी हजारों ब्रजप्रेमीभक्त देश-विदेश से आकर श्रीभट्ट जी के कथनानुसार यात्रा करते रहते हैं तथा ब्रजयात्रा के आदि आचार्य्य नारदावतार श्रीनारायणभट्ट जी की जय जय कार करते हैं ।
१३७-१४७

इति श्रीनारदावतारनारायणभट्टाचार्य्यकुलोद्भवगोस्वामीरघुनाथा-
त्मज गोस्वामीजानकीप्रसादविरचिते श्रीचरितामृते
व्रजयात्रप्रसंगो नाम द्वितीय आस्वादः ॥३॥

अथ नारायणाचार्य उच्चग्रामे समास्थितः ।
द्वि-पंचाशत् ग्रन्थांश्च चकार मुनिसत्तमः ॥१॥
येषु कृष्णस्य बाल्यादि-लीलाश्च कथिताः क्रमात् ।
कुत्रचित् वैष्णवो धर्मः कुत्रचित् व्रतनिर्णयः ॥२॥
ऊर्द्ध पुंड्रस्य माहात्म्यं मालामाहात्म्यमेव च ।
सेवाप्रकारो मूर्त्तीनां तत्तन्मन्त्रविधिस्तथा ॥३॥
बलदेवादि-मूर्त्तीनामुत्सवानां च निर्णयः ।
उत्सवानां विशेषेण सेवा-मन्त्रविधिस्तथा ॥४॥
ग्रहणे दूषिते दिने सेवानिर्णय एव त्त ।
गृहस्थानां तथा धर्माः विरक्तानां तथा क्रमात् ॥५॥
गोपीचन्दनमाहात्म्यं मुद्रा-माहत्म्यमेव च ।
नामांकनस्य माहात्म्यं लिखितं दीक्षितेन हि ॥६॥

इसके अनन्तर ऊँचेग्राम में आप रहने लगे । वहाँ पर आपने बावन ग्रन्थों का निर्म्माण किया । जिनमें श्रीकृष्ण का बालचरित्र सविस्तर वर्णित है । कहीं पर वैष्णवधर्म्म, कहीं व्रतों का निर्णय, कहीं ऊर्द्ध्व पुण्ड्र तिलक-मालादि धारण की विधि, कहीं सेवा विधि, कहीं मन्त्र-विधि, कहीं वा उत्सवों की विधि, कहीं ग्रहणादि दूषित समय में सेवा-विधि, कहीं गृहस्थ धर्म्म, कहीं विरक्तधर्म्म, कहीं गोपीचन्दन-मुद्रा-नामाङ्कनादि की महिमा ये सब सविस्तर वर्णित हैं । उनमें सम्प्रदाय का रहस्य भी उन्होंने सविस्तार वर्णन किया है । मनमें सर्व्वदा गोपीभाव की भावना कर राधाकृष्ण की सेवा करें । उनके नामादि प्रीति के साथ

रहस्यं लिखितं स्वस्य संप्रदायस्य धीमता ।
गोपीभावेन मनसि राधाकृष्णौ भजेदिति ॥७॥
नामानि कीर्त्तयेन्नित्यं प्रेम्णा श्रीकृष्ण-राधयोः ।
द्विभुजः सर्वदा कृष्णो नित्यं वृन्दावने स्थितः ॥८॥
तथा राधा तथा गोप्यो न त्यजन्ति वनं क्वचित् ।
सर्व-धर्मान् परित्यज्य कृष्णमेवाश्रयेद्बुधः ॥९॥
कृष्णाज्ञयाश्रितो देव इष्टः संकर्षणः प्रभुः ।
उपासना तु कृष्णस्य राधायुक्तस्य सर्वदा ॥१०॥
कृष्णः सेव्यो हि सर्वेषां जीवानां नात्र संशयः ।
सेवका हि सदा जीवाः सर्वे ब्रह्मादयः खलु ॥११॥
ये वदन्ति महामूढा ऐक्यं जीवस्य ब्रह्मणा ।
साधने तु भवेज्जीवः सिद्धौ ब्रह्मैव जायते ॥१२॥
सर्वे वहिर्मुखास्ते वै कृष्णमाया-विमोहिताः ।
तेषां संगो न कर्त्तव्यो बालबुद्धि-विनाशकः ॥१३॥
कृष्णस्य सेवकाः सर्वे नित्यं ब्रह्म-शिवादयः ।
नित्यं भजन्ति देवेशं शुकाद्याः सनकादयः ॥१४॥

कीर्त्तन करें । श्रीवृन्दावन में श्रीकृष्ण सर्व्वदा द्विभुज स्वरूप में विराजमान हैं । श्रीराधिका और गोप-गोपी समस्त ही द्विभुज स्वरूप हैं । वृन्दाबन परित्याग कर श्रीकृष्ण अन्यत्र नहीं जाते हैं । समस्त धर्म्म का परित्याग कर केवल श्रीकृष्ण का आश्रय करना चाहिये । श्रीकृष्ण की आज्ञा से भक्तों के लिए श्रीबलदेवजी कृपा देने के लिये परम उत्सुक रहते हैं । श्रीकृष्ण सबके सेव्य तथा ब्रह्मादिक जीव समूह सेवक हैं । दोनों का ऐक्य कहने वाले लोग महामूढ़ हैं । साधनावस्था में जीव, सिद्धावस्था में ब्रह्म ऐसे कहने वाले वहिर्म्मुख तथा प्रभुमाया से मोहित हैं । उनका संग न करें । क्योंकि उससे बुद्धि नाश हो जाती है । ब्रह्मा-शिवादिदेव प्रभु के नित्य सेवक हैं । शुकसनकादिक भी नित्य प्रभु का

कथं हि पामरो जीवः कृष्णेनैक्यमवाप्नुयात् ।
किंतु माया-विमूढानामैक्यवाक्यं न वै सताम् ॥१५॥
इत्यादि सर्वग्रन्थेषु लिखितं दीक्षितेन हि ।
प्रकटं कृतवान् पूर्वं मध्वाचार्यो हि यन्मतम् ॥१६॥
तदेव कृष्णचैतन्योऽनुससार महाप्रभुः ।
तथा गदाधरः श्रीमान् कृष्णदासस्तथैव च ॥१७॥
तन्मतं विस्तरादूचे नारदो भट्टरूपधृक् ।
येन स्वकीयग्रन्थेषु संप्रदाय-विनिर्णयः ॥१८॥
विस्तरेण समाख्यातः प्रसंगात् तत्र तत्र हि ।
वामनाख्येषु ग्रन्थेषु निर्णयः सर्व एव हि ॥१९॥
भक्तभूषणसंदर्भे तत्वत्रय-विनिर्णयः ।
जीवतत्वं जगत्तत्वं तत्वमीश्वरसंज्ञकम् ।
तत्वत्रयमिति प्रोक्तं मुनिभिस्तत्वदर्शिभिः ।
तथा भक्तिविवेकाख्ये भजनीयविनिर्णयः ॥२०॥
कृष्णनामाधिकं प्रोक्तं नामश्रेष्ठविनिर्णये ।
श्रेष्ठो ब्रजस्तथैवोक्तो धामश्रेष्ठविनिर्णये ॥२१॥

भजन करते हैं। पापीजीव किस प्रकार श्रीकृष्ण से एक हो सकता है ? ऐसा ऐक्य सिद्धान्त मायामोहित मूढ़ों का है साधुओं का नहीं है। इन सब बातों को अपने ग्रन्थों में सविस्तर आपने लिखा है। श्रीमन्मध्वाचार्य्य ने पहले जिस मत का प्रचार किया था तथा श्रीकृष्णचैतन्यमहाप्रभु ने जिस का पुष्ट किया, गधादरपण्डितगोस्वामी तथा कृष्णदासब्रह्मचारी जी जिस मत के अनुसारक हैं उस मत को श्रीभट्ट जी ने गुरु कृष्णदासब्रह्मचारीजी से सीखकर सविस्तर संसार में प्रकाश किया है। आपने स्वकीय ग्रन्थों में ठौर-ठौर सम्प्रदाय निर्णय को विस्तार के साथ लिखा है। "भक्त-भूषणसन्दर्भ" में जीवतत्व-जगत्तत्व तथा ईश्वर-तत्व का निर्णय है। भक्तिविवेक में भजनीय वस्तु का निर्णय है। नाम-

श्रेष्ठा सर्वे ब्रजस्था हि भक्तश्रेष्ठविनिर्णये ।
ग्रन्थे भक्तिविवेकाख्ये निर्णयास्त्वेवमादयः ॥२२॥
भक्तिरसतरंगिण्यां रसाः सर्वे प्रकाशिताः ।
तथाधिकारिणो भक्ता रसानां समुदाहृताः ॥२३॥
भक्तेः साधनरूपाहि सा च साधनदीपिका ।
यस्यां च बहुधा प्रोक्ता जन्माष्टम्यादिनिर्णयाः ॥२४॥
विधिश्च प्रतिषेधश्च वैष्णवानामनुक्रमात् ।
भृगुवंशे समद्भूतो गोत्रे श्रीवत्ससंज्ञके ॥२५॥
ऋग्वेदी स महाप्राज्ञो भैरवो नाम दीक्षितः ।
तैलंगो दक्षिणे विप्रो मथुरापट्टने पुरे ॥२६॥
वासं चक्रे महाप्राज्ञः सर्वशास्त्र-विशारदः ।
श्रीकृष्णोपासको नित्यं माध्वाचार्यमतानुगः ॥२७॥
तस्यात्मजो भवद्बीमान् रङ्गनाथो महामुनिः ।
प्रसंगो यस्य विख्यातः पुराणे भविष्योत्तरे ॥२८॥
तत्पुत्रो भास्करो भट्टो ग्रन्थ-कर्त्ता मुनि र्महान् ।
तस्य द्वौ तनयौ जातौ रामकृष्णांशसंभवौ ॥२९॥

श्रेष्ठ निर्णय में श्रीकृष्ण नाम की महिमा, धामश्रेष्ठनिर्णय में ब्रज का श्रेष्ठत्व, भक्तश्रेष्ठनिर्णय में ब्रजवासियों का श्रेष्ठत्व अधिक रूप से वर्णन किया गया है। भक्तिविवेक में ये तीन प्रकरण हैं। भक्तिरसतरङ्गिणी में समस्त रसों का तथा अधिकारियों का वर्णन है। साधनदीपिका में साधन रूपाभक्ति का निर्णय है। जिसमें वैष्णवों के विधि-प्रतिषेध, जन्माष्टमी आदिक व्रतों का निर्णय है ॥१-२४॥

भृगुवंश में श्रीवत्सगोत्री, ऋग्वेदी, भैरव नामक महाविद्वान् दीक्षित तैलङ्ग ब्राह्मण हुए थे। दक्षिण में मथुरा (मदुरा) पत्तन में उनका निवास था। वे श्रीकृष्ण के उपासक तथा मध्वाचार्य्य मतावलम्बी थे। उनके पुत्र बुद्धिमान रंगनाथ नाम से हुए थे। जिनका वर्णन भविष्योत्तरपुराण में

ज्येष्ठो गोपालभट्टोऽभूत् कृष्णभक्तिपरायणः ।
नारायणः कनिष्ठोऽभूत् नारदो मुनिसत्तमः ॥३०॥
श्रीनारायणभट्टोऽसौ प्रख्यातः पृथिवीतले ।
दीक्षितश्च स एवोक्तो दीक्षितं तत्कुलं यतः ।
(भास्करभाष्यं प्रसिद्धं निर्णयग्रन्थाश्च प्रसिद्धाः)
उडुप्यां दक्षिणे देशे मध्वाचार्यो भवच्च यः ॥३१॥
तच्छिष्यशिष्या ये ते वै माध्वसिंहासने स्थिताः ।
तेषां किंचित् प्रवक्ष्यामि संप्रदायप्रनालिकां ॥३२॥
विस्तरस्तु समाख्यातः पुराणे पद्मसंभवे ।
अथ पद्मपुराणमतेन श्लोकाः लिख्यंते--
श्रीमन्नारायणः पूर्वं संप्रदायप्रवर्त्तकः ॥३३॥
तस्य शिष्यो भवद्ब्रह्मा सर्वेषां प्रपितामहः ।
नारदस्तस्य शिष्योऽभूत् ज्ञानसागरचन्द्रमाः ॥३४॥
वेदव्यासो नारदस्य शिष्यो जातो मुनीश्वरः ।
व्यासाल्लब्ध-कृष्णदीक्षो मध्वाचार्यो महामुनिः ॥३५॥
चक्रे वेदान् विभज्यासौ संहितां शतदूषणीम् ।
निर्गुणाद्ब्रह्मणो यत्र सगुणस्य परिष्क्रिया ॥३६॥

मौजूद है । रंगनाथ जी के पुत्र ग्रन्थकर्त्ता मुनि भास्करभट्ट थे । उनके रामकृष्ण अंश से दो पुत्र हुए । ज्येष्ठ का नाम गोपाल तथा कनिष्ठ यह नारायणभट्ट हैं । दक्षिणदेश में उडुपी कृष्णगद्दी पर श्रीमन्मध्वाचार्य्य-जी विराजमान रहते थे । उनके शिष्य प्रशिष्य माध्वसिंहासन पर बैठते रहते थे, अब उनका वर्णन करता हूँ । माध्वसम्प्रदाय के आदि प्रवर्त्तक श्रीमन् भगवान् श्रीनारायण हैं । उनके शिष्य पितामह ब्रह्माजी हैं । ब्रह्माजी के शिष्य भक्तिसमुद्र के चन्द्ररूप श्रीनारद, श्रीनारद जी के वेदव्यास, वेदव्यास जी के शिष्य मध्वाचार्य्य हुए । इन्होंने ही वेद का विभागकर शतदूषणी संहिता बनाई तथा निर्गुण से सगुण का प्रति-

तस्य शिष्योऽभवत् पद्मनाभाचार्यमहाशयः ।
तस्य शिष्यो नरहरिस्तच्छिष्यो माधवो द्विजः ॥३७॥
अक्षोभस्तस्य शिष्योऽभूत् तच्छिष्यो जयतीर्थकः ।
तस्य शिष्यो ज्ञानसिंधुस्तस्य शिष्यो महानिधिः ॥३८॥
विद्यानिधिस्तस्य शिष्यो राजेन्द्रस्तस्य सेवकः ।
जयधर्मो मुनिस्तस्य शिष्यो मुद्गलमध्यतः ॥३९॥
श्रीमान् विष्णुपुरी यस्य भक्तिरत्नावली कृतिः ।
जयधर्मस्य शिष्योऽभूत् ब्रह्मण्यः पुरुषोत्तमः ॥४०॥
व्यासतीर्थस्तस्य शिष्यो यश्चक्रे विष्णुसंहिताम् ।
श्रीमान् लक्ष्मीपतिस्तस्य शिष्यो भक्तिरसाश्रयः ॥४१॥
तस्य शिष्यो माधवेन्द्रो यज्ञधर्मप्रवर्त्तकः ।
कल्पवृक्षस्यावतारः व्रजधामविनिष्ठतः ॥४२॥
तस्य शिष्योऽभवत् श्रीमान् ईश्वराख्यपुरीयतिः ।
कलयामास शृङ्गारं यः शृङ्गारफलात्तकः ॥४३॥
ईश्वराख्यपुरीं गौर उररीकृत्य गौरवे ।
जगदाप्लावयामास प्राकृताप्राकृतात्मकम् ॥४४॥
स्वीकृतो राधिकाभावो कान्तिः पूर्वं सुदुष्करः ।
अन्तर्वहरिसांभोधिः श्रीनन्दनन्दनोऽपि सन् ॥४५॥

पादन किया । उनके शिष्य पद्मनाभजी, पद्मनाभजी के नरहरि, नरहरि के माधव,माधव के अक्षोभ, अक्षोभ के जयतीर्थ,उनके ज्ञानसिन्धु,ज्ञानसिंधु के महानिधि,महानिधि के विद्यानिधि, विद्यानिधि के राजेन्द्र, राजेन्द्र के जयधर्म्म,जयधर्म्म के मुद्गल,मुद्गल के शिष्य विष्णुपुरी हुए । विष्णुपुरी महोदय ने भक्तिरत्नावली ग्रन्थ का निर्म्माण किया । जयधर्म्मजी के शिष्य ब्रह्मण्य पुरुषोत्तम,पुरुषोत्तमजी के व्यासतीर्थ हुय । व्यासतीर्थ ने विष्णुसंहिता बनायी है । व्यासतीर्थ के लक्ष्मीपति, लक्ष्मीपति के शिष्य भक्ति यज्ञप्रवर्त्तक माधवेन्द्रपुरी जी हैं । उनके ईश्वरपुरी हुए । उन ई-

आद्यव्यूहोऽपि चैतन्यमाविश्यद्यः पुरे परा ।
विचुक्षोभ मनो यस्य दृष्ट्वा गन्धर्वनर्त्तनम् ॥४६॥
दारूकस्थोऽपि भगवान् विचुक्रोश शचीसुतम् ।
गौरः श्रीकृष्णचैतन्यः प्रख्यातः पृथिवीतले ॥४७॥
श्रीचैतन्यस्य शिष्योऽभूत् पंडितः श्रीगदाधरः ।
श्रीराधायाः स्वरूपोऽयं कृष्णभक्ति-प्रवर्त्तकः ॥४८॥
नित्यानन्दोऽपि शिष्योऽभूत् चैतन्यस्य महाप्रभोः ।
बलदेवांशसंभूतो यः शृंगारवटे स्थितः ॥४९॥
नित्यानन्दसमुद्भूताः शृंगारस्थलवासिनः ।
अद्वैतश्चापि शिष्योऽभूत् चैतन्यस्य महाप्रभोः ॥५०॥
गोपेश्वरांशसंभूतः प्रेमानन्दजलाप्लुतः ।
गदाधरस्य शिष्योऽभूत् कृष्णदासो मुनीश्वरः ॥५१॥
इंदुलेखावतारोऽयं ब्रह्मचारीति यं विदुः ।
तस्य शिष्यो भवच्छ्रीमान्नारदो भट्टरूपधृक् ॥५२॥

श्वरपुरी जी को महाप्रभु श्री गौरांगदेव ने गौरवता के साथ गुरु करके ग्रहण किया तथा उन्होंने प्राकृत-अप्राकृत समस्त जगत् को प्रेमवन्या में डुबा दिया । आप भीतर रससागर नन्दनन्दन होते हुए भी बाहिर श्रीराधिका के भाव और कान्ति को ग्रहण कर गौरांग स्वरूप में अवतीर्ण हुए थे । एक बार आद्यव्यूह श्रीवासुदेव जी पहले द्वारकापुरी में गन्धर्व के द्वारा अनुकरण प्राप्त नृत्यकौतुक देख क्षुब्धचित्त होगये थे अब वे भी गौरांगदेव में प्रवेश हुए । श्रीगौरांग कृष्णचैतन्यनाम से पृथिवी में विख्यात हैं । उनके शिष्य (पार्षद) राधिका रूप, कृष्णभक्ति प्रवर्त्तक श्रीगदाधरपण्डितगोस्वामी जी हैं । श्रीमन्नित्यानन्दप्रभु श्रीचैतन्यमहाप्रभु जी के पार्षद् हैं जो कि बलदेव जी के अवतार हैं । शृङ्गारवट आप का विलास स्थान (स्थिति) है । अद्यावधि शृङ्गारवट निवासी गोस्वामीगण श्रीनित्यानन्दप्रभु के ही सन्तानपरम्परा है । रुद्रावतार, प्रेमानन्द

श्रीनारायणभट्टोऽसौ प्रख्यातो व्रजमंडले ।
व्रजोद्धारार्थमाज्ञप्तः श्रीकृष्णेन बभूव यः ॥२३॥
व्रजस्याचार्यतो यस्य प्रख्याता पृथिवीतले ।
रङ्गदेवी स्थिता यस्मिन्नाविष्टा च महात्मनि ॥२४॥
तेनावेशावतारोऽयं रंगदेव्याश्च कथ्यते ।
दामोदरश्च तत्पुत्रः सुदेवी यस्य विग्रहे ॥२५॥
गोस्वामीति च यं प्राहु वैष्णवाः सर्व एव हि ।
बलभद्री स एवोक्तो बलदेवस्य सेवनात् ॥२६॥
श्रीनारायणभट्टस्य पुत्रो दामोदरश्च यः ।
स एव प्रथमः शिष्यः पितृसिंहासने स्थितः ॥२७॥
नारायणस्य भ्राता यो गोपालो भास्करात्मजः ।
तस्य वंश्याश्च ते सर्वे दक्षिणस्थानमास्थिताः ॥२८॥
शिष्याः नारायणस्यैव तेऽपि धर्म-परायणाः ।

से मत्त, श्रीअद्वैतप्रभु जी श्रीचैतन्यमहाप्रभु के अन्तरङ्ग पार्षद थे । श्रीगदाधरपण्डितगोस्वामी जी के शिष्य इन्दुलेखासखी का अवतार कृष्णदास ब्रह्मचारी जी हैं । उनके शिष्य श्रीनारदावतार श्रीनारायणभट्टगोस्वामी जी ब्रजमण्डल में विख्यात हुए । आप श्रीकृष्ण के द्वारा आदिष्ट होकर व्रजोद्धार के लिये प्रकट हुए थे । जिनकी व्रजाचार्य्यता पृथिवी में विख्यात है । उनमें रंगदेवी का आवेश रहता था ॥२३-२४॥

उनके पुत्र श्री दामोदर जी हुए जो कि सुदेवी जी का अवतार माने जाते हैं । समस्त वैष्णव उनको गोस्वामी करके कहते हैं । वे ही बलभद्रजी की सेवा करने के कारण बलभद्री करके प्रसिद्ध भी हुए हैं । श्रीदामोदर जी ही भट्टजी के प्रथम शिष्य हैं । आप ही पितृ-सिंहासन पर बैठे थे । भट्ट जी के बड़े भ्राता श्रीगोपाल जी के पुत्र-पौत्र दक्षिण में रहते थे । वे सब नारायणभट्ट जी के ही शिष्य प्रशिष्य थे तथा दक्षिण

आगत्य दक्षिणाद्देशात् ब्रजं दृष्ट्वा गताः पुनः ।
गोपालोऽपि हरेर्भक्तो ब्रजे वासं चकारह ॥५६॥
श्रीनारायणभट्टस्य पुत्रो दामोदराभिधः ।
ब्रजाचार्यस्य पुत्रत्वात् गोस्वामीति प्रथागतः ॥६०॥
दामोदरस्य वंश्या ये ब्रजे गोस्वामिनः स्मृताः ॥६१॥
ब्रजे वासं प्रकुर्वन्ति ह्युच्चग्रामनिवासिनः ।
बलदेवस्य सेवां ये लाड़िलीलालयोरपि ॥६२॥
लाडलेयस्य कृष्णस्य कुर्वन्ति सततं ब्रजे ।
ब्रजादन्यं न मन्यन्ते श्रेष्ठं लोकं परात्परम् ॥६३॥
कृष्णादन्यं न मन्यन्ते सुसेव्यं देवतांतरम् ।
उर्द्ध्वपुण्ड्रं च बिभ्राणा मालां तुलसिसंभवाम् ॥६४॥
गोपीचन्दनमुद्रां च राधा-कृष्णेति नाम च ।
गोपीचन्दनसंभूतं बिभ्राणा बाहु-मूलयोः ॥६५॥
द्वादशांस्तिलकांश्चापि धारयन्ति मुनिव्रताः ।
गोपालोपासकाः सर्वे विचरंति महीतले ॥६६॥
तस्मिन् वंशे हि गोस्वामी रघुनाथो भवच्च यः ।
तस्य पुत्रो हि गोस्वामी जानकीप्रसादाभिधः ॥६७॥

से कभी कभी ब्रजभूमी में भी आकर दर्शन-स्पर्शन कर चले जाते थे। गोपाल जी ब्रज में ही वास करने लगे। ब्रजाचार्य्य श्रीनारायणभट्टजी के पुत्र होने के कारण ब्रज में दामोदरजी गोस्वामी इस नाम से विख्यात हुए तथा उनके वंशज भी गोस्वामी रहे। वे सब ऊँचेग्राम में वास करते थे तथा सर्व्वदा बलदेवजी और लाडिलीलालजी की सेवा में नियुक्त रहते थे। ब्रजभूमी से बढ़ कर अन्य कोई धाम नहीं तथा कृष्ण से बढ़ कर अन्य कोई सेव्य स्वरूप नहीं है ऐसा सब मानते थे। वे उर्द्ध्वपुण्ड्र-तिलक,तुलसीमाला का धारण तथा श्रीराधाकृष्णनामङ्कित गोपीचन्दन मुद्रा को बाहुमूल में धारण करते थे। वे सब गोपाल के ही उपासक थे।

नारायणस्य चरितमाचार्यस्य यथामतिः ।
स गायति मुदा धीमान् सर्वलोकस्य पावनम् ॥६८॥
नारायणस्य चरितं सर्वं वक्तुं च कः क्षमः ।
यथामतिः वदेद्धीमान् यथा नारायणस्य हि ॥६९॥
अथान्यच्च प्रवक्षामि यथा ज्ञानं यथा मतिः ।
एकदा माघमासे तु जनाः सर्वे समास्थिताः ॥७०॥
त्रिवेणीस्नातुकामास्ते प्रयागं गंतुमुत्सुकाः ।
तान् विलोक्य जनान् सर्वान् नारायण उवाचह ॥७१॥
न गंतव्यं प्रयागं तु वेणीरत्रैव संस्थिता ।
स्नानं कर्तव्यमत्रैव सखीगिरिसमीपतः ॥७२॥
इत्युक्त्वा दर्शयामास त्रिवेणीं भास्करात्मजः ।
दिव्य-सोपानसंयुक्तां जलकल्लोलशालिनीम् ॥७३॥
सखीगिरिं समारभ्य यावद्रामस्य मन्दिरम् ।
त्रिवेणी विस्तृता तावत्भूम्यां पुण्यजला स्वयम् ॥७४॥
स्नानं चक्रुर्जनाः सर्वे माघव्रतपरायणाः ।
तच्छ्रुत्वा तीर्थराजस्तुप्रयागः समुपेयिवान् ॥७५॥

उनके वंश में ही गोस्वामी श्रीरघुनाथजी हुए । उनका ही पुत्र मैं जानकी-प्रसाद गोस्वामी, श्रीआचार्य्यनारायणभट्टजी के सकललोकपावन इस चरित्र को यथा मति आनन्द के साथ कथन करता हूँ । भट्ट जी की समस्त चरित्र को तो कौन वर्णन कर सकता है ॥५५-६९॥

अब अन्य प्रसंग कहता हूँ । एक समय माघमहीना में बहुत मनुष्य त्रिवेणी स्नानार्थ प्रयागराज जा रहे थे । उन सबको भट्ट जी ने कहा-"तुम सब प्रयाग मत जाओ, क्योंकि ब्रज में ही प्रयागराज मौजूद है । यहाँ सखीगिरि के पास ही त्रिवेणी है । उसी में ही तुम सब स्नान करो" ऐसा कह कर आपने सबको त्रिवेणी के दर्शन कराये । उस समय दिव्यघाट, दिव्यधाराओं से शोभायमान त्रिवेणी जी सखीगिरि से लेकर

उवाच विप्ररूपेण शास्त्रार्थं कर्त्तुमर्हसि ।
कथं निषेधिताः लोकाः प्रयागं गन्तुमुत्सुकाः ॥७६॥
प्रयागस्तीर्थराजो हि सर्वतीर्थोत्तमोत्तमः ।
तदोवाच महाप्राज्ञो नारायण उदारधीः ॥७७॥
प्रयागस्तीर्थराजो हि जम्बुद्वीपे तु सर्वतः ।
प्रयागस्यापि राजाऽयं व्रजो नास्त्यत्र संशयः ॥७८॥
विप्ररूपी प्रयागस्तु माहात्म्यं स्वमुवाच ह ।
नारायणोऽपि संप्राह व्रजमाहात्म्यमुत्तमम् ॥७९॥
व्यतीयुर्दिवसाः सप्त ह्येवं प्रवदतोस्तयोः ।
तीर्थराजस्तदा रूपं निजं कृत्वा समास्थितः ॥८०॥
नारायणस्तदा श्रीमन्नारदः प्रत्यदृश्यत ।
शास्त्रार्थश्च तयोर्जातो लोकविस्मयकारकः ॥८१॥
तेजसा सूर्यसंकाशो नारदो भगवान् मुनिः ।
तमुवाच प्रयागं हि प्रयाग शृणु मद्वचः ॥८२॥

बलदेव जी के मन्दिर पर्य्यन्त सबके प्रत्यक्ष बहने लगी थी उसमें सब ने स्नान किया। उस समय तीर्थराज प्रयाग ब्राह्मण वेश धारण कर वहाँ आकर भट्टजी से बोलने लगे कि तुमने इन सबको क्यों रोका? तुम हम से शास्त्रार्थ करो। प्रयाग ही समस्त तीर्थों का राजा है। भट्टजी ने कहा जम्बुद्वीप में प्रयाग जी समस्त तीर्थों का राजा है परन्तु ब्रज तौ प्रयाग का भी राजा है। इसमें कोई सन्देह नहीं है। ब्राह्मण रूपधारी प्रयाग जी अपनी महिमा तथा भट्ट जी ब्रज की महिमा कहने लगे। दोनों का अत्यन्त विचार हुआ। इस प्रकार से शास्त्रार्थ होते सात दिवस बीत गये। तब तीर्थराज अपने स्वरूप तथा भट्ट जी निज नारद रूप को प्रकट करने लगे। दोनों में लोक-विस्मयकारी शास्त्रार्थ होने लगा। सूर्य्य तुल्य प्रकाशशील भगवान् नारद जी कहने लगे भो प्रयाग! मेरा बचन सुनो। जिस समय ब्रह्माजी ने तुमको पृथिवी में तीर्थराज बनाया

यदा त्वं ब्रह्मणा पूर्वं तीर्थ राजः कृतो भुवि ।
तदा त्वं बलिमादाय विष्णुवाक्यप्रणोदितः ॥८३॥
ब्रजं गत्वा स्तुतिं कृत्वा दंडवत् पतितो भुवि ।
ब्रजस्तवापि राजाऽयं सर्वतीर्थोत्तमोत्तमः ॥८४॥
किं न जानासि माहात्म्यं कथं विस्मृतवानसि ।
त्वं तु देवैः कृतस्तीर्थो ब्रजः श्रीकृष्णविग्रहः ॥८५॥
एवं पराजितस्तेन नारदेन महात्मना ।
प्रयागः प्रत्युवाचेदं प्रणम्य प्रांजलिः स्थितः ॥८६॥
माहात्म्यं श्रोतुकामोऽहं ब्रजस्यात्रागतः प्रभो ।
जाने त्वां नारदं देवं श्रीकृष्णस्य कलामहम् ॥८७॥
निवसामि सदैवात्र सेवार्थं रामकृष्णयोः ।
यदुक्तं च मया देव तत्सर्वं क्षम्यतां प्रभो ॥८८॥
इत्युक्त्वा तीर्थराजस्तु तत्रैवांतरधीयत ।
आचार्यं तुष्टुवुः सर्वे धन्यधन्येतिवादिनः ॥८९॥
मूर्तिरूपा त्रिवेणीश्च मन्दिरे तत्र संस्थिता ।
त्रिवेणीः प्रत्युवाचेदं शृणु नारद मे वचः ॥९०॥

उस समय तुमने भगवान विष्णु के वाक्य से पूजा उपहार ग्रहण कर ब्रज में जाकर उनको स्तुति के द्वारा दण्डवत् किया था अतः समस्त तीर्थों के राजा तुम और तुम्हारा भी राजा ब्रज है। तुम क्या ब्रज की महिमा नहीं जानते हो। क्या तुम जानकर भूल गये हो। तुमको तो देवताओं ने ही तीर्थ बनाया है परन्तु ब्रज तो साक्षात श्रीकृष्ण का विग्रह है। इस प्रकार प्रयागजी भट्टजी से हार मान कर प्रणाम के साथ हाथ जोड़ते हुए कहने लगे कि-ब्रज की महिमा सुनने के लिये ही मैं यहाँ पर आया हूँ। आप श्रीकृष्ण के कलारूप देवर्षि नारद हैं ऐसा मैं जानता हूँ। श्रीरामकृष्ण की सेवा के लिये में यहाँ नित्य निवास करता हूँ। मैंने जो कुछ कहा सो सब क्षमा कीजिये। ऐसा कहकर तीर्थराज अन्त-

सर्वतीर्थावगमनं राधाकुंडे यदाभवत् ।
तदा कृष्णाज्ञयाहं च राधाकुंडादिहागता ॥६१॥
सेवार्थं बलदेवस्य सदैवात्र वसाम्यहम् ।
अन्तर्भूम्यां स्थिताहं वै त्वद्भक्त्या प्रकटाभवम् ॥६२॥
न मे प्राकट्यकालोऽयमतश्चांतर्दधामि भोः ।
स्नातुकामो भवेद्यस्तु सोऽत्र मे धारयेद्रजः ॥६३॥
तस्मै स्नानफलं सर्वं दास्ये नास्त्यत्र संशयः ।
इत्युक्तांतर्दधे सापि त्रिवेणी भगवत्प्रिया ॥६४॥
एकदा दीक्षितो यत्र वेदांती तत्र चागतः ।
सर्वशास्त्रार्थतत्वज्ञो ह्यपरः शंकरो यथा ॥६५॥
नारायणेन स्वेनैव मन्त्रैर्वेदोद्भवैस्तदा ॥१८२॥
दामोदरस्तदा श्रीमान् गादीसंस्थोऽधिकं बभौ ।
अभिषेचुश्च ते सर्वे ब्राह्मणा वैष्णवा मुनिम् ॥१८३॥
दामोदराय ते सर्वे ब्रजभक्तां बलिं ददुः ।
श्रीनारायणभट्टश्च तदा गोस्वामिने प्रभुः ॥१८४॥
दत्वाशीर्वचनं सर्वं शिक्षां तस्मै ददौ स्वयम् ।
ब्रजस्य भक्तिः कर्त्तव्या सेवनीया ब्रजस्य भूः ॥१८५॥
ब्रज एव परं धाम ब्रजः श्रीकृष्णविग्रहः ।
श्रीनन्दनन्दनः कृष्णो ब्रजं त्वक्त्वा न गच्छति ॥१८६॥
स एव चिंतनीयोऽयं श्रीराधा-सहितः सदा ।
बलदेवः सदा सेव्य इष्टदेवः प्रभुर्मम ॥१८७॥

तुम्हारी इच्छा पूर्ण होगी । तुम्हारे वंशोत्पन्न, ऊँचेग्रामवासी, त्रिवेणी-स्थित सब कोई परमोक्ष को प्राप्त करेंगे । ऐसा कह कर आप बामनरूप से फिर लाडिलेय स्वरूप हो गये ॥१६८-१७९॥

इस प्रकार एक वर्ष अतीत होगया । भाद्र शुक्लपक्ष एकादशी तिथी आई । नारद दीक्षितजी ने सबको बुलाया । दोमोदरपुत्र को अपनी ब्रजाचार्य्य पदवी दी । दामोदरजी पिता की गद्दी पर बैठने लगे । ब्राह्मण-वैष्णवों ने अभिषेक किया । नारायणभट्टजी उन्हें आशीर्वाद दे कर उपदेश देने लगे-ब्रज की भक्ति तथा ब्रज की सेवा सदा सर्व्वदा करते रहना । ब्रज

मयैव लिखितो यन्त्रः स च सेव्यः प्रयत्नतः ।
(यन्त्रः श्रीनिवगारू प्रभामंडलाख्यः कुलदेवतायन्त्रः)
श्रीकृष्णेन स्वयं दत्तो लाड़िलेयश्च मूर्तिधृक् ॥१८८॥
सेवनीयस्त्वया देवो बलदेवसमीपगः ।
लाड़लीलालयोः सेवा त्वया कार्यातिभक्तितः ॥१८९॥
लीलोत्सवादिकं सर्वं कर्त्तव्यं सर्वदा प्रभोः ।
सेवा सदैव कर्त्तव्या याचनीयं न किञ्चन ॥१९०॥
प्रीतो भवतु देवेश अयमेव परो वरः ।
ग्रन्था विलोकनीया ये सेवायां कथिता मया ॥१९१॥
श्रीमद्भागवतं चापि सेवनीयं पदे पदे ।
सर्वेभ्यो व्रजभक्तेभ्यः शिक्षणीयं त्वयानघ ॥१९२॥
नारायणाख्यदासस्य वंश्या ये व्रजमास्थिताः ।
सेवां कुर्वन्तु देवस्य शिक्षणीया त्वया च ते ॥१९३॥
अन्यांश्चापि महाप्राज्ञः स्वशिष्यान् हि तदा प्रभुः ।
आज्ञापयामास मुदा सर्वेषां शृण्वतामिदम् ॥१९४॥

परमधाम तथा साक्षात् श्रीकृष्ण विग्रह है । श्रीनन्दनन्दन व्रज छोड़कर अन्यत्र नहीं जाते हैं ॥१८०-१८६॥

श्रीराधिका के साथ श्रीकृष्ण सर्व्वदा चिन्तनीय हैं ! इष्टदेव-प्रभु बलदेवजी की सर्व्वदा सेवा करना चाहिये । मेरे द्वारा लिखित यन्त्र की नित्य सेवा करना । श्रीकृष्ण ने स्वयं जिस लाडिलेय मूर्त्ति को दी थी उस मूर्त्ति को बलदेवजी के निकट रख कर सर्व्वदा सेवा करते रहना । भक्ति से लाडिलीलाल की सेवा करना । सर्व्वदा लीला-उत्सवादि करते रहें, सेवा भी करते रहें । प्रभु से किसी वस्तु की प्रार्थना नहीं करें । भगवान की प्रसन्नता ही सबसे उत्कृष्ट वर है । सर्व्वदा ग्रन्थावलोकन करते रहना । पद पद में भागवत् की सेवा करें । समस्त व्रज भक्तों को भी इसका उपदेश सिखाना । नारायणदास के वंशज, अन्य सबको सेवा

दामोदरो हि मन्तव्यो मत्स्थाने सर्वदा प्रभुः ।
अहं दामोदरः साक्षात् मद्रूपोऽयं न संशयः ॥१९५॥
इत्युक्त्वा नारदः श्रीमान् बलदेवं पुनः पुनः ।
प्रदक्षिणी कृत्य मुदा त्रिवेणी-मध्यतः स्थितः ॥१९६॥
सर्वे समास्थिता शिष्या गोस्वामीप्रमुखास्तदा ।
राधाकृष्णेति नामानि कीर्त्तयन्तो मुदान्विताः ॥१९७॥
श्रीभट्टः कृपया तान्वै कृष्णभक्तिं तदादिशत् ।
द्वितीये द्विवसे श्रीमद्वामनस्याभिषेचनम् ॥१९८॥
कृत्वा दामोदरस्तस्य चारार्त्तिं कतवान् प्रभोः ।
श्रीभट्टस्तस्य शिष्याश्च दर्शनार्थं समाययुः ॥
पंचामृतं गृहीत्वैव प्रणम्य शिरसा प्रभुम् ॥१९९॥
पुनस्तत्रागतो भट्टस्त्रिवेणीमध्यमस्थले ।
सर्वतः संस्थिताः सर्वे व्रजभक्ताः समागताः ॥२००॥
दामोदरश्च तत्रैव गोस्वामी सन्मुखे स्थितः ।
श्रीनारायणभट्टश्च कृष्णध्यान-परायणः ॥२०१॥
सर्वेषां पश्यतां तेषां तत्रैवान्तर्दधे प्रभुः ।
दिवि दुन्दुभयो नेदुर्निपेतुः पुष्पवृष्टयः ॥२०२॥

करें । आप इस प्रकार अन्यशिष्यों को बुलाकर कहने लगे कि दामोदर मेरा रूप है, मेरे स्थान पर विराजित है । उसे मेरे सदृश जानना चाहिये ॥१८७-१९८॥

आप ऐसा कह कर श्रीबलदेवजी को प्रणाम तथा प्रदक्षिण कर त्रिवेणी की बीच में गये । दूसरे दिन दामोदरजी ने वामनजी का अभिषेक किया, आरती भी की । श्रीभट्टजी तथा उनके शिष्य सब दर्शन के लिये आये । भट्टजी पञ्चामृत ग्रहण कर साष्टांग प्रणाम करते हुए फिर त्रिवेणी के बीच में आये । उनके चारों ओर से व्रजवासी घिर आए थे । उनके पुत्र दामोदरजी समक्ष में विराजमान थे । भट्टजी श्रीकृष्ण का

धन्य धन्येति च प्रोचुः कृष्ण-कृष्णेति केचन ।
जय जयेति प्राज्ञाः च प्रोचुर्विप्राः समंततः ॥२०३॥
उत्सवं चक्रिरे सर्वे गोस्वामिप्रमुखास्तदा ।
य इदं शृणुयान्नित्यं यश्चापि परिकीर्त्तयेत् ॥२०४॥
कृष्णभक्तिर्भवेत्तस्य नारदस्य प्रसादतः ।
श्रीकृष्णस्यापि भक्तस्य चरितं लोकपावनम् ॥२०४॥
तदेव शृणुते भक्तो नान्य-गाथां कथंचन ।
श्रीमद्भागवते चापि तथैव मुनिभाषितम् ॥२०५॥
तत्कथ्यतां महाभाग यदि कृष्णकथाश्रयम् ।
अथवास्य पदांभोजमकरन्दलिहां सताम् ॥२०६॥
किमन्यैरसदालापैरायुषो यदसद्व्ययः ।
इत्यादि बहुधा तत्र प्रमाणं परिकीर्त्तितम् ॥२०७॥
नारायणस्य चरितामृत-सागराच्च
यो वै समुद्धृतमिदं लघुविन्दुमेतत् ।
भक्त्यापि चेच्च श्रवणांजलिना मनुष्यो
नश्येत तस्य भव-रोगजमाशु दुःखम् ॥२०८॥

ध्यान करते हुए अन्तर्द्धान हो गये । कोई २ पुष्पों की वृष्टि करने लगे कोई-कोई जय ध्वनि करने लगे । कोई-कोई वा धन्यवाद देने लगे । आकाशमें दुन्दुभी बजने लगीं, वैष्णवगण महामहोत्सव मनाने लगे । जो कोई पुण्यवान् इस चरित्र का श्रवण तथा कीर्त्तन करेगा उसको नारदजी की कृपा से अवश्य भक्ति मिलेगी । श्रीकृष्ण-भक्त का चरित्र लोकपावन-कारी होता है । उसी को सुनना चाहिए अन्य कुछ नहीं सुनना । श्री-भागवत में मुनि ने कहा है यदि श्रीकृष्ण कथायुक्त हो अथवा उनके चरण-कमल मकरन्द के इच्छुक भक्तों का चरित्र हो तो उसे अवश्य कहैं । अन्य असद्वार्त्ता में कुछ नहीं रक्खा है तथा आयु क्षीण हो रही है ॥१९९-२०८॥

इति श्रीनारदावतारनारायणभट्टाचार्य्यकुलोद्भवगोस्वामीश्रीरघुनाथात्मज गोस्वामीजानकीप्रसादविरचिते श्रीनारायणभट्टाचार्य्यचरितामृते पञ्चम आस्वादः ॥५॥



ततः सर्वै ब्रजस्थैश्च दामोदर उदारधीः ।
गुरुत्वे मानितः साक्षात् पितृसिंहासने स्थितः ॥१॥
तथैव रासलीलां च तथैव मन्दिरोत्सवम् ।
तथैव व्रजयात्रां च गोस्वाम्यपि चकारह ॥२॥
सर्वे शशंसिरे शिष्याः स्वामिन्दामोदर प्रभो ।
नारायणतनुस्त्वं हि साक्षान्नास्त्यत्र संशयः ॥३॥
दामोदरचरित्राणि सन्त्यनेकानि मानुषैः ।
न शक्यन्ते प्रवक्तुं हि साकल्येन प्रयत्नतः ॥४॥
एका तु गुर्जरी तत्र स्थिता गोमयहारिणी ।
मन्दिरस्य हि या गावस्तासां सेवां चकारह ॥५॥
दामोदरस्य शिष्या सा ह्युच्चग्रामनिवासिनी ।
गुरोः पादोदकं नित्यं गृह्णती श्रद्धयान्विता ॥६॥

उसके अनन्तर उदारमना श्रीदामोदर जी समस्त ब्रजवासियों के गुरु रूप करके माने गये तथा पितृ-सिंहासन पर आरूढ़ हुए। गोस्वामी जी वे पहले की भाँति रासलीला, मन्दिरों में उत्सव, ब्रजयात्रा आदि कराने लगे। शिष्य, प्रशिष्य सब उनकी प्रशंसा इस प्रकार करने लगे कि—"हे स्वामिन्! हे प्रभु दामोदर! आप नारायणभट्ट जी के साक्षात् अंग स्वरूप हैं इसमें कोई सन्देह नहीं है।" श्रीगोस्वामी दामोदर जी के चरित्र अनन्त हैं। उन्हें मनुष्य अनेक चेष्टा करने पर भी समस्त नहीं कह सकता है ॥१-४॥

एक समय एक गूजरी जो वहाँ वास करती थी, वह नित्य गोबर बीनती थी तथा मन्दिर की गौओं की सेवा करती थी। वह गूजरी नित्य अपने

एकदा तानसेनस्तु सुरागं दीपकं जगौ ।
अतिभीतोपि मनसि शासनाच्चक्रवर्त्तिनः ॥७॥
दीपका ज्वलिताः सर्वे स्वेच्छयैव विनानलम् ।
शशंसुस्तानसेनं ते सर्वे राजसभासदः ॥८॥
किंतु तत्तानसेनस्य शरीरेऽग्निः समाविशत् ।
जगर्ह तानसेनश्च राजभृत्यत्वमात्मनः ॥९॥
स सम्राजं प्रणम्याशु निर्जगाम पुराद्बहिः ।
नरयानं समास्थाय गच्छन्मार्गे शनैः शनैः ॥१०॥
अकस्मादागतो यत्र स्थिता गोमयहारिणी ।
किशोरी गुर्जरी शिष्या दामोदरगोस्वामिनः ॥११॥
तं दृष्ट्वा गुर्जरी प्राह ह्यत्रैव स्थीयतां त्वया ।
दीपानलेन दग्धोऽसि चिकित्सां ते करोम्यहम् ॥१२॥
इत्युक्त्वा मेघमल्लारं जगौ सा गुर्जरी तदा ।
मेघैराच्छादितं व्योम शीतो वायुर्ववौ तदा ॥१३॥

गुरु दामोदरजी के चरणोदक श्रद्धा के साथ ग्रहण करती थी । एक समय तानसेनजी ने चक्रवर्त्ती अकबर का शासन पाकर मन में कुछ भय रखकर दीपक राग का गान किया । उस समय अग्नि के बिना ही दीपक सब जलने लग गये तथा सभासदों ने तानसेन की भारी प्रशंसा की । परन्तु उस समय तानसेन के शरीर में अग्निराशि प्रवेश होने लगी तथा तानसेन अपने को राज-भृत्य करके निन्दा करने लगे । वे मनुष्ययान में बैठकर धीरे-धीरे रास्ता चलते हुए उस गोबर बीनने वाली, दामोदरजी की शिष्या, किशोरी, गूजरी के पास हठात् आय पहुँचे । उनको देखकर उस गूजरी ने कहा-यहाँ ही आप ठहरिये, आप दीपानल में दग्ध प्राय हो गये हैं, मैं आपकी चिकित्सा करूँगी ऐसा कहकर वह मल्हार राग गाने लगी । उस समय आकाश मेघों से आच्छादित हो गया और शीतल पवन बहने लगी । प्रचुर वर्षा इस प्रकार हुई, जिससे

जलं ववर्ष तन्मेघस्तानसेनः शीतलोऽभूत् ।
प्रणम्य भुवि कायेन तानसेनस्तामुवाच ॥१४॥
का त्वं देवि कुतश्चेदं प्राप्तं मन्त्रबलं त्वया ।
सर्वाश्चर्यप्रदं ह्येतन् मेघानामुदयो यतः ॥१५॥
ततस्तं गुर्जरी प्राह नेदं मन्त्रबलं मम ।
दामोदरप्रभावेन सर्वमेतद्बलं मम ॥१६॥
तस्य पादोदकं नित्यं गृह्णत्यत्र वसाम्यहम् ।
गवां सेवां प्रकुर्वाणा नान्यज्जानामि किंचन ॥१७॥
तच्छ्रुत्वा तानसेनश्च परं विस्मयमावह ।
दामोदरप्रभावं च प्रशंशन् गृहमाययौ ॥१८॥
भृगुवंशसमुद्भूतः क्षत्रियो योऽभवत्पुरा ।
उदारबुद्धिर्धर्मात्मा सह ओजो बलान्वितः ॥१९॥
भार्गवस्य प्रसादेन चक्रवर्त्ती बभूवह ।
तस्य वंशे भवद्धीमान् राजपुत्रश्चतुर्भुजः ॥२०॥
नाम्ना सोऽपि महाबुद्धिः सर्वधर्मभृतांवरः ।
यशस्वी भुवि विख्यातो महाशीलो महाबलः ॥२१॥

तानसेन स्नान कर शीतल हो गये । आप शरीर से पृथ्वी प्रणाम कर उसको कहने लगे-तुम कौन हो कहाँ से यहाँ आई हो । बड़ी आश्चर्य्य की बात है, कि असमय मेघों की वर्षा हुई । गूजरी ने कहा-यह मेरा बल-प्रभाव नहीं है । गुरु दामोदरजी के प्रभाव से यह मेरा प्रभाव है । मैं वहाँ रह कर नित्य उनके चरणोदक का पान करती हुई गौओं की सेवा करती हूँ । मैं इस स्थानको छोड़कर अन्यत्र नहीं जाती हूँ । उसका इस प्रकार वचन सुनकर तानसेनजी परम विस्मय को प्राप्त हुए तथा श्री-दामोदरजी के प्रभाव की प्रशंसा करते हुए अपने घर गये ॥१४-१८॥

भृगुवंश में उदारबुद्धि, धर्म्मात्मा, वीर्य्यवान्, बलशील एक क्षत्रिय रहा । वह भार्गवजी के प्रसाद से चक्रवर्त्ती हुआ था । उसके वंश में

अकस्मादागतस्तत्र यत्र दामोदरः स्थितः ।
गोस्वामी व्रजविख्यातो नारायणसमो मुनिः ॥२२॥
तं दृष्ट्वा मुनिमासीनं ग्रहैश्चेन्दुमिवोदितम् ।
शिष्यैः समावृतं साक्षात् पितृसिंहासने स्थितम् ॥२३॥
तं प्रणम्य महाबुद्धिस्तुतिं चक्रे चतुर्भुजः ।
नारायणतनुस्त्वं हि नारायण इवापरः ॥२४॥
गूढं ब्रवीषि धर्मं भोः शिष्येभ्यो गुरूरूपधृक् ।
महिमानं महाप्राज्ञ को वा वक्तुं क्षमो भवेत् ॥२५॥
सुदेवीं त्वां तु जानीमो महतां वाक्यतः प्रभो ।
आचार्यात्मजरूपं हि कृत्वा चात्र स्थितो व्रजे ॥२६॥
व्रजभूमिरहस्यं च प्रकाशयसि नित्यशः ।
अहमप्यागतो ब्रह्मन् पादमूलमुपासितुम् ॥२७॥
शिष्यं मां कुरु ब्रह्मर्षे रहस्यं मे प्रकाशय ।
कृष्णलीलादर्शनं मे यथा भूयान्निरन्तरम् ॥२८॥

बुद्धिमान् चतुर्भुज नामक राजपुत्र हुआ। वह महान्बुद्धि वाला, धार्म्मिक-श्रेष्ठ, यशस्वी, जगविख्यात, महान्शील, महाबली था। महान्-बुद्धि वाला वह अकस्मात् व्रजविख्यात नारायणभट्टजी के समान, गोस्वामी दामोदरजी के पास आया तथा ग्रहों के साथ चन्द्रमा उदय की भाँति शिष्यों के साथ पितृसिंहासन में विराजमान उनको देखकर स्तुति करने लगा कि-आप साक्षात् नारायणभट्ट के शरीर हैं मानो दूसरे नारायण प्रभुजी हैं। आप गुरु रूप धारण कर शिष्यों के लिये गूढ़ धर्म्म को सिखाय रहे हैं। आपकी महिमा को कौन वर्णन करने में समर्थ हो सकता है। महत् पुरुषों के वचनों से "आप सुदेवीजी का अवतार हैं" ऐसा हम जान रहे हैं। हे प्रभो! आप आचार्य्यजी के पुत्र रूप से व्रज में विराजमान हैं। आप नित्य व्रजभूमी का रहस्य प्रकाश कर रहे हैं। हे ब्रह्मन् मैं आपके चरणों की उपासना करने के लिये आया हूँ। हे

गोस्वामी च तदा प्राह शृणु वाक्यं चतुर्भुज !।
क्षत्रियाश्च समायाताः नैव शिष्याः मया कृताः ॥२९॥
अतिकोमलमार्गो मे क्षत्रियो दाहिणो भवेत् ।
किंतु त्वं न भवेस्तादृक् यथान्यः क्षत्रियः क्षितौ ॥३०॥
कुलं ते सर्वतः ख्यातं भृगुवंशसमुद्भवम् ।
भृगुवंशे समुद्भूतो ह्यहं चापि क्षितीश्वर ॥३१॥
अस्माकं तु सदैवासीद्गुरुत्वं ते कुलस्य च ।
शिष्यो भव महाबुद्धे दीक्षां तुभ्यं ददाम्यहम् ॥३२॥
इत्युक्त्वा तं मुनिः शिष्यं चक्रे भूपं चतुर्भुजम् ।
शिक्षां बहुविधां तस्मै ददौ भक्तिं च केशवे ॥३४॥
श्रीकृष्णः सर्वदा सेव्यो राधा-गोपीसमन्वितः ।
ब्रजे भक्तिः सदा कार्या वाङ्मनःकायसंभवा ॥३५॥
तत्त्वत्रयविचारे तु सदा राजन् स्थिरो भव ।
(जीवतत्त्वं जगत्तत्त्वं तत्त्वमीश्वरसंज्ञकम् ।

ब्रह्मर्षे ! मुझे शिष्य कर रहस्यों को बताइये । जिससे मेरा निरन्तर कृष्ण-लीला का दर्शन हो । श्रीदामोदरगोस्वामीजी कहने लगे हे चतुर्भुज ! मेरा वाक्य सुनो । अनेक क्षत्रिय शिष्य होने के लिये यहाँ आये हैं परन्तु मैंने किसी को शिष्य नहीं किया । मेरा यह मार्ग अत्यन्त कोमल अर्थात् सूक्ष्म है । परन्तु तुम अन्य-क्षत्रिय की तरह नहीं हो । हे राजन् तुम्हारा कुल सर्व्वत्र भृगुवंश उत्पन्न करके प्रसिद्ध है । मैं भी भृगुवंश में उत्पन्न हूँ । तुम्हारे कुल के हम सब सदा सर्वदा गुरु बनते हुए आ रहे हैं । तुम शिष्य हो सकते हो । हे महान्बुद्धि ! मैं तुमको दीक्षा देऊँगा । ऐसा कह कर मुनि ने उस राजा चतुर्भुज को शिष्य किया तथा केशव में नाना प्रकार की भक्ति की शिक्षा दी । श्रीराधिका-गोपियों से सम्बलित श्रीकृष्ण सर्व्वदा ही सेव्य हैं । वाणी, मन, शरीर से ब्रज में सर्व्वदा भक्ति करनी चाहिये । हे राजन् तीनों तत्व का विचार

तत्त्वत्रयमिति प्रोक्तं मुनिभिस्तत्त्वदर्शिभिः)
स्थूलः सूक्ष्मस्तथा देहो कारणं च ततः परम् ॥३६॥
बन्धनानि त्रयं चैतच्चैतन्यस्य ह्यनादितः ।
स्थूलस्यांतस्तु कालेन जायते नृपसत्तम ॥३७॥
सूक्ष्मदेहस्तु कालेन कारणं च न नश्यति ।
कृष्णभक्ति-प्रभावेन तयोर्नाशो न चान्यथा ॥३८॥
गतोऽपि स्थूलदेहोऽसौ जायते पुनरेव हि ।
छिन्नवृक्षस्य मूलाच्च प्ररोहः संभवेत्यथा ॥३९॥
एवं जीवस्य देहेऽपि नष्टे स्थूले नृपोत्तम ! ।
अनष्टसूक्ष्मदेहत्वात् पुनः स्थूलोऽपि जायते ॥४०॥
मुक्तिं वदन्ति सूक्ष्मस्य नाशे केचिद्विवेकिनः ।
सापि नैव समीचीना मुक्तिर्जीवस्य पार्थिव ॥४१॥
कारणे विद्यमाने तु पुनः सूक्ष्मस्य संभवः ।
किंतूपाधित्रये नष्टे मुख्या मुक्तिस्तदा नृप ॥४२॥

कर स्थिर हो। तत्त्वदर्शी मुनीश्वरों ने तीन तत्व को माना है-जीवतत्व, जगत्तत्व, तथा ईश्वरतत्व हैं। देह स्थूल, सूक्ष्म तथा कारण रूप से त्रिविध है। अनादिकाल से ये तीनों ही जीव चैतन्य को बान्धते हैं। हे राजश्रेष्ठ ! समय पाकर स्थूलदेह का नाश होता है तथा सूक्ष्मदेह का भी अन्त होता है। परन्तु कारण शरीर का नाश नहीं है। श्रीकृष्णभक्ति प्रभाव से वह भी नाश हो जाता है। उसके नाश होने का अन्य कोई उपाय नहीं है। स्थूल शरीर का नाश हो जाने पर भी छिन्नवृक्ष-मूल से अङ्कुर उत्पन्न की भाँति पुनः देहान्तर का उत्पन्न सम्भव है। स्थूल शरीर का नाश होने पर भी सूक्ष्मदेह रहने के कारण पुनः स्थूलशरीर का उत्पन्न होता है। कोई-कोई विवेकी सूक्ष्मशरीर का नाश होने पर मुक्ति होती है ऐसा कहते हैं। परन्तु वह सिद्धान्त समीचीन नहीं है। हे राजन् ! कारण-शरीर जब तक विद्यमान है तब तक सूक्ष्मशरीर उ-

सूक्ष्मोपाधेश्च नाशे तु हेतुं जानीहि पार्थिव ।
आत्मानात्मविवेकं हि कृत्वा देहद्वयात् पृथक् ॥४३॥
अनुसन्धत्त आत्मानं मुक्तिं तु प्राप्नुयाज्जनः ।
किंतु तत्रापि सन्देहः कारणस्य भयान्नृप ॥४४॥
अतः कारणनाशे हि विवेकी यतते सदा ।
तत्रोपायसहस्राणामेक एव सुनिश्चितः ॥४५॥
कृष्णभक्तिर्नृपश्रेष्ठ यां मुक्तोपि हि वांछति ।
तत्रापि कारणं वक्ष्ये शृणु राजन् महामते ॥
श्रीकृष्णस्य कथा नित्यं सेवनीया मनीषिभिः ।
तत्रापि कारणं राजन् महत्सङ्गः क्षणे क्षणे ॥४६॥
यत्रोपगीयते नित्यं देवदेवो जनार्दनः ।
समीचीनो ह्ययं लोके पन्था पुंसो कुतो भयः ॥४७॥
कर्णौ नित्यं कथाश्रावः मुखे श्रीकृष्णकीर्त्तनम् ।
एतत्सर्वं गुरौ भक्त्या पुमान् प्राप्नोति नान्यथा ॥४८॥
पापानां तु फलं राजन् नरकं भृशदारूणम् ।
पुण्यानां च फलं प्रोक्तं स्वर्गलोको मनीषिभिः ॥४९॥

त्पन्न हो सकता है । तीन प्रकार की उपाधी का नाश होने पर ही मुख्या मुक्ति होती है । सूक्ष्म उपाधि के नाश का हेतु आत्मानात्म विवेक माना जाता है । स्थूल-सूक्ष्म दोनों प्रकार देह से पृथ्क रूप आत्मा का अनुसन्धान के द्वारा मुक्ति होती है परन्तु उसमें कारण उपाधि विद्यमान रहने के कारण सन्देह रहता है । अतः विवेकीजन कारण शरीर नाश के लिये ही यत्नवान हों । उसके लिये हजारों उपाय कहे गये हैं परन्तु एक ही उपाय का निश्चय किया गया है । वह श्रीकृष्णभक्ति है, जिसको मुक्त पुरुष भी चाहना करता है । तो भी कृष्ण-भक्ति होने का कारण कहता हूँ,हे महान् बुद्धि वाले राजन् सुनो । नित्य श्रीकृष्ण कथा की सेवा करें । क्षण-क्षण में महत्संग करने पर कृष्ण-कथा की सेवा होती

तपसश्च फलं सम्यक् तपो-लोकादि पार्थिव ।
सन्यासस्य फलं ज्ञेयं सत्यलोकं तथैव च ॥५०॥
आत्मज्ञानस्य मुक्तिस्तु पंचधा परिकीर्त्तिता ।
हरिभक्तिफलं राजन् वैकुण्ठं समुदाहृतम् ॥५१॥
(आत्मज्ञानस्येत्यत्र-अन्तर्यामिसहितस्यात्मनो ज्ञानं बोद्धव्यम् न केवलस्य)

तथोक्तं तृतीयस्कन्धे—

सालोक्य-सार्ष्टि-सामीप्य सारूप्यैकत्वमप्युत ।
दीयमानं न गृह्णन्ति विना मत्सेवनं जनाः ॥इति॥

षष्ठे च—नारायणपरा राजन् नहि वांछन्ति किंचन ।
स्वर्गापवर्गनरकेष्वपि तुल्यार्थदर्शिनः ।
(अपवर्गो मोक्षः ।)
तत्रापि शुद्धभक्तिर्हि यस्य जीवस्य केशवे ।
न स वांछति वैकुण्ठं न मुक्तिं नैव चाशिषः ॥५२॥

(दामोदराष्टके सत्यव्रतवाक्यम्-हरे त्वन्न मोक्षं न मोक्षावधिं वा वाञ्छे मोक्षावधि वैकुण्ठः ॥)

है । महत्संग में देवदेव जनार्दन नित्य गीत होते हैं । इस लोक में यह महत्संग समीचीन मार्ग है जिसमें कोई भय का कारण नहीं है, कर्ण में नित्य श्रीकृष्ण-कथा का श्रवण,मुख में कृष्णकीर्त्तन इन सबका गुरु भक्ति से मनुष्य प्राप्त होता है । इनसे अतिरिक्त अन्य कोई उपाय नहीं है । "पापों का फल भयानक नरक, पुण्यों का फल स्वर्गलोक" ऐसा पण्डितों ने कहा है । हे राजन् ! इस प्रकार तपस्या का फल तपलोकादि, सन्यास का फल सत्यलोक, तथा पाँच प्रकार की मुक्ति आत्मज्ञान के फल हैं । हरिभक्ति का फल वैकुण्ठ कहा गया है । आत्मज्ञान का तात्पर्य्य यहाँ पर अन्तर्य्यामि के साथ आत्मा का ज्ञान जानना चाहिये । केवल आत्मा का ज्ञान नहीं है । तृतीय स्कन्ध में कहा है—मेरे सेवक-

तद्भक्तेस्तु फलं राजन् कृष्णप्रीतिः सदैव हि ।
दुर्लभा सर्वलोकानां श्रीकृष्णस्य कृपां विना ॥५३॥
पुष्टिमार्गस्य सा भक्तिः यां वांछन्ति मनीषिणः ।
तत्रापि रसमार्गस्य भक्तिरत्यन्तदुर्लभा ॥५४॥
सेवया लभ्यते सा च रसज्ञस्य गुरोः सदा ।
तद्गुरोश्च कृपा चेत्स्यात् श्रीराधापादपंकजे ॥५५॥
तदा भक्तिर्भवेत्शुद्धा रसमार्गप्रवर्तिनी ।
अतो राजंस्त्वया कार्या श्रीराधाकृष्णयोः सदा ॥५६॥
न केवलस्य कृष्णस्य न वियोगस्तयोर्यतः ।
राधाकृष्णौ सदा ध्येयौ गोपीभावेन पार्थिव ॥५७॥
वृन्दावननिकुंजेषु गोपिकापरिवेष्टितौ ।
बलदेवस्त्वया राजन् सदा सेव्यः प्रयत्नतः ॥५८॥
रेवतीसंयुतः साक्षात् श्रीकृष्णस्याग्रजः प्रभुः ।
वले भक्तिं विना राजन् कृष्णस्तुष्येन्न कर्हिचित् ॥५९॥
अतः सदैव कर्त्तव्या बलभद्रे रतिर्नृप ।
प्रसन्ने श्रीवले भक्तो मुक्तिं भुक्तिं च विन्दते ॥६०॥

जन केवल मेरी सेवा को छोड़कर अन्य कुछ नहीं ग्रहण करते हैं। वे प्राप्त सालोक्य-सार्ष्टि-सामीप्य-सारूप्य का त्याग करते हैं। षष्ठ स्कन्ध में भी कहा—हे राजन्! नारायणपरायण सेवा को छोड़कर अन्य कुछ नहीं चाहते हैं। स्वर्ग-अपवर्ग (मोक्ष) नरकादि में उनका समान भाव रहता है तो भी श्रीकेशव में जिसकी शुद्ध भक्ति है वह वैकुण्ठ की भी इच्छा नहीं रखता है, मुक्ति भी नहीं चाहता है। दामोदराष्टक में सत्यव्रत का वचन ऐसा है। पद्मपुराण देखिये। हे देव! मोक्ष, तथा मोक्षावधि आदि वर नहीं चाहता हूँ। यहाँ पर मोक्षावधि का तात्पर्य्य वैकुण्ठ है। हे राजन्! उस भक्ति का फल श्रीकृष्ण प्रीति है। वह समस्त लोकों में दुर्लभ है। केवल श्रीकृष्ण की कृपा से वह मिलती है। वह पुष्टिमार्ग

गोलोके वसतिस्तस्य सेवते यो बलं सदा ।
कदाचित् कुप्यते कृष्णो भक्तेभ्यः कार्यगौरवात् ॥६१॥
बलभद्रो न कुप्येत भक्तेभ्यो भक्तवत्सलः ।
एक रूप हि जानीहि बलं कृष्णं सदा नृप ॥
इति ते वर्णितं राजन् संक्षेपेन मतं मम ॥६२॥
एतत्समाचरञ्जीवः कृष्णं प्राप्नोति निश्चितम् ।
सर्वभूतेषु राजेन्द्र दयां कुरु महामते ॥६३॥

की भक्ति है । जिसको पण्डितगण चाहते हैं । उसमें फिर रसरूपाभक्ति अत्यन्त दुर्ल्लभा है । रसज्ञ गुरु की नित्य-सेवा से ही वह मिलती है । उस प्रकार रसज्ञ गुरु की यदि कृपा होती है तब श्रीराधिका के पादपंकज में रसमार्गप्रवर्त्तिनी शुद्धा-भक्ति होती है । हे राजन् अतः श्रीराधाकृष्ण की सेवा तुमको करनी चाहिये । केवल श्रीकृष्ण की सेवा निषेध है, क्योंकि दोनों का वियोग नहीं है । नित्य गोपीभाव से राधाकृष्ण का ध्यान करना चाहिये । वे दोनों वृन्दावन के निकुंजों में गोपियों से परिवेष्टित हैं । हे राजन् इस प्रकार रेवतीजी के साथ श्रीकृष्णाग्रज, प्रभु, बलदेवजी की सेवा नित्य तुम करो । बलदेवजी की भक्ति के विना श्रीकृष्ण कभी किसी प्रकार प्रसन्न नहीं होते हैं । अतः सर्व्वदा बलभद्र में रति कर्त्तव्य है । बलभद्र प्रसन्न होने पर मनुष्य मुक्ति भुक्ति का लाभ करते हैं जो नित्य श्रीबलदेवजी की सेवा करता है उसका नित्य गोलोक में अवस्थान होता है । श्रीकृष्ण कभी कार्य्य गौरवता के कारण भक्तों में कोप करते हैं परन्तु भक्तवत्सलबलभद्र कभी कोप नहीं करते हैं । हे राजन् ! श्रीकृष्ण-श्रीबलदेव दोनों को एक रूप जानना । यह मेरा मत है जिसको मैंने संक्षेप में तुमको कहा है । इस मत का आचरण से जीव निश्चय श्रीकृष्ण को प्राप्त करता है । हे महामती वाला राजन् ! सर्व्वभूतों में दया करो । ईश्वर अन्तर्य्यामी रूप में सर्वत्र साक्षात् मौजूद रहते हैं । भक्त के लिये सर्व्वभूत में अवश्य दया रखनी चाहिये ।

अन्तर्यामीश्वरः साक्षात् सर्वत्रैव प्रवर्त्तते ।
दयनीयानि भक्तस्य सर्वभूतानि पार्थिव ॥६७॥
अतिकोमलचित्तस्य न कोऽपि द्वेष्य एवहि ।
अकर्त्तव्यं न कर्त्तव्यं प्राणैः कंठगतैरपि ।
कर्त्तव्यमेव कर्त्तव्यमिति सर्वत्र निर्णयः ॥६६॥
भक्तिरेव हि कर्त्तव्या कर्त्तव्येषु नृपोत्तम ।
अकर्त्तव्येषु ज्ञातव्यं यदाज्ञोल्लंघनं हरेः ।
एतत्ते सर्वमाख्यातं शास्त्रसारं मया नृप ॥६६॥

(कर्त्तव्याकर्त्तव्यविवेकेन षड्विधा शरणागतिर्ध्वनिता)

तथाहि साधनदीपिकायाम्–

आनुकूल्यस्य संकल्पः प्रातिकूल्यस्य वर्जनम् ।
रक्षिष्यतीति विस्वासो गोप्तृत्वे वरणं तथा ।
आत्मनिक्षेपकार्प्पण्ये षड्विधा शरणागतिः ॥
आत्मनिक्षेपः विक्रीतपशुवत् तदधीनता
कार्पण्यं तदत्तसत्ताकोऽहं न स्वतः समर्थः इति ॥

क्योंकि भक्त का हृदय अत्यन्त कोमल होता है । भक्त कभी किसी का द्वेषाचरण नहीं करें । जब तक प्राण कंठ में है तब तक इस नियम का पालन अवश्य करना चाहिये । समस्त कर्त्तव्यों में से भक्ति ही परम कर्त्तव्य है, भगवान् की आज्ञा का उल्लंघन महान् अकर्त्तव्य जानना चाहिये । यह समस्त शास्त्र का सार उपदेश मैंने तुम से कहा है । कर्त्तव्य अकर्त्तव्य का विवेक से छै प्रकार की शरणागति ध्वनित हो रही है । पितृचरण ने साधनदीपिका ग्रन्थ में कहा है-आनुकूल्य का संकल्प, प्रातिकूल्य का वर्जन, वे हरि अवश्य रक्षा करेंगे इस प्रकार विश्वास, रक्षकों में उन हरि का वरण करना, आत्म समर्पण, कार्प्पण्य ये छै प्रकार की शरणागती है । आत्मनिक्षेप का तात्पर्य्य विक्रीत पशु की भाँति उनकी अधीनता, कार्प्पण्य का अर्थ उनके द्वारा दिया हुआ सत्ता वि-

य एतदाचरेन्नित्यं स कृष्णं प्राप्नुयाद्ध्रुवम् ।
एवं दामोदरः श्रीमान् राज्ञे शिक्षां चकारह ॥६७॥
चतुर्भुजोऽपि राजेन्द्रो गुरोः सेवां चकारह ।
मनसा कर्मणा वाचा शरीरेण त्वहर्निशम् ॥६८॥
इहापि बहूनां राज्ञामधिराजो बभूवह ।
गुरोः प्रसादाद्देहान्ते परं मोक्षं जगाम सः ॥६९॥
तद्वंशे पुरुषाः ख्याताश्चैहानास्ते क्षितीश्वराः ।
गुरुभक्तिरताः सर्वे यशोधर्म-परायणाः ॥७०॥
कृष्णभक्तिरताः शूराः संग्रामेष्वपराङ्मुखाः ।
दानधर्मरताः सर्वे प्रख्याताः पृथिवीतले ॥७१॥
अन्येऽपि बहवः शिष्याः ह्यभवन् धर्मतत्पराः ।
कृष्णभक्तिरताः सर्वे दामोदरगोस्वामिनः ॥७२॥
दामोदरचरित्राणि संत्यनन्तानि मानुषैः ।
न शक्यन्ते प्रवक्तुं हि साकल्येन प्रयत्नतः ॥७३॥

शिष्ट मैं हूँ, मेरी स्वयं कोई सत्ता अर्थात् सामर्थ्य नहीं है। जो इन सबका आचरण करता है वह निश्चय श्रीकृष्ण को प्राप्त करता है। इस प्रकार श्रीमान् दामोदरजी राजा के लिये शिक्षा करने लगे। वह चतुर्भुज राजा भी मन-कर्म्म-वाणी-शरीर के द्वारा अहर्निश गुरु की सेवा करने लगा तथा बहु राजाओं का अधीश्वर हुआ। श्रीगुरु के प्रसाद से देहान्त के पश्चात परममोक्ष का प्राप्त किया। उसके वंश में जितने राजा हुए वे सब गुरुभक्तिपरायण, यशोवान् धार्म्मिक, कृष्णभक्तिरत, शूरवीर, संग्राम में अपराङ्मुखी, दानी करके पृथिवी में प्रसिद्ध हुए। श्रीदामोदरजी के और अनेक धर्म्मपरायण, कृष्णभक्तिरत शिष्य हुए। दामोदरजी के चरित्र अनन्त हैं। उनको कोई साकल्यरूप से वर्णन नहीं कर सकता है ॥१६-७३॥

जिस प्रकार मनुष्य कृष्णचरित्र सुधा का पान कर तृप्ति को नहीं

कृष्णचरित्रपीयूषं पिबन् तृप्तिं न याति हि ।
तथा भक्तस्य चरितामृतं विन्दुं हि मानवः ॥७४॥
य एतच्छृणुयाज्जीवो हरिभक्तस्य कीर्त्तनम् ।
कृष्णभक्तिर्भवेत्तस्य श्रीकृष्णस्य प्रसादतः ॥७५॥
व्रजे वाञ्छति यो भक्तिं स आचार्यं हि सेवयेत् ।
नैवाचार्यप्रसादेन नैव भक्तिं व्रजे भवेत् ॥७६॥
न कृष्णं प्राप्नुयाज्जीवो विनाचार्यस्य सेवनात् ।
विनाचार्यचरित्राणि साधनं नैव भूतले ॥७७॥
अतः सदैव श्रोतव्यमाचार्यचरितामृतम् ।
यस्मिन्नास्वाद्यमाने तु नान्यत्र स्याद्रुचिः क्वचित् ॥७८॥
श्रीकृष्णचन्द्रस्य पदारविन्दयोराविष्टचित्तं प्रणमामि नारदम् ।
सदेवतीर्थं व्रजमण्डलं च यो द्विजेन्द्ररूपेण समुद्दधार ॥७९॥
श्रीभट्टनारायणनारदस्य तद्वंशजश्रीरघुनाथसूनुः ।
यथामतिः प्राह मुदा चरित्रमाचार्यवर्यस्य यशो विजृम्भितम् ॥८०॥

प्राप्त करता है, ठीक उसी प्रकार भक्तचरित्र सुधा सागर के प्राप्त होकर अतृप्त हो "एक बूँद मैंने पाया" ऐसा अनुभव करता है । जो इस हरिभक्त का कीर्त्तन-श्रवण करेगा उस जीव को कृष्णकृपा से अवश्य कृष्णभक्ति होगी । जो भक्ति की इच्छा करता है वह व्रज में रसज्ञ आचार्य्य की सेवा करें । बिना आचार्य्य प्रसाद से व्रज में भक्ति नहीं होती है । बिना आचार्य्य सेवा से जीव श्रीकृष्ण की प्राप्ति नहीं कर सकता है । इस भूतल में आचार्य्य चरित्रों को छोड़ कर अन्य कोई साधन नहीं है अतः सर्व्वदा आचार्य्यचरित्र का श्रवण कर्त्तव्य है । उस आचार्य्यचरित्र सुधा का आस्वादन करने पर अन्यत्र रुचि नहीं होती है । जिन्होंने श्रेष्ठ विप्र रूप से देवता-तीर्थों के साथ व्रजमण्डल का उद्धार किया है उन श्रीकृष्णचन्द्र के पदारविन्दों में आविष्ट चित्त वाले मुनिराज नारदजी को प्रणाम करता हूँ ॥७४ ७९॥

बहु ग्रन्थावलोकेन ज्ञातं हि चरितं मया ।
आचार्यो नारदः साक्षात् भट्टनारायणः प्रभुः ॥८१॥
तस्मिन्नैवास्ति सन्देहस्तेन यच्चरितं कृतम् ।
अयं कृष्णकला साक्षान्नारदो भगवान् हरिः ॥८२॥
यद्यत् करोति तत्सर्वं को वा वक्तुं क्षमो भवेत् ।
तस्यैव कृपया जीवस्तच्चरित्राणि गायति ॥८३॥
श्रुत्वा भक्तस्य चरितं प्रीतो भवतु केशवः ।
प्रार्थयामि सदा भक्तिं श्रीकृष्णान्नापरं क्वचित् ॥८४॥
हृदये यो ममास्थाय चरितं स्वं जगाद ह ।
तं मुनिं नारदं बन्दे भट्टनारायणाह्वयम् ॥८५॥

इति श्रीनारदावतारनारायणभट्टाचार्य्यकुलोद्भवगोस्वामीश्रीरघुनाथात्मज गोस्वामीजानकीप्रसादविरचिते श्रीनारायणभट्टाचार्य-चरितामृते भक्तिप्राधान्यकीर्त्तनं नाम षष्ठास्वादः ॥६॥

॥ इति श्रीनारायणाचार्यचरितामृतं समाप्तम् ॥

श्रीब्रजमण्डले उच्चग्रामे श्रीबलदेवमन्दिरे रचितमिदं बहुग्रन्थ-संदर्शनेन श्रीमदाचार्यकृपया गोस्वामीजानकीप्रसादकृतिरियम् समाप्ता ॥

मैंने बहु ग्रन्थ अवलोकन से इस चरित्र को लेखा तथा आचार्य्य श्रीनारायणभट्टजी साक्षात भगवान् नारद हैं ऐसा जान लिया । इस चरित्र का वर्णन में मेरा कोई भ्रम वा सन्देह नहीं है । श्रीकृष्णविभूति स्वरूप साक्षात् भगवान् श्रीहरि नारदजी जो जो लीला करते हैं उन सब का कौन मनुष्य वर्णन करने में समर्थ हो सकता है ! केवल उनकी कृपा से ही जीव उनके चरित्रों का गान कर सकता है । भक्त के चरित्र का श्रवण कर श्रीकेशव प्रसन्न हों । मैं नित्य श्रीहरि से भक्ति के बिना अन्य कुछ प्रार्थना नहीं करता हूँ । जिन्होंने मेरे हृदय में विराजमान होकर अपने चरित्र का गान किया है उन भट्टनारायण नामक मुनिवर नारद-जी की मैं बन्दना करता हूँ ॥८०-८५॥ (अनुवादक–कृष्णदास)

परिशेष—

इस बात को सब कोई जानता है कि श्रीरूप-सनातन-नारायणभट्टादिक गौड़ीय आचार्य्यों ने ब्रज में आकर उसका पुनरुद्धार किया तथा उसका रहस्य व वैभव सर्वत्र फैलाया। आज कल कुछ ऐसे व्यक्ति हो गये हैं कि वे सब इन बातों को जानते सुनते हुए भी सम्प्रदाय खींचटान व परश्री कातर के बश में आकर इन सब कार्य्यों को अन्य व्यक्ति में आरोपण करते हुए भ्रममय प्रचार कर रहे हैं। अतः वह सर्वांश में गलत समझा जायेगा। इस लिये ही हम यहाँ पर कुछ प्रमाण उठाते हैं जिसे कि पाठकगण देख लें।

(१) भक्तमाल में श्रीनाभाजी—

ब्रजभूमि रहसि राधा कृष्ण भक्त तोष उद्धार किय।
संसार स्वाद सुख बात ज्यों दुहु श्रीरूप-सनातन त्याग दिय॥

(२) टीकाकार प्रियादासजी—

वृन्दाबन ब्रजभूमि जानत न कोऊ प्राय,
दई दरसाई जैसी शुक मुख गाई है।
रीति हू उपासना की भागवत अनुसार,
लियो रससार सो रसिक सुख दाई है॥
आज्ञा प्रभु पाई पुनि गोपेश्वर लगे आई,
किये ग्रन्थ भाई भक्ति भाँति सब पाई है।
एक एक बात में समात मन बुद्धि जब,
पुलकित गात दृग झरीसी लगाई है॥(कवित्त)

(३) श्रीप्रतापसिंहजी महाराज जयपुर नरेश द्वारा विरचित भक्तिकल्पद्रुम नामक ग्रन्थ में—

"गुरु ने आज्ञा दी कि ब्रजभूमि में जाओ वहाँ के वन और स्थान

सब श्रीकृष्ण स्वामी के विहार के जो काल पाय के गुप्त हो रहे हैं तिनको प्रकट करो और ग्रन्थ चरित्र व लीलामाधुर्य्य व रस विलास को फैलाओ उसी आज्ञा के अनुसार दोनों भाई आयके व्रजभूमि में पहुँचे।

(४) रामरसिकावली में रींवा महाराज रघुराजसिंहजी ने कहा है।

(पृ० ८४०) लक्ष्मीवेंकटेश्वर में मुद्रित देखिये—

सन्त कृष्ण चैतन्यहि केरो। लहि उपदेश मानि मृदु ठेरो॥
रूप सनातन दोनों भाई। गृह तजि श्री वृन्दावन जाई॥
जीव गोसाईं साधु महाना। तिन सों तहँ किय संग सुजाना॥
गोप्य तीर्थ वृन्दावन के पुनि। प्रकट किये भाषे जिनि शुकमुनि॥

(५) अयोध्या निवासी महात्मा रूपकलाजी कृत वार्त्तिकतिलक का ५११ पृष्ठ में—

"श्रीव्रजभूमि वृन्दावन को उस समय प्रायः कोई नहीं जानता था श्रीरूपजी श्रीसनातनजी दोनों भाईयों ने ही श्री चैतन्य महाप्रभुजी के अनुशासन से वहाँ आकर वैसा ही दिखा दी कि जैसी श्रीशुकदेव स्वामि ने वर्णन किया है।"

(६) लाला राधारमणदास अग्रवाल ने "श्रीवृन्दावनमाहात्म्य" नामक ग्रन्थ की भूमिका में लिखा कि—

"श्रीवृन्दावन के तीर्थ, स्थान, क्षेत्र इत्यादि ४०० वर्ष पूर्व लुप्त हो गये थे [खाली जंगल था] जिनको श्रीकृष्णचैतन्यमहाप्रभु जी की आज्ञानुसार पण्डित लोकनाथगोस्वामी, जीव, रूप, सनातन और गोपालभट्ट आदि महात्माओं ने प्रकट किये थे।"

(७)किशनलाल मथुरा निवासी ने भक्तकल्पतरु में—"तब गुरु ने दया कर इनको व्रज में जाकर श्रीकृष्ण जी के गुप्त स्थानों को ढूंढ ढूंढ कर प्रकट करने का उपदेश दिया और कहा कि वहाँ जाकर भगवान श्री कृष्ण के चरित्रों का प्रकाश करो। २७८ पृ०।

(८) आनन्दवृन्दावनचम्पूकार श्रीकविकर्णपूर गोस्वामी जी ने स्वरचित

चैतन्यचन्द्रोदयनाटक नामक ग्रन्थ का नवमांक १०४ श्लोक में लिखा है--

कालेन वृन्दाबनकेलिवार्त्तां लुप्तेति तां ख्यापयितुं विशिष्य ।
कृपामृतेनाभिषिषेच देवस्तत्रैव रूपञ्च सनातनञ्च ॥

(९) चैतन्यचरितामृत के प्रथमपरिच्छेद में—

दोल यात्रा बइ प्रभु रूपे आज्ञा दिला ।
अनेक प्रसाद करि शक्ति सञ्चारिला ॥
वृन्दाबने या ओ तुमि रहि ओ वृन्दाबने ।
एक बार इहाँ पाठाई ओ सनातने ॥
ब्रजे जाइ रस शास्त्र कर निरूपण ।
तीर्थ सब लुप्त तार करि ओ प्रचारण ॥
कृष्ण सेवा रसभक्ति करि ओ प्रचार ।
आमि ओ देखिते ताहाँ जाव एकबार ॥

(१०) तत्रैव चतुर्थ परिच्छेद में--

दुइ भाइ मिलि वृन्दाबने वास कैल ।
प्रभुर जे आज्ञा दोहें सब निर्वाहिल ॥
नाना शास्त्र आनि लुप्त तीर्थ उद्धारिला ।
वृन्दाबने कृष्णसेवा प्रकाश करिला ॥

(११) पुलिनबिहारोदत्त द्वारा रचित वृन्दाबनकथा में—

"चैतन्यदेव १५२६ खीष्टाब्दे जखन वृन्दाबन देखिते जान, तखन एखाने एकटि ओ मन्दिर वा देवमूर्त्ति छिल ना । मथुरा अति प्राचीन नगरी हइले ओ आजिकाल वृन्दाबने तदपेक्षा अनेक देवमन्दिर हइयाछे, एइ रूप परिवर्त्तनेर मूल कारण बंगाली चैतन्यदेव ओ ताहाँर शिष्यमण्डली ।" (२८१ पृष्ठ)

(१२) भक्तिरत्नाकर की पञ्चम तरंग में--

मथुरा मण्डले राजा बज्रनाभ हैला ।

कृष्णलीला नामे बहु ग्राम बसाइला ॥
श्री विग्रह सेवा कैला कुण्डादि प्रकाश ।
नाना रूपे पूर्ण हैल ताँर अभिलाष ॥
कत दिन परे सब हैल गुप्त प्राय ।
तीर्थ प्रसंगादि केह ना करे कोथाय ॥
श्रीकृष्णचैतन्यचन्द्र ब्रजेन्द्र कुमार ।
मथुरा आइला हैला कौतुक अपार ॥
करिया भ्रमण किछु दिग् दर्शाइला ।
सनातन रूप द्वारे सब प्रकाशिला ॥
यद्यपि से सब स्थान वेद्य से दोंहार ।
तथापि करिला शास्त्र रीत अंगीकार ॥
नाना शास्त्र प्रमाण करिया संकलन ।
करिलेन ब्रजेते भ्रमण दुइ जन ॥
गुप्ततीर्थ उद्धार करिल यत्न करि ।
व्यक्त कैल राधा कृष्ण रसेर माधुरी ॥
प्रभु प्रिय रूप सनातनेर कृपाय ।
मथुरा महिमा एबे सर्वलोके गाय ॥

(१३) पुलिनबिहारीदत्त बिरचित माथुरकथा नामक पुस्तक का २७६ पृष्ठ में—"१५२१खीं सेकेन्दरलोदीर परलोक प्राप्ति हइले रुप ओ सनानत दुइ भाइ पुनराय मथुरार लुप्ततीर्थ ओ गुप्त बिग्रह गुलि उद्धार करिते यान । ईहारा उभयेइ सुदक्ष राजकर्मचारी, सुपण्डित कवि, दृढ़व्रत, ओ धर्मनिष्ठ भक्त छिलेन बलिया ईहादेर दुइजनेर उपरेई चैतन्यदेव वृन्दाबने राधाकृष्णपूजा प्रवर्त्तनेर भार दिया पाठाइया दियाछिलेन । ताँहारा याईया वराहपुराणेर अन्तर्गत मथुरामाहात्म्य देखिया, ब्रजमण्डले श्रीकृष्णेर कोथाय कि लीलास्थल आछे ताहा १४।१५ वत्सर यावत् अन्वेषण करिया छिलेन ।"

(१४) आगे-"मोगल पाठाने युद्ध वाधिल। ईहातेई निपीडित हिन्दु-दिगेर पुनराय देवमूर्त्ति स्थापनेर सुविधा हईल" (२४० पृ०)

(१५) आगे-२४१ पृ०में-"राजनीति विशारद सनातन ओ रूप एई सुवर्ण सुयोग परित्याग करेन नाई। हुमायूनेर राजत्वेर द्वितीय वत्सर हइते ताँहारा बृन्दावने देवमूर्त्तिगुलि स्थापित करिते आरम्भ करिया छिलेन॥"

(१६) "रसिकमोहनी" ग्रन्थ में भक्तमाल के टीकाकार प्रियादासजी ने कहा है-श्रीगुपाल राधारमण बिपिन बिहारी प्रान।
ऐसे श्रीजुत रूप जू दास सनातन दान॥२॥
प्रगट करी ब्रजभूमि मधि श्रीबृन्दावन धाम।
ताकी छवि कवि कहि सके सब जन मन अभिराम॥३॥

(१७) 'महाप्रभु श्रीकृष्णं कं लीलाक्षेत्र एहि बृन्दावन चैतन्य देवंक द्वारा प्रथमे आविष्कृत हेला। सा पूर्बरु लोके बृन्दाबनर अवस्थिति सठिक जाणि न थिले।" श्रीक्षेत्रमोहनमहान्ति कृत तीर्थसाथि-वृन्दावन १०६ पृष्ठा (उत्कलभाषा)

(१८) "और यही कारण था कि श्रीचैतन्य ने इन दोनों भाइयों से वृन्दावन में रहकर भक्ति ग्रन्थों की रचना और लुप्त वृन्दाबन का उद्धार करने के लिए कहा इन्होंने अपने प्रभु की आज्ञा के अनुसार" (भक्त चरितावली- पृष्ठ १८४ प्रथमभाग अनुवादक लल्लीप्रसादपाण्डेय, प्रकाशक इंडियन प्रेस, लिमिटेड, प्रयाग)

(१९) महाप्रभु के पार्षद-श्री मुरारीगुप्त कृत मुरारिगुप्तेरकडचा में—वह प्रभुके समसामयिक पार्षद थे। १४३५ शताब्दी में यह ग्रंथ बना था। श्रीसनातन गोस्वामी जी के मिलन में महाप्रभु का वचन—

साधु साध्विति हर्षेण शिक्षयामास तं पुनः॥१३।१४॥
वृन्दाबनाय गन्तव्यं भक्तिशास्त्रनिरूपणं।

लुप्ततीर्थप्रकाशं च तन्माहात्म्यमपिस्फुटम् ॥१३।१५॥
कर्त्तव्यं भवता येन भक्तिरेव स्थिरा भवेत् ।
यामाश्रित्य सुखेनैव श्रीकृष्णप्रेममाधुरीम् ॥१३।१६॥
पिबन्ति रसिकाः नित्यं सारासारविचक्षणाः ॥

(२०) प्रियादासजी की टीका के उपरान्त "भक्तमाल की सब से यह प्राचीन टीका है, जोकि संस्कृतभाषा में है। हमारे पास मौजूद लगभग २०० साल की प्राचीन हस्तलिखित पूंथी से—

संसारस्य सुखं रूपसनातनसुनामकौ ।
तत्यजुस्तृणवद्गौडदेशनाथौ महामती ॥
अथ वृन्दावने रम्ये सर्वत्र कुसुमाकरे ।
कौपीनं करकं चैव गृहीत्वा वीतरागिणौ ॥
निवासं चक्रतुः श्रीशध्यानतत्परमानसौ ।
ब्रजभूमौ रहस्यं श्रीराधामाधवयोर्गुणान् ॥२०॥
संगीय प्रेमसम्पूर्णौ परमानन्दमापतुः ।
सर्वे जानन्ति वैराग्यनिरतौ तौ बभूवतुः ॥२१॥
ब्रजभूमौ हरिर्यत्र यत्र क्रीडाश्चकार वै ।
यथा यथा शुकोद्गीतास्तथा वोचतुरुत्तमौ ॥२२॥
रामानुजीय श्रीमदापाजीपंतकारितबालगणकविः ।

(२१) "इन तीनों सम्प्रदायों में बंगीय वैष्णवों का सबसे अधिक प्रभुत्व वृन्दावन में है क्योंकि इस सम्प्रदाय के जन्मदाता चैतन्य महाप्रभु के शिष्य रूप और सनातन ने ही वृन्दावन को मध्यकाल में पुनरुज्जीवित किया था।" १७० पृष्ठ। (लेखक श्री० मदनमोहननागर एम. ए. क्यूरेटर प्राविंशल म्यूजियम, लखनऊ) ब्रजसाहित्यमंडल मथुरा के द्वारा प्रकाशित—"ब्रजलोकसंस्कृतिः" में ॥

(२२) श्रीगोवर्द्धनभट्ट गोस्वामीकृत रूपसनातनस्तोत्र में—
श्रीगोवर्द्धनभट्टजी, गदाधरभट्टगोस्वामी के वंश में हुए हैं। गदाधरभट्ट गोस्वामीजी की बाणी प्रसिद्ध है।

श्रीवृन्दाविपिनञ्च गोकुलभुवं गोपीगणं राधिकां
गोविन्दं सकलञ्च वैष्णवमतं नानागमेषु स्थितम् ।
मन्दो वेद यदीययैव दयया चैतन्यदेवानुगं
दीनोद्धारविशारदं नमत तं रूपाग्रजं सन्ततम् ॥६॥

(२३) इसकी भूमिका व निवेदन के पहिला पृष्ठ में-प्रकाशकः-"याँहारा ताँहादेर प्राणवल्लभेर चिरवांछित सुमनोहरसंग त्याग करिया श्रीवृन्दावन आश्रय द्वारा श्रीराधाकृष्णेर लुप्त लीलास्थलीसकलेर उद्धार साधन करिया छिलेन ।

(२४) "श्रीवृन्दावनदर्पण"नामक-ग्रन्थ के परिशेष में आचार्य्य शिरोमणि मधुसूदन गोस्वामी नेकहा-सावधान ! सावधान ! सावधान ! श्रीवृन्दावन की यात्रा हमारा परमधन है श्रीमहाप्रभु जी की आज्ञानुसार हमारे पूर्वाचार्य्यों ने गुप्ततीर्थ और लीलास्थल प्रकाश किये हैं ।

(२५) स्वर्गीय ग्राऊससाहेब महोदय ने स्वनिर्मित मथुरा के इतिहास में कहा-The best named community (Bangali or Gouriyas Vaishnawas) has had a more marked influence on Brindaban than any of the others, since it was Chaitanya, the founder of the sect, whose immediate disciples were its temple builders. (P. 183)

अब हम केवल नारायणभट्ट गोस्वामी जी के वारे में प्रमाण समूह को उठाते हैं । देखिये-

(२६) नाभा जी कृत प्रसिद्ध "भक्तमाल" में-(सं० १६४२)

गोप्य स्थल मथुरा मंडल, जिते बाराह बखाने ।
ते किये नारायण प्रगट, प्रसिद्ध पृथ्वी मैं जाने ॥

(२७) इस पर प्रियादास जी की टीका (सं० १७६६) देखिये—

भट्ट श्री नारायण जू भये ब्रज परायन,
जाँय जाहो ग्राम तहाँ ब्रत करि ध्याये हैं।
बोलि कै सुनाव, इहाँ अमुकौ स्वरूप है जू,
लीला कुंड धाम स्याम प्रगट दिखाये हैं॥

(२८) भक्तमाल की अन्य टीका 'भक्तकल्पद्रुम' पृष्ठ ५३ पर भी इनके विषय में निम्नलिखित उल्लेख मिलता है----'ये गोसाईं जी चेले कृष्णदास ब्रह्मचारी चेले सनातन जी पुजारी ठाकुर द्वारे मदनमोहन के सेवक हुए। मथुरामंडल के सब स्थान बाराहसंहिता में जैसे लिखे हैं दिखलाय दिये। उसी अनुसार नारायणभट्ट जी ने बन, उपबन व गृह व कुंज व विहारस्थान प्रकट किये, सो सबका वर्णन कौन से हो सकता है।'

(२९) सूरसागर के जीवन चरित्र व भूमिका के ४० पृष्ठ पर जो कि खेमराज कृष्णदास वैंकटेश्वर मुम्बई में छपा है—

"नारायणभट्ट गोसाईं गोकुलस्त ऊँचगाँव व बरसाने के समीप के निवासी संवत् १६२० इनके पद रागसागरोद्भव में है, ये महाराज बड़े भक्त थे वृन्दावन, मथुरा, गोकुल इत्यादि में जे तीर्थस्थान लुप्त हो गये थे उन सबको प्रकट करि रासलीला की जड़ इन्होंने प्रथम डाली है।"

(३०) श्रीराधावल्लभी अनुयायी महात्मा ध्रुवदास जी की भक्तनामावली में---

भट्ट नारायण अति सरस ब्रजमण्डल सों हेत।
ठौर ठौर रचना करी प्रकट कियो संकेत॥

(३१) श्री लाडिलीदास जी का मंगल में जो बरसाना पर श्रीजी के मन्दिर में उत्सवादिक समय नित्य गाया जाता है—तथा वह लाडिलीदासजी नारायणभट्ट के परिवार में संवत् १८२४ में से पहले हुए हैं—

जय जय जय श्रीनारायणभट्ट प्रगट जग में भये।
फूले नर और नारि मोद उपजत नये ॥४॥
आगे—मुनि नारद को अवतार देह यह नर धरी।
मथुरा मण्डल गुप्त रीत प्रगट करी ॥५॥

(३२) रास के आदि में समाजी वचन—जिसको हर मण्डली रास के प्रारम्भ में गाती है—

श्रीनारायण अति सुभट जिनको ब्रज सों हेत।
ठौर ठौर लीला रची निकट जानि संकेत॥

(नवरत्न भाष्य रासविलास पृ० २)

(३३) "रासलीलानुकरण और श्री नारायणभट्ट" नामक प्रबन्ध के ५ पृष्ठ पर---

"श्री रूप सनातन दोनों भैया प्रभु की आज्ञा से वृन्दाबन आकर लुप्त तीर्थों का उद्धार तथा खोज करने लगे और दोनों ने भक्तिशास्त्र, रसशास्त्र समूहों की रचना भी की॥ आगे--ब्रज का उद्धार श्रीरूप, श्री सनातन, श्री नारायणभट्ट से हुआ था इस विषय में हम प्रमाण समूहों को उपस्थित कराते हैं।

(३४) लगभग २०० वर्ष के प्राचीन हस्तलिखित पुस्तक से--

श्री नारायणभट्टाख्यो ब्रजभूमौ वसन्मुदा।
लतागुल्मादिषु सदा हरिध्यानपरायणः॥
मथुरायां हि गुह्यानि यानि क्षेत्राणि कृत्स्नशः।
महावराहप्रोक्तानि चकार प्रकटानि यः॥

श्रीमदापाजीपंतकारितबालगणकविः।

(३५) "श्रीनारायणभट्ट का नाम बड़े महत्व का नाम है। इन्होंने न केवल रास का आविष्कार किया, अपितु अनेक ग्रंथों की रचना कर ब्रज के वैभव को भारत में फैलाया, प्राचीन लीलास्थलों की खोज की तथा ब्रज चौरासी कोस यात्रा का आरम्भ किया।"

१४० पृष्ठ

(३६) "ब्रजभक्तिविलास" नामक पुस्तक में भट्ट जी ने ब्रज चौरासी कोस में स्थित बन, उपवन तथा अन्य दर्शनीय स्थानों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया है। चैतन्यमहाप्रभु के शिष्यों की तरह उन्होंने भी ब्रज के अनेक प्राचीन तीर्थों की खोज की। इन स्थानों पर अकबर के मन्त्री टोडरमल ने पक्के कुण्ड, तालाब तथा मन्दिर बनवाये" ॥ १४१-१४२ पृष्ठ।

(श्रीकृष्णदत्तबाजपेयी एम० ए० अध्यक्ष पुरातत्वसंग्रहालय मथुरा) ब्रजसाहित्यमंडल मथुरा के द्वारा प्रकाशित "ब्रजलोकसंस्कृतिः" में।

(३७) अलीगढ़ निवासी बाबू तोतारामबर्म्मा वकील हाईकोट के द्वारा रचित "ब्रजविनोद" नामक ग्रन्थ के १-२ पृष्ठ में—

"रूप और सनातन बंगाली गुसांई वृन्दाबन में रहते थे, उनके शिष्य नारायणभट्ट ने बनयात्रा और रासलीला की रीति निकाली थी, उन्होंने ब्रजमंडल भर में जितने सर और बन उपबन थे, सब के नाम धरे थे, पुराने स्थान तो केवल सात आठ थे। पीछे से देव स्थानों के आस-पास उन्हीं नामों के ग्राम बस गये।"

(३८) राधाकृष्णदासजी के द्वारा रचित भक्तनामावली के ३३-३४ पृष्ठ—

"श्रीनारायणभट्ट—डाक्टर ग्रिअर्सन के मतानुसार इनका जन्म सन् १३५३ ईसवी में हुआ था। इन्होंने पुराणों से पता लगाकर ब्रज के सब स्थानों को प्रकट किया और रासलीला का आरम्भ कराया। इन दिनों लोग जो 'ब्रजयात्रा' करते हैं, वह इन्हीं के प्रदर्शित पथ से और इन्हीं के आविष्कृत स्थान और देवता इस समय पूज्य हैं।"

(३९) ज्वालाप्रसादमिश्र ने हरिभक्तिप्रकाशिका के ९५ पृष्ठ पर कहा है—

"भगवान जहाँ-जहाँ जो चरित्र किये थे, बाराहसंहिता के अनुसार सभी दिये। उसी प्रकार गोसांईजी ने बन, उपवन, स्थान, कुञ्ज, बिहार आदि सब प्रकट करें" इत्यादि।

(४०) व्रजतीर्थोद्धार—भट्टजी के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य कृष्ण-लीला से सम्बन्धित व्रजमण्डल के पुण्य स्थलों का नाम निर्देश करना है। व्रज का प्राचीन महत्व चाहें जो रहा हो, किन्तु श्री-चैतन्यमहाप्रभु के पूर्व यहाँ के निवासी कृष्णलीला से सम्बन्धित स्थलों को भूल गये थे। बाराहपुराण में जिन स्थलों का उल्लेख है, उनकी स्थिति और उनके अस्तित्व की जानकारी भी लोगों में नहीं थी। इतिहासकारों ने लिखा है कि चैतन्यमहाप्रभु के शिष्यों ने व्रज के तीर्थों को प्रकट किया और प्रमुख देवालयों की स्थापना की, किन्तु इस कार्य्य का अधिकांश श्रेय नारायण-भट्ट को है। इसके अनेक प्रमाण मिलते हैं ॥ ४ पृष्ठ ॥

(४१) उन्होंने कृष्णलीला के भूले हुए स्थानों का उद्घाटन कर समस्त व्रजमण्डल में तत्सम्बन्धी अनेक उपवनों और तीर्थों का निर्देश किया और स्थान-स्थान पर देवालय कुण्ड, तालाब और कूप बनवाये ॥ २ पृष्ठ ॥

उन्होंने भक्तमण्डली को लीलानुकरण का सुख देने के लिये रास-पद्धति का आविष्कार किया, जिससे व्रज की गान, वाद्य और नृत्यकलाओंकी उन्नति के साथ यहाँ की नाट्य-कला का भी एक विशिष्ट रूप उपस्थित हुआ ॥ २ पृ० ॥

उन्होंने व्रज चौरासी कोस की यात्रा का आरम्भ किया, जो आज तक उसी प्रकार प्रचलित है और जो प्रतिवर्ष सहस्रों व्यक्तियों को अपनी ओर आकर्षित करती है ॥२पृष्ठ॥("नारायणभट्ट" नामक शीर्षक में प्रभुदयालमीतलजी)

(४२) अयोध्यानिवासी रूपकलाकृत प्रसिद्ध भक्तमाल की टीका रूप "वार्त्तिकतिलक" के ५६२ पृष्ठ पर—"श्रीनारायणभट्टजी व्रज की भूमि के उपासक हुए, नाम, रूप, लीला, धाम को एक ही करके (अभेद) मानते थे। आपने वाराहपुराणानुसार श्रीमथुरामण्डल के सब गोप्यस्थल प्रगट किये।"

(४३) "श्रीनारायणभट्टचरितामृत" नामक इस ग्रन्थ में स्थान-स्थान पर इन बातों का सविस्तार वर्णन है । व्रजोद्धार विषय में आस्वाद २।१४१-१४६॥पृष्ठ ३० पर देखिये ।

(४४) अ० २।१६४॥पृष्ठ ३३ देखिये

(४५) इत्यष्टचत्वारि समाश्रितानि वनानि पुण्यानि मनोर्थदानि ।
श्री भट्टनारायणनिर्मितानि व्रज कराख्याः व्रजमण्डलानि ॥
प्रथमोऽध्याय-उपसंहारः (व्र०भ० विलासे)

(४६) रासलीलानुकरण का आविष्कार के विषय में-आस्वाद ३।१२८-१३६ श्लोक पृष्ठ ४६-५० देखिये ।

(४७) व्रजयात्रा प्रारम्भ के विषय में आ० ३।१३७-१४७॥पृष्ठ ५०.५१ देखिये ।

(४८) ग्राऊस साहिब महोदय ने भी (A district-memoir MATHURA में कहा है--

Till the close of the 16th century except in the neighbourhood of the great thoroughfare there was only here and there a scattered hamlet in the midst of unclaimed woodland. The Vaishnava culture there first developed into its present form under the influence of Rupa and Sanatan, the celebrated Bengali Gosains of Brindaban, It was disciple Narain Bhatt, who first established the Banjatra and Raslila, and it was from him that every lake and grave in the circle of Braj received a distinctive name in addition to the same seven or eight spots, which alone are mentioned in the earlier purans.

(४९) श्रीचन्द्रप्रसादसिंह, युवराजदत्त कालेज वा प्रोफेसर पो० ओयल (खीरी) जि० लक्ष्मीपुर से १६-११-४६ ई० तारीख में प्रेषित एक पत्र में--

आप "रासलीलानुकरण आविष्कार" विषय का खोज में है। आप लिखते हैं कि मैंने एक पत्र लिखा था, उसका भी उत्तर नहीं मिला। मैं आपसे पूर्णरूप से सम्मत हूँ कि श्रीनारायणभट्ट जी रास-लीला के आचार्य्य हैं। सब प्राप्त प्रमाणों तथा साक्ष्यों का अध्ययन करके मैं निश्चित निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ और अपनी पुस्तक में मैंने यही लिख भी दिया हैं।"

(५०) ठौर ठौर रास के बिलास लै प्रगट किये, जिये यौं रसिकजन कोटि सुख पाये हैं। (भक्तमाल के टीकाकार प्रियादासजी)

(५१) श्रीनारायणभट्टजी रासलीलानुकरण के मूल आचार्य्य हैं इस विषय में "लघु) श्रीनारायणभट्टचरितामृत" में कहा है—यह भी एक प्रामाणिक अत्यन्त सुन्दर ग्रन्थ है। उक्त ग्रन्थ हमारे पास मौजूद है। आगे इसका प्रकाशन करने की इच्छा है।

पुनरेको द्विजः प्राप्तो भट्टनारायणाश्रमम्।
मन्त्रं गृहीत्वा तं प्रीह आज्ञां देहि मम प्रभो !॥
प्रसन्नो भगवानाह मदुक्तं कुरु पुत्रक !
राधाकृष्णविहाराणि त्वया कार्य्याणि निश्चितं॥
इत्युक्त्वा मुकुटं दत्वा करल्लपुरवासिनम्।
कृष्णलीलाविहाराणि कारयामास वै मुनिः॥
अद्यापि ब्रजभूमौ ते गुरोः स्वामिपदं गताः।
तद्वंश्यास्तत्र स्थाने तु कृष्णलीलाः रचन्ति वै॥

(५२) तत्रैव—तीर्थोद्धार वारे में कहा है:—

यानि स्थितानि भगवच्चरणादिचिन्हा-
न्यधिष्ठितानि सदनानि च मण्डलानि।
श्रीवज्रनाभकृतमूर्त्तिकदम्बकानि
कृत्स्नानि तानि स सुधी प्रकटीचकार॥

(क्रमशः)

सानुवाद संस्कृत भाषा में–

(१) अर्च्चाविधिः (संगृहीत) ।)
(२) प्रेमसम्पुटः (श्रीविश्वनाथचक्रवर्त्तीजीकृत) ।)
(३) भक्तिरसतरङ्गिणी (श्रीनारायणभट्टजीकृता) १)
(४) गोवर्द्धनशतक (श्रीविष्णुस्वामी संप्रदायाचार्य्य श्रीकेशवाचार्य्य कृत) ।)
(५) चैतन्यचन्द्रामृत और सङ्गीतमाधव (श्रीप्रबोधानन्द-सरस्वतीजी कृत) १।)
(६) नित्यक्रियापद्धति (संगृहीत) ॥=)
(७) ब्रजभक्तिविलास (श्रीनारायणभट्टजी कृत) २॥)
(८) निकुञ्जरहस्यस्तव श्रीमद्रूपगोस्वामि कृत)
(९) महाप्रभुग्रन्थावली (श्रीमन्महाप्रभुमुखपद्मविनिर्गता) ।–)
(१०) स्मरणमङ्गलस्तोत्रं (श्रीमद्रूपगोस्वामिजीकृत ॥=)
(११) नवरत्नं (श्रीहरिरामव्यासजी कृत) =)।
(१२) श्रीगोविन्दभाष्यं (श्रीपादबलदेवजी कृत) ४॥)
(१३) ग्रन्थरत्नपञ्चकम् १॥)

श्रीराधाकृष्णगणोद्देशदीपिका (श्री श्रीरूपगोस्वामिजी कृता)
श्रीगौरगणोद्देशदीपिका (श्रीकविकर्णपूरजी कृता)
श्रीब्रजविलासस्तवः (श्रीश्रीरघुनाथदासगोस्वामिजी कृत)
श्रीसंकल्पकल्पद्रुमः (श्रीविश्वनाथ चक्रवर्त्तीजी कृत)

(१४) श्रीमहामन्त्रव्याख्याष्टकम् (सञ्चित)
(१५) ग्रन्थरत्नषट्कम् (सञ्चित) ॥)
(१६) श्रीगोवर्द्धनभट्टग्रन्थावली
(१७) सहस्रनामत्रयम् अथवा ग्रन्थरत्ननवकम्
(१८) श्रीनारायणभट्टचरितामृतम् (श्रीजानकीप्रसाद गोस्वामिकृत) ॥)

गौड़ियग्रन्थगौरवः—

ब्रजभाषा में प्रकाशित प्राचीन पुस्तकें—

(१) गदाधरभट्टजी की वाणी ॥)

(२) सूरदासमदनमोहनजी की वाणी ॥)

(३) माधुरीवाणी (माधुरी जी कृता) ॥=)

(४ बल्लभरसिकजी की वाणी ।=)

(५) गीतगोविन्दपद (श्रीरामरायजी कृत) ।)

(६) गीतगोविन्द (रसजानिवैष्णवदासजी कृत) ।)

(७) हरिलीला (ब्रह्मगोपालजी कृता) =)

(८) श्रीचैतन्यचरितामृत (श्रीसुबलश्यामजी कृत) ५॥)

(९) वैष्णववन्दना (भक्तनामावली) (वृन्दावनदासजी कृता) =)

(१०) विलापकुसुमाञ्जलि (वृन्दावनदासजी कृता) ।)

(११) प्रेमभक्तिचन्द्रिका (वृन्दावनदासजीकृता) ।)

(१२) प्रियादासजी की ग्रन्थावली ।=)

(१३) गौराङ्गभूषणमञ्जावली (गौरगनदासजी कृता) ।)

(१४) राधारमणरससागर (मनोहरजी कृत) ।)

(१५) श्रीरामहरिग्रन्थावली (श्रीरामहरिजी कृता) ।—)

(१६) भाषाभागवत (दशम, एकादश, द्वादश) (श्रीरसजानि-वैष्णवदासजी कृत)

मुद्रक—रमनलाल बंसल, पुष्पराज प्रेस, मथुरा।

यन्त्रस्थ

—: पुस्तकें :—

श्रीश्रीचैतन्यभागवत—(श्रीवृन्दावनदासठाकुर विरचित)
(हिन्दी गद्यानुवाद के साथ वंगभाषापयार में)

श्रीहंसदूतम्— (श्रीश्रीरूपगोस्वामीपाद विरचितम्)

श्रीउद्धवसन्देशः — (,, विरचितः)

श्रीपदाङ्कदूतम्— (श्रीकृष्णदेवसार्व्वभौम विरचितम्)

श्रीराधाकृपाकटाक्षस्तोत्रम्—(तन्त्र)
(श्रीविश्वनाथचक्रवर्त्तीपाद-विरचितेन भागवतीय सारार्थदर्शिनी-टीकान्तर्गत "श्रीराधाकुण्डोत्पत्ति महिमा वर्णनस्तोत्रेण" सहितम्)

श्रीनरोत्तमठाकुर-महाशय की प्रार्थना—(व्रज भाषा में)

मुद्रक—रमनलाल बंसल, पुष्पराज प्रेस, मथुरा ।

पुस्तक मिलने का पता—

(१) गोस्वामी प्रियालालजी—गोपालजी, (

(२) लाला चेतरामजी (चतुर्भुजजी), कोस

(३) मोतीराम गुप्ता, भगवान्—भजन-आश्र

बल्लीगंज (वृन्दावन)